भोपाल
शनिवार, 25 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष–11
वर्ष : 13, अंक : 114
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## कुबेरेश्वरधाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ

## पहले दिन डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे, 29 से महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में शुक्रवार से छह दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव के पहले ही दिन देशभर से डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु कथा श्रवण एवं दर्शन के लिए पहुंचे। आयोजन के अंतर्गत 24 से 28 जुलाई तक शिव महापुराण कथा तथा ▶▶ शेष पेज 6 पर

- छह दिवसीय आयोजन में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

### देश भर से आए 5 हजार सेवादार करेंगे सेवा

श्रद्धालुओं की सेवा एवं व्यवस्थाओं के लिए देशभर से आए 5,000 से अधिक सेवादार भंडारे, भोजन प्रसादी वितरण, श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन और अन्य सेवाओं में पूरे समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। महोत्सव के पहले दिन श्रद्धालुओं के बीच 10 क्विंटल से अधिक नुक्ति (प्रसाद) का वितरण भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

वाहन में सवार सभी यात्री कुल्लू से पांगी जा रहे थे

# हिमाचल के लाहौल स्पीति में सूमो पर गिरी चट्टान, 13 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ पांगी

जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति के उदयपुर-किलाड़ (तांदी-संसारी राष्ट्रीय राजमार्ग) पर शुक्रवार दोपहर कडू नाला के समीप एक बड़ा हादसा हो गया। कुल्लू से पांगी की ओर आ रही एक टाटा सूमो टैक्सी (एचपी-01एम-2210) अचानक पहाड़ी से गिरी भारी भरकम चट्टानों की चपेट में आ गई। वाहन में ड्राइवर सहित 13 लोग सवार थे, जिनकी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि उदयपुर-किलाड़ मार्ग पिछले दिन बंद होने के कारण सभी यात्री तिंदी में रुके हुए थे। शुक्रवार को मार्ग खुलने के बाद वाहन पांगी के लिए रवाना हुआ, लेकिन कडू नाला के पास अचानक पहाड़ी से भारी मलबा और पत्थर गिरने से टैक्सी उसकी चपेट में आ गई। घटना के तुरंत बाद सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मचारियों ने राहत कार्य शुरू किया। खराब मौसम और लगातार गिर रहे मलबे के बीच बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

खराब मौसम और लगातार गिर रहे मलबे के बीच बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण बना हुआ



कार पूरी तरह से चपटी हुई

### एक घायल को निकाला गया बाकी की तलाश जारी

बचाव दल ने मलबे से एक व्यक्ति को घायल अवस्था में बाहर निकाला। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन ने फिलहाल घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही यात्रियों की संख्या और हताहतों के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाएगी।

### सीएम ने डीसी से फोन पर की बात

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लाहौल-स्पीति जिला के कडूनाला में एक सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वाहन में सवार सभी यात्री कुल्लू से पांगी जा रहे थे। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त लाहौल-स्पीति को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 676.24 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** आरबीआई के अनुसार, 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 676.237 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले सप्ताह भी इसमें 964 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है।



### जहरीला मक्का खाने से 5 मोरों की हुई मौत

**बैतूल।** शाहपुर वन परिक्षेत्र में 5 राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस व वन अमले ने मक्का में जहर मिलाकर खेत में फेंकने वाले आरोपी कमलेश आदिवासी को गिरफ्तार कर लिया है। फसल को पक्षियों से बचाने के लिए जहरीले मक्के के दाने बिखेरे थे। इन्हें खाने से मोरों की मौत हो गई।



### श्रद्धालुओं के वाहन को ट्रक ने रौंदा, 1 की मौत

**खंडवा।** जिले में इंदिरा सागर बांध के जगमूर्ति सेतु के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। वाराणसी से आए श्रद्धालु बांध के पास रुककर सेल्फी ले रहे थे, तभी राखड़ से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने उनके टवेरा वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



सीजेपी के दो प्रतिनिधियों और केंद्रीय मंत्रियों जेपी नड्डा व जितेंद्र सिंह के बीच मुलाकात

सरकार और सीजेपी के बीच विट्ठल पटेल हाउस में 2 घंटे तक बातचीत

# केस वापसी-एक करोड़ देने पर सहमति प्रधान के इस्तीफे पर आज दोपहर फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ बैठक की। बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच हुई इस बैठक में दोनों पक्षों के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। यह बैठक विट्ठल पटेल हाउस में हुई। सीजेपी की ओर से सौरव दास और आशुतोष रांका ने सरकार के साथ बातचीत के लिए सहमति जताई।

बताया जा रहा है कि सरकार ने उनकी दो सशर्त मांगें स्वीकार कर ली हैं। इनमें शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई ना करने और हालिया परीक्षा अनियमितताओं से प्रभावित छात्रों के परिवारों को 1 करोड़ मुआवजा देने का आश्वासन शामिल है। हालांकि, सीजेपी अपनी मुख्य मांग पर अब भी कायम है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि उसकी प्रमुख मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की है और इस पर उसका रुख नहीं बदला है। सरकार से बैठक के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

> अगर अगले 2-3 दिन में शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं हुआ तो सीजेपी फिर से 20 जुलाई जैसा मार्च कर सकती है

सरकार ने प्रधान मामले में विचार के लिए शनिवार दोपहर तक की मांगी मोहलत



ज्ञापन सौंपते हुए सीजेपी के नेता

- सरकार ने सीजेपी को पहले केंद्रीय मंत्री नड्डा के घर पर मुलाकात के लिए बुलाया था
- सीजेपी के इनकार के बाद एक न्यूट्रल जगह विट्ठल पटेल हाउस में शुक्रवार दोपहर हुई बात
- सीजेपी ने सरकार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 5 बदलाव भी सुझाए हैं

### सीजेपी से मुलाकात के पहले नड्डा शाह से मिले

कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं से बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि बैठक करीब दो घंटे तक चली। उन्होंने हमारे सामने तीन प्रमुख मांगें और परीक्षा प्रणाली में सुधार से जुड़े पांच सुझाव रखे। हमने उन्हें बताया है कि हम ▶▶ शेष पेज 6 पर

### एनटीए पर शिक्षा मंत्रालय का बड़ा एक्शन

## 47 अधिकारी बर्खास्त, कानूनी कार्रवाई की तैयारी

देश की परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) पर बड़ा एक्शन हुआ है। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार एनटीए ने अपने 47 अधिकारियों को सेवा से टर्मिनेट (बर्खास्त) कर दिया है। इसके साथ ही गंभीर अनियमितताओं में शामिल कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

राहुल ने घायल छात्र साहिल को मीडिया के सामने पेश किया

## तिरंगा लेकर 'शांतिपूर्ण' प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पैलेट गन चलाई



साहिल के कंधे व आंख में लगे गन के छर्रे

शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार और पुलिस प्रशासन पर बड़ा हमला बोला। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी के साथ 19 वर्षीय छात्र साहिल लोचाब भी मौजूद थे, जिनकी आंख ▶▶ शेष पेज 6 पर

पेपर लीक संशोधन बिल को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

# 10 साल की सजा और 10 करोड़ रुपए जुर्माना

- पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट 2024 को मंजूरी
- अगले सप्ताह में मानसून सत्र के दौरान इस संशोधित विधेयक को संसद में पेश करने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक के प्रदर्शन के बीच कैबिनेट बैठक ने पेपर लीक संशोधन बिल को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 को और सख्त बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसे मंजूरी दी गई। सरकार अगले सप्ताह में मानसून सत्र के दौरान इस संशोधित ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी ने फिर जारी किया इंस्टा वीडियो, युवाओं को कहा-थैंक्यू फ्रेंड्स



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक और वीडियो जारी कर देशवासियों, खासकर युवाओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि थैंक यू फ्रेंड्स! एक दिन पहले पोस्ट किए गए वीडियो पर जिस तरह आपने पॉजिटिव रिस्पॉन्स और सुझाव दिए, उसके लिए सभी का धन्यवाद। वीडियो पोस्ट होते ही महज 20 मिनट में इसे 10 लाख से अधिक व्यूज मिल गए। हाल ही में पीएम ने मंत्रियों को इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहकर युवाओं से जुड़ने की सलाह दी थी।

सीजेपी के प्रदर्शन में विदेशी फंडिंग पर एमईए का बयान

### एजेंसियों की घटनाक्रम पर पैनी नजर

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन में विदेशी फंडिंग और पाकिस्तान के सोशल मीडिया हैंडल्स द्वारा दुष्प्रचार फैलाने के आरोपों पर विदेश मंत्रालय की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रदर्शन में विदेशी ▶▶ शेष पेज 6 पर

ट्विशा शर्मा मौत मामला

### गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत पर फैसला आज

**भोपाल।** ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपी गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर लोकायुक्त विशेष न्यायाधीश रामप्रताप मिश्रा की अदालत में शुक्रवार को विस्तृत सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की लंबी बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, जिस पर शनिवार को निर्णय सुनाया जाएगा। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने दलील दी कि गिरिबाला का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और उनके ▶▶ शेष पेज 6 पर



- अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

पंजाब में मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी?

### केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने दिया इस्तीफा, मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा तुरंत स्वीकार कर लिया। बिट्टू केंद्र सरकार में रेल राज्य मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री थे। उनके इस्तीफे के बाद पंजाब की राजनीति से लेकर मोदी सरकार के संभावित कैबिनेट फेरबदल तक कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद ▶▶ शेष पेज 6 पर



- मोदी कैबिनेट में हो सकता है फेरबदल

प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम में बवाल

### जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह को भीड़ में पड़ा थप्पड़

**राजगढ़।** यहां सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, विधायक मोहन शर्मा और कलेक्टर की मौजूदगी में मंच पर ही भाजपा और कांग्रेस के नेता आपस में भिड़ गए। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया को प्रभारी मंत्री व कलेक्टर द्वारा मंच पर बुलाए जाने के ▶▶ शेष पेज 6 पर



- भिड़े भाजपा कांग्रेस नेता थाने में प्रदर्शन

**भोजशाला विवाद :** मुस्लिम बोले- हमारे पास हेलिकॉप्टर नहीं

## प्रशासन से मुस्लिम प्रतिनिधियों की चर्चा नमाज के 'स्थान' पर नहीं बन सकी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धार स्थित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर गरमा गया है। जुमे की नमाज के लिए जिला प्रशासन द्वारा तय किए गए वैकल्पिक स्थान को लेकर मुस्लिम पक्ष और प्रशासन आमने-सामने आ गए हैं। मुस्लिम समाज ने प्रशासन द्वारा सुझाई गई जगह पर कड़ी आपत्ति जताई है। गुरुवार देर रात प्रशासन ने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को बैठक के लिए बुलाया। काफी देर तक चली बैठक के बाद भी स्थान को लेकर कोई सहमति नहीं बन सकी। इधर सुप्रीम कोर्ट भी मामले को 29 जुलाई को सुनेगा। मुस्लिम पक्ष ने अदालत से मांग की है कि उन्हें भोजशाला परिसर के निकट शुक्रवार की नमाज अदा करने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाए। 22 जुलाई को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस याचिका को शुक्रवार को सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, मामला कारण सूची में शामिल नहीं होने पर वरिष्ठ अधिवक्ता हुज़ैफा अहमदी ने ▶▶ शेष पेज 6 पर



भोजशाला का दृश्य

> सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई को सुनवाई

शीर्ष कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों से मांगा जवाब

## अदालती कार्यवाही का वीडियो सोशल मीडिया पर डालने से पहले लें अनुमति

अदालत की कार्यवाही के वीडियो के गलत इस्तेमाल का मुद्दा उठा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि अदालत की कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बिना अनुमति के पोस्ट, दोबारा पोस्ट या अपलोड नहीं किया जा सकेगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के संबंधित महासचिव या हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पहले अनुमति लेनी होगी।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने अदालत की लाइव स्ट्रीमिंग और कार्यवाही के वीडियो सोशल मीडिया पर गलत इस्तेमाल से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब भी मांगा है। पीठ ने अंतरिम आदेश में कहा कि यह निर्देश दिया जाता है कि इस अदालत के महासचिव या संबंधित हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पूर्व अनुमति के बिना न्यायिक कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को निकालना, उसमें बदलाव करना, फैलाना (वायरल करना), सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करना, दोबारा पोस्ट करना और अपलोड करना प्रतिबंधित रहेगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मप्र में आधी रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल: 20 आईएएस अफसरों के तबादले**

पांच कलेक्टर, इंदौर संभागायुक्त बदले, नए मुख्य सचिव के ज्वॉइन करने के बाद पहली सर्जरी

## डॉ. खाड़े सीएम सचिवालय पहुंचे, यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने वाले कटेसरिया रतलाम के नए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने शुक्रवार आधी रात को एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 20 आईएएस अफसरों के तबादले का आदेश जारी किया है। अशोक बर्णवाल के मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करने के महज 24 घंटे के भीतर हुई इस पहली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी में पांच जिलों के कलेक्टरों समेत इंदौर के संभागायुक्त को बदल दिया गया है।

इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम पी. खाड़े को सीएम सचिवालय में सचिव नियुक्त किया गया है। भास्कर लक्षकार को इंदौर का नया संभागायुक्त नियुक्त किया गया है। इसके ▶▶ शेष पेज 6 पर



नीरज मंडलोई



कुमार पुरुषोत्तम



डॉ. सुदाम खाड़े

### इन्वेस्टर्स समिट की कमान मंडलोई को

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई पर बड़ा भरोसा जताते हुए उन्हें जनवरी 2027 में भोपाल में होने वाली 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' की कमान सौंपी है। इसके साथ ही उन्हें उद्योग एवं एमएसएमई विभाग ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इन जिलों के कलेक्टर भी बदले गए

रतलाम की कलेक्टर मिशा सिंह को शहडोल का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं, इस वर्ष सेवानिवृत्त हो रहे शहडोल कलेक्टर केदार सिंह को लोक निर्माण विभाग में अपर सचिव बनाया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव गुरु प्रसाद को खरगोन का कलेक्टर पदस्थ किया गया है। रत्नाकर झा को अनूपपुर के कलेक्टर की कमान सौंपी गई है।

दिव्यांक सिंह को मंदसौर तथा डॉ. शेर सिंह मीना को आगर मालवा का नया कलेक्टर बनाया गया है। मंदसौर की निवर्तमान कलेक्टर अदिति गर्ग को खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग में ▶▶ शेष पेज 6 पर

## रवि योग व यायीजय योग में चातुर्मास का होगा आरंभ, तीज-त्योहारों का रहेगा उल्लास

# देवशयनी एकादशी आज... मंदिरों में होगी विशेष पूजा-अर्चना, श्री हरि विष्णु भगवान भोलेनाथ को सौंपेंगे सृष्टि का भार, शुभ कार्यों पर लगा विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार महीने के लिए शयन करते है और संसार चलाने का कार्यभार शिव को देते है। शनिवार को हरिशयनी एकादशी रहेगी। इस दिन व्रत रखने से श्रद्धालुओं को सहस्त्र गोदान के बराबर फल मिलता है। इसके साथ ही आत्म संयम के पर्व चातुर्मास की शुरुआत होगी, जिससे आने वाले चार माह तक तप, साधना और उपवास और तीज-त्योहार का उल्लास छाएगा। संतों के सान्निध्य में आत्म कल्याण के लिए साधक साधना में जुट जाएंगे। विद्वानों के मुताबिक इस समय को मांगलिक कार्यों से इतर धर्म-ध्यान और संतों की सेवा के लिए उपयुक्त माना गया है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का आरंभ 24 जुलाई शुक्रवार सुबह 09:12 बजे से हुआ है। जिसका समापन 25 जुलाई को सुबह 11:34 बजे होगा।



### दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है

ऐसे में उदयातिथि के चलते 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को योगनिद्रा एकादशी, देवशयिनी एकादशी, विष्णु-शयिनी एकादशी और हरिशयनी एकादशी भी कहा जाता है। यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है।

**शाकाहार का पालन करने वाले लोग शारीरिक कष्ट से बचे रहेंगे**

### श्रद्धालुओं को दान-पुण्य से मिलता है लाभ

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि एकादशी पर मंदिरों में भगवान के दर्शन व दान-पुण्य करना चाहिए, जिसका अक्षय फल मिलता है। इसके अलावा बड़ी संख्या में भक्तगण घरों व मंदिरों में सत्यनारायण भगवान की कथा कराते है। वहीं देवशयनी एकादशी का पाठ किया जाता है। इससे भगवान श्रीहरि का आशीर्वाद प्राप्त होता है और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### चातुर्मास में हवन, पूजन, कथा सत्संग होते रहेंगे

चातुर्मास प्रारंभ पर इस बार रवि योग व यायीजय योग का विशेष शुभ संयोग बन रहा है। चातुर्मास में हवन, पूजन, कथा सत्संग होते रहेंगे। इन चातुर्मास में कथा प्रवचन कराने व श्रवण करने का कई गुना फल प्राप्त होता है। इन चार माह में शाकाहार का पालन करने वाले लोग विभिन्न शारीरिक कष्ट व्याधि से बचे रहेंगे।

### चातुर्मास में प्रमुख त्योहार

- **गुरु पूर्णिमा:** 29 जुलाई
- **सावन मास आरंभ:** 30 जुलाई
- **हरियाली तीज:** 15 अगस्त
- **नाग पंचमी:** 17 अगस्त
- **रक्षाबंधन:** 28 अगस्त
- **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी:** 04 सितंबर
- **हरतालिका तीज:** 14 सितंबर
- **अनंत चतुर्दशी:** 25 सितंबर
- **पितृ पक्ष** (महालय) आरंभ: 27 सितंबर
- **शारदीय नवरात्रि** 11 अक्टूबर
- **दशहरा:** 20 अक्टूबर
- **शरद पूर्णिमा** 25 अक्टूबर
- **करवा चौथ** 29 अक्टूबर
- **धनतेरस** 6 नवंबर
- **दीपावली** 8 नवंबर
- **तुलसी विवाह:** 21 नवंबर

## अतिथि शिक्षकों को राहत री-ज्वॉइनिंग में 90% ई-अटेंडेंस से मिली छूट

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के अतिथि शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए री-ज्वॉइनिंग में 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता में एक बार की शिथिलता प्रदान की गई है। इस संबंध में आयुक्त, लोक शिक्षण अभिषेक सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में री-ज्वॉइनिंग के लिए 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस के आधार पर पोर्टल पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। किंतु अतिथि शिक्षकों से प्राप्त आवेदनों एवं उनकी व्यावहारिक समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के उपरांत वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए यह विशेष निर्णय लिया गया है। आदेशानुसार, जिन अतिथि शिक्षकों को इस शिथिलता का लाभ दिया जाएगा, उनसे री-ज्वॉइनिंग के समय एक वचन-पत्र लिया जाएगा, जिसमें वे भविष्य में ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता का पूर्ण रूप से पालन करने की सहमति देंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि यह शिथिलता केवल शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विशेष परिस्थितियों में प्रदान की गई है।

### डीजीपी मकवाणा बोले- आधुनिक तकनीक, बेहतर समन्वय और संवेदनशील पुलिसिंग से होगा सुरक्षित सिंहस्थ

# सिंहस्थ-2028 की तैयारी तेज, 303 मास्टर ट्रेनर्स तैयार, तकनीक और प्रशिक्षित पुलिस पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सिंहस्थ-2028 को सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में सिंहस्थ-2028 ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें प्रदेशभर से मास्टर ट्रेनर्स, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सेमिनार में जिलों में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही फील्ड अनुभव, प्रशिक्षण में आ रही चुनौतियों, नए प्रयोग और आगे की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।



अतिथि के साथ डीजीपी कैलाश मकवाणा।

### अनुभवों का लाभ सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में

डीजीपी मकवाणा ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ-2025 से मिले अनुभवों का भी पूरा लाभ उठाया जा रहा है। एमपी पुलिस के अधिकारियों ने वहां जाकर भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रणाली का अध्ययन किया था। इन्हीं अनुभवों को सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि दो चरणों में आयोजित ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में 303 मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए गए हैं। ये प्रशिक्षक अपने-अपने जिलों में हजारों पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भूमिका आधारित प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### प्रदेश में लागू होगी एक समान प्रशिक्षण व्यवस्था

कार्यक्रम का उद्देश्य पूरे प्रदेश में एक समान और प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था लागू करना है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए पुलिस शासन की मंजूरी मिल चुकी है और कई काम तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय का (ईएचआरएमएस) सिस्टम अंतिम चरण में है। इसके जरिए सिंहस्थ के दौरान हजारों पुलिसकर्मियों की ड्यूटी, तैनाती और मानव संसाधन प्रबंधन आसान और व्यवस्थित होगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन से मध्यप्रदेश पुलिस ने अनेक महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने प्रयागराज जाकर वहां की व्यवस्थाओं, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण तथा अन्य सर्वोत्तम व्यवस्थाओं का अध्ययन किया, जिन्हें सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में शामिल किया गया है।

### पारदर्शिता बढ़ेगी, दलालों पर लगेगा अंकुश

## भोपाल मंडल पर तत्काल आरक्षण के लिए टोकन वितरण की नई व्यवस्था 1 अगस्त से होगी लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यात्रियों की सुविधा, पारदर्शिता एवं दलालों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल द्वारा तत्काल आरक्षण के लिए टोकन वितरण की नई व्यवस्था लागू की जा रही है। यह नई व्यवस्था भोपाल मंडल के समस्त आरक्षण केंद्रों पर 1 अगस्त से प्रभावी होगी। नई व्यवस्था के अंतर्गत यात्रियों को तत्काल टिकट प्राप्त करने के लिए टोकन निर्धारित समयावधि में वितरित किए जाएंगे।

एसी तत्काल आरक्षण के लिए सुबह 08:30 बजे से 09:00 बजे तक तथा नॉन-एसी तत्काल आरक्षण के लिए सुबह 9 बजे से 09:30 बजे तक टोकन जारी किए जाएंगे। प्रत्येक काउंटर पर एसी श्रेणी के लिए अधिकतम 10 तथा नॉन-एसी श्रेणी के लिए 15 टोकन वितरित किए जाएंगे। भीड़ एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार सक्षम अधिकारी इनकी संख्या में आवश्यक परिवर्तन कर सकेंगे।

### नई व्यवस्था में दो तरह की प्राथमिकता होंगी

**प्राथमिकता ए :-** स्वयं अथवा अपने पारिवारिक सदस्यों (दादा-दादी, माता-पिता, भाई-बहन, पुत्र-पुत्री, पति-पत्नी केवल) के लिए तत्काल टिकट लेने वाले यात्रियों को प्रथम प्राथमिकता ए श्रेणी मे रखा जाएगा। इस प्राथमिकता वाले यात्रियों को प्रमुख दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा। **प्राथमिकता बी-** प्राथमिकता ए श्रेणी के अतिरिक्त आने वाले यात्रियों को इस श्रेणी के अंतर्गत रखा जाएगा ।

### यात्रियों को मिलेगी सुविधा

यह नई व्यवस्था यात्रियों को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यात्री तत्काल आरक्षण के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें तथा किसी भी प्रकार के अनधिकृत दलालों अथवा बिचौलियों से दूर रहें।

**सौरभ कटारिया**, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

### चलती मशीन का टायर निकलने के कारण हुआ हादसा

## बैरसिया के कुल्होर गांव में मिक्सर मशीन पलटने से मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव कुल्होर में शुक्रवार सुबह मिक्सर मशीन पलटने से मशीन पर बैठे मजदूर की मौत हो गई। हादसा चलती मशीन का टायर निकलने के कारण हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार राहुल कुशवाह पिता स्वर्गीय बाबूलाल कुशवाह (19) गांव बसई, तहसील बैरसिया का था। वह मजदूरी करता था और मिक्सर मशीन पर बैठकर साइड पर जा रहा था। गांव कुल्होर के पास सुबह करीब दस बजे के आसपास मशीन पहुंची ही थी कि उसका पहिया अचानक निकल गया। पहिया निकलने से मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे राहुल मशीन के नीचे दब गया था। गंभीर रूप से घायल राहुल कुशवाह को मशीन से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।



मर्चुरी पर बैठे परिजन, इनसेट में मृतक राहुल।

### यात्रा में पारंपरिक मराठी वेशभूषा और टोपी पहनेंगे लोग

## दिंडी यात्रा आज: विट्ठल-पांडुरंग की पालकी संग दिखेगी वारकरी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आषाढी एकादशी के पावन अवसर पर समग्र मराठी समाज की ओर से शनिवार को 17वीं दिंडी शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में भगवान विठ्ठल-रुक्मिणी की पालकी, वाद्य यंत्र लेझिम और पारंपरिक वेशभूषा में वारकरी टाल की टोली प्रमुख आकर्षण होंगे। गणेश मंदिर, 1100 क्वार्टर से शुरू होने वाली यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर दत्त मंदिर, अरेरा कॉलोनी पहुंचेगी, जहां आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। दिंडी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक मराठी वेशभूषा, मराठी टोपी, माथे पर तिलक, गले में तुलसी माला और हाथों में भगवा ध्वज लेकर शामिल होंगे। विठ्ठल-रुक्मिणी की पालकी कंधों पर निकलेगी , विठूल-विठ्ठल, पांडुरंग हरी के जयघोष गूंजेंगे।

- भगवान विठ्ठल-रुक्मिणी की पालकी सजेगी

### टाल-लेझिम में महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत

टाल पीतल या कांसे की बनी बड़ी झांझ जैसा पारंपरिक वाद्य है। अभंग और कीर्तन के दौरान इसकी लय श्रद्धालुओं को एक सूत्र में बांधती है। वहीं लेझिम महाराष्ट्र का पारंपरिक लोक वाद्य और सामूहिक व्यायाम-नृत्य है, जो ताल, अनुशासन और सामूहिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। पंढरपुर की वारी की इसी परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए भोपाल में हर वर्ष दिंडी यात्रा निकाली जाती है, जो धार्मिक आस्था के साथ महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का भी परिचय कराती है।

### चार्जशीट दाखिल होने के तीन माह में फैसला सुनाने का हरसंभव प्रयास

## पेपर लीक और परीक्षा गड़बड़ी के मामलों के लिए मप्र में बने चार विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, प्रतिरूपण (इम्पर्सोनेशन) और अन्य अनियमितताओं से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने प्रदेश में चार विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालय नामित किए हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की पहल पर भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और इंदौर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश स्तर के न्यायालयों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन न्यायालयों में लोक परीक्षाएं (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत दर्ज मामलों के साथ भारतीय न्याय संहिता, 2023 के संबंधित अपराधों की भी सुनवाई होगी।

जबलपुर में 27वें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार सेहलाम, भोपाल में 18वें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण पटेल, ग्वालियर में आठवें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विशाल अखंड तथा इंदौर में 26वें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. (श्रीमती) शुभ्रा सिंह को विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालय के रूप में नामित किया गया है।





उच्च न्यायालय ने संबंधित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को निर्देश दिए हैं कि इन मामलों में आरोपपत्र (चार्जशीट) प्रस्तुत होने की तिथि से तीन माह के भीतर विचारण पूरा कर निर्णय सुनाने का हरसंभव प्रयास किया जाए। इन न्यायालयों का क्षेत्राधिकार उनके मुख्यालय से संबद्ध निर्धारित जिलों तक रहेगा, जिससे पूरे प्रदेश में सार्वजनिक परीक्षाओं से जुड़े मामलों का प्रभावी और त्वरित न्यायिक निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

### सार्वजनिक परीक्षाओं की पारदर्शिता मजबूत होगी

- *प्रदेश में चार विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालय गठित।*
- *पेपर लीक, इम्पर्सोनेशन और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं की होगी सुनवाई।*
- *लोक परीक्षाएं (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत मामलों का होगा विचारण।*
- *चार्जशीट दाखिल होने के तीन माह के भीतर फैसला सुनाने का हरसंभव प्रयास।*
- *उद्देश्य- सार्वजनिक परीक्षाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को मजबूत करना।*

### संगठित परीक्षा धोखाधड़ी पर प्रभावी अंकुश लगेगा

उच्च न्यायालय का मानना है कि विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालयों के गठन से संगठित परीक्षा धोखाधड़ी पर प्रभावी अंकुश लगेगा, दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई संभव होगी और भर्ती परीक्षाओं तथा अन्य सार्वजनिक परीक्षाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत होगा।

### टैक्स लॉ बार एसो. भोपाल की अध्ययन गोष्ठी

## आयकर एवं जीएसटीएटी अपील प्रक्रिया पर किया गया मंथन





टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल की अध्ययन गोष्ठ में शामिल अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल एवं बार एट जीएसटीएटी, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को राज्य जीएसटी भवन, अरेरा हिल्स स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में आयकर रिटर्न में हुए नवीनतम बदलावों और जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील प्रक्रिया सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी साझा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज पारख एवं बार एट जीएसटीएटी के अध्यक्ष सीए अमित जैन ने कहा कि कर संवाद प्रत्येक अधिवक्ता एवं कर सलाहकार के लिए आवश्यक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से सदस्यों को कर कानूनों में हो रहे नवीनतम परिवर्तनों की जानकारी मिलती है, जिसे वे समय रहते अपने व्यापारियों और ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं।

उन्होंने सभी सदस्यों से नियमित रूप से शैक्षणिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने का आग्रह किया। गोष्ठी के प्रथम सत्र में सीए अमित जैन ने आयकर विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कर निर्धारण वर्ष 2026-27 के आयकर रिटर्न फॉर्म में 22 से अधिक महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब आयकर रिटर्न केवल आय का विवरण नहीं रह गया है।

### नए फॉर्म में पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया

करदाता के वित्तीय लेन-देन की विस्तृत जानकारी भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि नए फॉर्म में पारदर्शिता और सूचना प्रकटीकरण पर विशेष जोर दिया गया है, इसलिए प्रत्येक जानकारी सावधानी पूर्वक भरना आवश्यक है। सीए अमित जैन ने करदाताओं को सलाह दी कि वेतनभोगी एवं छोटे करदाता 31 जुलाई 2026 की अंतिम तिथि से पहले अपना रिटर्न दाखिल कर दें, जिससे विलंब शुल्क और ब्याज से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि यदि पिछले वर्षों के रिटर्न में कोई आय छूट गई हो तो अपडेटेड रिटर्न (आईटीआर-यू) के माध्यम से 48 माह के भीतर सुधार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समय रहते स्वैच्छिक सुधार करना करदाता के लिए अधिक लाभदायक होता है। द्वितीय सत्र में सीए संजीव मंगल, भोपाल ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी ) में अपील दाखिल करने की प्रक्रिया पर लाइव डेमो प्रस्तुत किया।

## वन विहार में हुआ ओपन क्विज और रेस्क्यू वर्कशॉप का आयोजन

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष्य में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान द्वारा बाघ सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों में बाघ संरक्षण एवं वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को 'ओपन क्विज' एवं 'रेस्क्यू कार्यशाला' का आयोजन किया गया। वन विहार में नवीन हाई स्कूल (25वीं बटालियन) में आयोजित ओपन क्विज प्रतियोगिता में वन्यजीव विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बाघों के जीवन, व्यवहार एवं संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से परिचित कराया। मध्यप्रदेश में बाघ थीम पर आयोजित क्विज में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता के विजेताओं को कैप, बटन बैज एवं मग प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### रोगी कल्याण समिति से निकाले गए कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# जेपी अस्पताल: नौकरी पर वापस नहीं लिया तो करेंगे आत्मदाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में रोगी कल्याण समिति के 25 कर्मचारियों को बिना पूर्व सूचना नौकरी से हटाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

शुक्रवार को कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सेवा बहाली की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर उन्हें वापस नौकरी पर नहीं लिया गया तो वह सामूहिक आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

वहीं इस मामले में अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई शासन के आदेश के तहत की गई है। कर्मचारियों का आरोप है कि 22 जुलाई को सुबह नियमित ड्यूटी करने के बाद करीब 11 बजे उन्हें अचानक सेवा समाप्ति का आदेश थमा दिया गया।

न कोई कारण बताया गया और न ही पक्ष रखने का अवसर दिया गया। हटाए गए कर्मचारियों में वाहन चालक, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन और कम्प्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। इनमें कई कर्मचारी 20 से 25 वर्षों से अस्पताल में सेवाएं देने का दावा कर रहे हैं।



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी संगठन।

### आर्थिक संकट में आया परिवार

एंबुलेंस चालक रमेश शर्मा ने बताया कि वह वर्ष 1999 से अस्पताल में कार्यरत हैं और कोरोना काल में भी लगातार ड्यूटी करते रहे। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही उन्हें हार्ट अटैक आया था और चिकित्सकों ने दो सप्ताह के भीतर एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी है। ऐसे समय में नौकरी खत्म होने से उनका परिवार आर्थिक संकट में आ गया है।

### कर्मचारी संगठन का समर्थन

कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कर्मचारियों का समर्थन करते हुए कहा कि अस्पताल पहले से स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को हटाना अनुचित है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की सेवाएं बहाल नहीं की गईं तो अस्पताल में धरना और भूख हड़ताल की जाएगी।

### गड़बड़ाई अस्पताल की व्यवस्था

अचानक 25 कर्मचारियों को हटाने के बाद अस्पताल की व्यवस्था भी प्रभावित होने लगी है। शुक्रवार को पंजीयन काउंटरों पर मरीजों को एक से दो घंटे तक लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है। फामेर्सी में नियमित स्टाफ की कमी के कारण इंटर्न छात्रों के माध्यम से दवाइयां वितरित कराई जा रही हैं।

4 नौकरी का झांसा देकर छात्रों से ठगी, 313 मूल...



5 भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और इंदौर में...





# आज सुबह 9 बजे से हर 15 मिनट बाद मिलेगी मेट्रो

## पीक ऑवर्स में 15 मिनट तो दिन में 30 मिनट में होगा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की मेट्रो ट्रेन को सिग्नलिंग सिस्टम को मंजूरी मिलने के बाद पहली बार सुभाषनगर मेट्रो स्टेशन से एम्स के लिए पहली ट्रेन सुबह 9 बजे से चलेगी। पीक ऑवर्स में हर 15 मिनट में मेट्रो में सफर हो सकेगा, जबकि दिन में 30 मिनट का फासला रहेगा, अभी ये अंतर 75 मिनट है।

मेट्रो के सिंग्नलिंग सिस्टम को कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी ने हरी झंडी दे दी है। पच्चीस जुलाई से मेट्रो दोनों ही ट्रैक पर दौड़ेगी। पिछले साल दिसंबर में जब इसकी शुरूआत हुई थी, तब से अब तक सिर्फ ट्रैक पर ही मेट्रो चलाई जा रही थी। इस वजह से स्टेशन से एक मेट्रो के निकल जाने के बाद दूसरी मेट्रो 75 मिनट के अंतराल में मिल रही थी। अब टाइमिंग और स्पीड दोनों में ही अंतर आएगा।



### रिटर्न जर्नी टिकट पर 5 और ग्रुप टिकट पर 10 प्रतिशत की मिलेगी छूट

मेट्रो प्रबंधन की प्रमोशनल डिस्काउंट पॉलिसी के अंतर्गत रिटर्न जर्नी टिकट पर 5 और ग्रुप टिकट पर 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। वहीं मोबाइल ऐप से ई-वॉलेट रिचार्ज करने वालों को रिचार्ज राशि पर 8 से 15 प्रतिशत तक अतिरिक्त बोनस मिलेगा। 200 से 499 रुपए तक के रिचार्ज पर 8, 500 से 999 रुपए तक 10, 1000 से 1499 रुपए तक 12 पऔर 1500 से 2000 रुपए तक के रिचार्ज पर 15 प्रतिशत बोनस राशि प्रदान की जाएगी।

### पहली मेट्रो के लिए 15 मिनट पहले पहुंच सकते हैं यात्री

यात्रियों के लिए पहली मेट्रो के निर्धारित प्रस्थान के समय से 15 मिनट पूर्व खोल दिए जाएंगे। इससे यात्रियों को स्टेशन परिसर में प्रवेश, सुरक्षा जांच एवं प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए टिकटिंग की व्यवस्था प्रत्येक स्टेशन पर निर्धारित प्रवेश/निकास द्वार पर उपलब्ध रहेगी। इसके अनुसार सुभाष नगर स्टेशन पर गेट क्रमांक-3, केंद्रीय विद्यालय स्टेशन पर गेट-3, बोर्ड ऑफिस स्टेशन पर गेट क्रमांक-3, एमपी नगर स्टेशन पर गेट-3, रानी कमलापति स्टेशन पर गेट क्रमांक-2, डीआरएम ऑफिस स्टेशन पर गेट क्रमांक-3, अलकापुरी स्टेशन पर गेट क्रमांक-3 तथा एम्स स्टेशन पर गेट क्रमांक-1 पर मैनुअल टिकटिंग सुविधा उपलब्ध रहेगी।

दो खुशखबर...

# भोपाल-खजुराहो के बीच जल्द चलेगी एक और नई ट्रेन

## रेल मंत्रालय ने दी मंजूरी, शीघ्र जारी होगा टाइम-टेबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है, भोपाल और खजुराहो के बीच जल्द ही एक और नई ट्रेन का संचालन शुरू होगा। इस संबंध में सांसद वीडी शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद शर्मा ने कहा कि नई ट्रेन शुरू होने से खजुराहो, छतरपुर, टीकमगढ़ सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के यात्रियों को भोपाल तक बेहतर रेल सुविधा मिलेगी। इससे पर्यटन, व्यापार और आवागमन को भी बढ़ावा मिलेगा। देश-विदेश के पर्यटकों को एक और बड़ी सौगात मिली है। खजुराहो को राजधानी भोपाल से जोड़ने वाली एक और नई ट्रेन को केंद्र सरकार से मंजूरी प्राप्त हो गई है।

### पर्यटन के लिए मील का पत्थर साबित होगी नई ट्रेन




खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल होने के नाते भोपाल के लिए अतिरिक्त ट्रेन की लंबे समय से आवश्यकता थी। यह नई ट्रेन न केवल पर्यटन के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी, बल्कि क्षेत्रीय नागरिकों, व्यवसायियों और विद्यार्थियों के लिए राजधानी भोपाल तक की यात्रा को और भी अधिक सरल, सुलभ और आरामदायक बनाएगी।

### रात में होगा नई ट्रेन का संचालन

*टीकमगढ़ एवं छतरपुर अंचल के दो पिछड़े जिले हैं। यहां रोजगार के साधनों का अभाव है। यहां की अधिकांश जनता कृषि पर निर्भर है। वर्तमान में भोपाल-खजुराहो महामना टीकमगढ़-छतरपुर के लोगों के लिए प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचने का एकमात्र साधन है। यह ट्रेन रात्रि 11 बजे भोपाल पहुंचती है, जिससे लोगों के सामने भोपाल में ठहरने की समस्या खड़ी हो जाती है। इसलिए नई ट्रेन भोपाल से खजुराहो और खजुराहो से भोपाल रात में संचालित की जा सकती है, जिससे पर्यटकों और बुंदेलखंड के लोगो को परेशानी न हो।*

### प्रयागराज तक बढ़ाई जा सकती है नई ट्रेन

रेल अधिकारियों को कहना है कि भोपाल से खजुराहो की दूरी 370 किमी है जिससे रेल में भोपाल से 7 घंटे लगभग लगते हैं। यदि ट्रेन को प्रयागराज तक बढ़ाया जाएगा तो भोपाल से खजूराहो और चित्रकूट धाम व प्रयागराज का जुड़ाव हो जाएगा। खजुराहो एमपी और यूपी दोनों से जुड़ जाएगा। हालांकि अधिकारियों ने ये भी कहा कि यह सिर्फ संभावना है ट्रेन भोपाल से खजुराहो के लिए मिली है।

## लोकार्पण को लेकर तेजी से चल रही तैयारी, प्लेटफार्म पर टेंट लगाने की तैयारी शुरू

# राजधानीवासियों को कल मिलेगी निशातपुरा के रूप में भोपाल के चौथे रेलवे स्टेशन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल वासियों को लंबे समय के इंतजार के बाद 26 जुलाई को निशातपुरा के रूप में चौथे रेलवे स्टेशन की सौगात मिल सकती है। दरअसल, रविवार को निशातपुरा रेलवे स्टेशन का लोकार्पण प्रस्तावित है। इसके चलते इन दिनों स्टेशन की साफ-सफाई सहित स्टेशन पर फिनिशिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। रविवार 26 जुलाई को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअली इसका लोकार्पण करेंगे। सांसद आलोक शर्मा निशातपुरा स्टेशन पर जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

हरिभूमि टीम ने शुक्रवार को स्टेशन का जायजा लिया, इस दौरान जहां प्लेटफार्म पर टेंट लगाने की तैयारी चल रही थी। साथ ही रेलवे कर्मचारी सहित अन्य निजी कर्मचारी स्टेशन को बहुत तेजी से चमकाने में लगे थे। उल्लेखनीय है कि स्टेशन शुरू होने के साथ इंदौर-जम्मू तवी मालवा एक्सप्रेस और जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस का संचालन भी यहां से होगा। उल्लेखनीय है कि स्टेशन जून 2023 में तैयार हो गया था, लेकिन नियमित यात्री सेवा शुरू नहीं होने के कारण इसका इस्तेमाल नहीं हो पा रहा था।

## निशातपुरा से होगा इंदौर-जम्मूतवी मालवा एक्सप्रेस और जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस का भी संचालन

*केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअली करेंगे स्टेशन का लोकार्पण*

*आरकेएमपी व भोपाल स्टेशन पर कम होगा यात्रियों का दबाव*




स्टेशन के मुख्य द्वार पर चल रहा बोर्ड लगाने और रास्ता ठीक करने का काम।

### डिस्प्ले बोर्ड व लिफ्ट की जांच की

*उद्घाटन और ट्रेनों के संचालन से पहले रेलवे कर्मचारियों ने शुक्रवार को सभी यात्री सुविधाओं, डिस्प्ले बोर्ड लिफ्ट, सीसीटीवी व लाइटिंग की विशेष जांच की गई है। इसके अलावा टिकट काउंटर और यात्रियों के बैठने लगाई कुर्सियों की साफ-सफाई का काम जोर-सोर से किया जा रहा है।*



शुभारंभ समारोह प्लेटफॉर्म पर टेंट लगाया जा रहा है।

### आज फाइनल हो सकती है कर्मचारियों की तैनाती

रेलवे सूत्रों के अनुसार अभी यहां पर कर्मचारियों की तैनाती की लिस्ट फाइनल की जा रही है। कितने कर्मचारी किस शिफ्ट में तैनात रहेंगे, किसी की ड्यूटी कहां रहेगी, संभवतः शनिवार को इस संबंध में फाइनल निर्णय लिया जा सकता है।



स्टेशन परिसर में नाली साफ करते कर्मचारी।

### भोपाल के साथ विदिशा, सीहोर, रायसेन के 3 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

निशातपुरा स्टेशन शुरू होने से भोपाल और आरकेएमपी स्टेशन पर दबाव कम होगा। इसके साथ ही भोपाल, विदिशा, रायसेन और सीहोर के करीब तीन लाख लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। ट्रेनों का ठहराव शुरू होने के बाद सबसे बड़ा बदलाव आसपास के यात्रियों की रोजमर्रा की यात्रा में दिखाई दे सकता है। निशातपुरा और करोंद का इलाका पिछले कुछ वर्षों में तेजी से आबादी वाला क्षेत्र बना है। यहां से भोपाल जंक्शन तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग से शहर के व्यस्त हिस्सों से गुजरना पड़ता है। त्योहारों और छुट्टियों के समय स्टेशन तक पहुंचना और मुश्किल हो जाता है।



प्लेटफॉर्म को चकाचक करने में जुटा अमला।

## श्मशान घाट की जमीन पर कब्जा

# सरकारी जमीन पर कॉम्पलेक्स में 20 दुकानें बनाई, जेसीबी से ढहाई



कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को ढहाता निगम का अमला।

### एसडीएम की सतर्कता से करोड़ों की जमीन छुड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीलबड़ क्षेत्र की नगर निगम सीमा में आने वाले श्मशान घाट की जमीन पर कृष्णकांत शुक्ला ने चार साल पहले फाउंडेशन भरकर पिलर खड़े कर दिए। हाल ही में उसने दो मंजिला कमर्शियल कॉम्पलेक्स तान दिया, जिसमें 20 दुकानें बेचने की तैयारी चल रही थी। कुछ दिन पहले जब हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया कोर्ट केस के मामले में एक जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां उन्होंने कमर्शियल कॉम्पलेक्स देखा। जांच कराने पर पता चला कि श्मशान घाट की जमीन पर कब्जा कर कॉम्पलेक्स बनाया गया है। शुक्रवार को जिला प्रशासन के अमले ने उसे ढहा दिया।

### जानकारी होने के बावजूद पटवारी ने नहीं की कार्रवाई

एसडीएम ने बताया कि नीलबड़ में सरकारी जमीन पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स बना दिया गया था। जिसे जेसीबी की मदद से तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि हल्के के पटवारी को इसकी जानकारी थी, बावजूद इसके निर्माण को नहीं रोका गया। एसडीएम का कहना है कि शुक्ला ने ग्राम नीलबड़ स्थित श्मसान की 0.081 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर कॉम्पलेक्स बना रखा था, जिसमें 20 दुकानें थी। शुक्रवार को बेदखली की कार्रवाई की गई।

### मूंडला में अवैध कॉलोनी के निर्माण तोड़े

एसडीएम ने बताया कि अमले ने ग्राम मूंडला स्थित अवैध कॉलोनी पर भी कार्रवाई की। इस कॉलोनी में सड़क, बाउंड्रीवॉल, गेट बनाए गए थे, जिन्हें जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया है। कॉलोनी काटने वाले विजय पाटीदार और मुकेश पाटीदार ने कॉलोनी काटने की वैध परमिशन नहीं ली थी।

## रन फॉर लाइफ मैराथन का आयोजन

# बाणगंगा, रेत घाट और कोहेफिजा की ओर कल जाएं तो पहले देख लें ट्रैफिक प्लान, जो बदला रहेगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर स्टेडियम भोपाल से 26 जुलाई को आयोजित रन फॉर लाइफ मैराथन के कारण सुबह से यातायात में बदलाव रहेगा। बाणगंगा, रेत घाट और कोहेफिजा मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा।

दरअसल, रविवार सुबह 5 से 9 बजे तक से नशे के विरुद्ध जन जागरुकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढावा देने के उद्देश्य से रन फॉर लाइफ मैराथन नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का आयोजन टीटी नगर स्टेडियम से होना रहा है। इसके चलते राजधानी की यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा।

### शहर में ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

- **10 किमी:** 6:30 बजे से) टीटी नगर स्टेडियम से रोशनपुरा, बाणगंगा, पॉलिटेक्निक, किलोल पार्क, रेत घाट, कर्बला, कोहेफिजा से यू टर्न लेकर पॉलीटेक्निक से रोशनपुरा, नानके से वापस टीटी नगर स्टेडियम में समाप्त होगी।
- **5 किमी:** 06:40 बजे से टीटी नगर स्टेडियम से रोशनपुरा, बाणगंगा, पॉलिटेक्निक, किलोल पार्क, रेत घाट से यू टर्न लेकर पॉलीटेक्निक से रोशनपुरा,नानके से वापस स्टेडियम में समाप्त।
- **2 किमी:-06:50 बजे से** जो टीटी नगर स्टेडियम से रोशनपुरा चौराहा से बाणगंगा चौराहा से यू टर्न लेकर रोशनपुरा चौराहा से नानके पेट्रोल पम्प से वापस टीटी नगर स्टेडियम समाप्त होगी।

### यह मार्ग भी रहेगा परिवर्तित

- दौड़ वाले मार्ग पर सुबह 5 से 9 बजे तक भारी वाहन, लोक परिवहन एवं अनुमति प्राप्त वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।
- भारत माता चौराहा से जवाहर चौक, प्लेटिनम प्लाजा से अटल पथ, पॉलिटेक्निक चौराहा से वीआईपी रोड, लालघाटी से वीआईपी रोड की ओर यातायात परिवर्तित रहेगा।
- एयरपोर्ट जाने वाले वाहन चालक 1250 चौराहा, ठंडी सड़क, कंट्रोल रूम, लिली टॉकीज, बुधवारा, मोती मस्जिद, रॉयल मार्केट, कलेक्ट्रेट, लालघाटी की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- इंदौर की ओर जाने वाले वाहन माता मंदिर मैनिट,भदभदा चौराहा, नीलबढ़ से खजूरी सड़क वाले मार्ग से आ-जा सकेंगे।

*स्मैक तस्करी में हादसे के दौरान खो चुका है अपना एक पैर*

# कटारा हिल्स पुलिस ने ड्रग पेडलर से जब्त किया 2.11 ग्राम स्मैक पाउडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स पुलिस ने स्वामी विवेकानंद परिसर के सामने मदनी नगर झुग्गी से एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार कर उसके पास से 2.11 ग्राम स्मैक पाउडर जब्त किया है। आरोपी नरसिंगगढ़ से मादक पदार्थ स्मैक तीन सौ रुपए प्रति टोकन बनाकर बेचता था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मदनी नगर निवासी दिनेश मेहरा पिता मुरारीलाल मेहरा (30) स्मैक के टोकन बेचने आया है। हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दिनेश मेहरा को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2.11 ग्राम स्मैक पाउडर मिला। पूछताछ में उसने बताया कि उक्त स्मैक पाउडर वह नरसिंहगढ़ से खरीदकर लाया था।

### साथी और साला गंवा चुका है जान

आरोपी दिनेश साथी की मदद से स्मैक नरसिंहगढ़ से खरीदकर लाता था। स्मैक लाते समय सड़क हादसे में उसके साथी की मौत हो चुकी है, जबकि दिनेश का पैर टूट गया था। साथी की मौत के बाद दिनेश साले के साथ स्मैक लेने जाता था। पुलिस आरोपी दिनेश को पूर्व में भी समझाइश दे चुकी है, लेकिन वह तस्करी का आदतन हो गया था।

*कोलार और न्यू मार्केट की दूध डेयरियों पर जांच के बाद दूध, घी, पनीर, मावा और दही के सैंपल लिए*

# सावन के पहले दूध-मिठाइयों की जांच करने उतरा अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन माह शुरु होने के पहले खाद्य सुरक्षा विभाग का अमला सक्रिय हो गया है, जिसके तहत शुक्रवार को अमले ने कोलार और न्यू मार्केट की दूध डेयरियों पर जांच के बाद दूध, घी, पनीर, मावा और दही के सैंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के बाद राज्य लेबोरेटरी भेजा गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि साईनाथ नगर कोलार स्थित जय श्री कृष्णा दुग्ध डेयरी से दूध, पंजाब डेयरी एमपी नगर से घी और पनीर और पंजाब डेयरी न्यू मार्केट से दही, मावा और पनीर के सैंपल लिए गए हैं। टीम ने गुड मॉर्निंग एंटरप्राइजेज डेयरी, गिरधर परिसर कोलार रोड से दही, पनीर और मिक्स मिल्क के सैंपल लिए हैं। इस तरह एक दिन में 11 सैंपल जांच के लिए राज्य लेबोरेटरी भेजे गए हैं।



कोलार की एक दूध डेयरी पर कार्रवाई करता खाद्य अधिकारी।

## 2,184 नोटिस के बाद सिर्फ 35 भवन हटे, इब्राहिमपुरा हादसे के बाद फिर उठे सवाल

# कभी भी ढह सकते हैं जर्जर भवन 3,435 इमारतें बनीं जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के बुधवारा इलाके में कोतवाली थाने के सामने 90 साल पुराना मकान गिरने की घटना ने राजधानी में जर्जर भवनों की गंभीर समस्या को फिर सामने ला दिया है। हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन यह साफ हो गया कि शहर में हजारों खतरनाक इमारतें अब भी लोगों की जान के लिए खतरा बनी हुई हैं।

*मानसून से पहले नगर निगम सर्वे कर भवन मालिकों को नोटिस देता है*

*वैकल्पिक आवास नहीं मिलने के कारण लोग रहने को मजबूर*

### कभी भी गिर सकते हैं राजधानी के अति जर्जर 757 भवन



डिपो चौराहा रोड पर एक जर्जर भवन।

भोपाल में 3,435 भवन जर्जर हैं। इनमें 2,464 सरकारी और 971 निजी भवन हैं। इनमें से 757 भवन अति जर्जर हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। इस साल नगर निगम ने 2,184 नोटिस जारी किए, लेकिन अब तक सिर्फ 35 को ही हटाया जा सका है। मानसून से पहले नगर निगम सर्वे कर भवन मालिकों को नोटिस देता है। कई मामलों में यह भी लिखवा लिया जाता है कि किसी हादसे की जिम्मेदारी उनकी होगी।

### ऐशबाग के 600 मकान जर्जर...

ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के करीब 600 मकानों को आठ साल पहले ही जर्जर घोषित किया जा चुका है। हर साल नोटिस जारी होते हैं, लेकिन पुनर्वास और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी। वैकल्पिक आवास नहीं मिलने के कारण लोग आज भी इन खतरनाक मकानों में रहने को मजबूर हैं।

### इन इलाकों में सबसे ज्यादा खतरा...

ओल्ड सुभाष नगर और गौतम नगर – 327 जर्जर भवन, ऐशबाग – 600 हाउसिंग बोर्ड क्वार्टरअरेरा कॉलोनी – नाले के ऊपर बने 19 क्वार्टरजवाहर चौक-धोबी घाट – कई एमआईजी, एलआईजी और ईडब्ल्यूएस ब्लॉकइब्राहिमपुरा, गुर्जरपुरा, काजीपुरा, जुमेराती, बुधवारा, इतवारा, सरस्वती नगर और टीटी नगर।



राजधानी के करोंद हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में कई जर्जर भवन हैं जो कभी भी गिर सकते हैं।

### 2200 भवन मालिकों को नोटिस भेजे हैं

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि ऐशबाग के 600 जर्जर मकानों को लेकर हाउसिंग बोर्ड को नोटिस भेजे गए हैं। मकानों को खाली कराना हाउसिंग बोर्ड की जिम्मेदारी है, जबकि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नगर निगम करेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष करीब 2,200 भवन मालिकों और सरकारी एजेंसियों को नोटिस जारी किए गए हैं।

परेशान होकर युवती ने थाने में की शिकायत, छोटी बहन भी लापता, आरोपी पर संदेह

# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, दो साल तक दैहिक शोषण के बाद शादी से मुकरा आरोपी, मोबाइल बंद कर मकान खाली कर चला गया

◆ भाई म्यूजिक क्लास लेता है और युवक घर पर म्यूजिक सीखने आता था, इसी दौरान हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर पुलिस ने तीस साल की युवती की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि आरोपी उसके छोटे भाई के पास म्यूजिक क्लास आता था।

इसी दौरान पहचान हो गई। पहचान होने के बाद आरोपी दो साल से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी फरार हो गया।



युवती का कहना है कि उसकी छोटी बहन भी घर से लापता है। उसने आरोप लगाया है कि आरोपी ही उसकी छोटी बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

### दोनों की पहचान होने के बाद दोस्ती बढ़ गई

पुलिस के अनुसार तीस साल की युवती थाना क्षेत्र में रहती हैं और प्राइवेट काम करती है। उसका छोटा भाई म्यूजिक क्लास लेता है और क्लास में रंजीत नामक युवक घर पर म्यूजिक सीखने आता था। इसी दौरान रंजीत से उसकी पहचान हो गई। पहचान होने के बाद दोनों में दोस्ती बढ़ी और रंजीत ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। करीब दो साल से आरोपी रंजीत उससे शारीरिक संबंध बना रहा था। उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया और मकान खाली कर चला गया।

## अतिथि शिक्षक से स्थाई टीचर ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

*इधर बिलखिरिया पुलिस ने एक शासकीय स्कूल की गेस्ट फैकल्टी की महिला टीचर की शिकायत पर स्थाई टीचर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि टीचर को स्कूल का प्रभार मिला है और दबाव बनाकर उनका शारीरिक शोषण कर रहा था। पीड़िता ने उससे दूरी बनाने की कोशिश की तो वह उसके घर तक पहुंच गया। इसके बाद पीड़िता ने अपने पति को घटना की जानकारी दी। पति उन्हें लेकर पिपलानी थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। घटनास्थल बिलखिरिया स्थित कोकता मल्टी का होने के कारण पिपलानी पुलिस ने केस डायरी बिलखिरिया पुलिस को सौंप दी है। पुलिस के अनुसार 45 साल की गेस्ट टीचर पिपलानी इलाके में रहती हैं। वह एक शासकीय स्कूल में गेस्ट टीचर है। इसी स्कूल में स्थाई शिक्षक ऋषिदयाल गजभिये स्थाई टीचर है और अकाउंटेंट का काम भी देखता है। साथ ड्यूटी करने के कारण साथ घूमना फिरना था। लिहाजा आरोपी ऋषिदयाल ने कुछ फोटो मोबाइल पर एक्सपोज कर लिए। पीड़िता का कहना है कि स्कूल के पोर्टल पर आपकी जानकारी अपलोड करनी है और आपके दस्तावेज लगेंगे। मैंने उसे दस्तावेज दिए। इसके बाद आरोपी ऋषिदयाल ने उन्हें प्रेम का इजहार करते हुए शादी का प्रलोभन दिया। गेस्ट टीचर ने कहा कि मैं शादीशुदा हूं और मेरे दो बच्चे हैं तो वह कहने लगा कि यदि मेरी बात नहीं मानी तो पुराने फोटो परिवार तक पहुंचा दूंगा। दस्तावेज और फोटो ऋषिदयाल के पास होने के कारण वह डर गई और उसके बातें मानने लगी। वह गत 17 दिसंबर 2025 को मंदिर चलने का कहकर अपने साथ घर ले गया और वहां जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद लगातार दैहिक शोषण करने लगा था। शिकायत के बाद बिलखिरिया पुलिस ने अरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।*

## खबर संक्षेप



### रोड के निर्माण कार्य का एमआईसी मेंबर ने किया भूमिपूजन

**संतनगर।** उपनगर में शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक रोड के निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी ने मुख्य अतिथि और बिहारीलाल की मौजूदगी में किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी ने कहा कि एमआईसी मेंबर राजेश क्षेत्र में विकास को लेकर गंभीर हैं और क्षेत्र में कई सड़कों के निर्माण कार्य करवा रहे हैं। इस अवसर पर राजेश हिंगोरानी ने कहा की भाजपा विकास कार्यों में विकास विश्वास रखती है, इस सड़क का निर्माण 50 लाख की लागत से किया जा रहा है और एक पखवाड़े में इसका काम पूरा हो जाएगा। इसी तारतम्य में शनिवार को भी 32 लाख की लागत से वैभव पूजा पाठ सामग्री की दुकान से लेकर नगर निगम वार्ड कार्यालय से लेकर प्रतापसिंह लवाणा के घर तक सड़क के निर्माण कार्य के आलावा कई गलियों के निर्माण कार्य भूमि पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा मौजूद रहेंगे। आज के भूमि पूजन समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी, नरेंद्र लालवानी, बसंत चेलानी, वासुदेव वाधवानी, महेश खटवानी, आजादसिंह सिसोदिया व शेट्टी चंदनानी ने मौजूद थे।

### बरखेड़ा पठानी में खेत के टपरे में युवती ने लगाई फांसी

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित नरेंद्र नगर, बरखेड़ा पठानी में 21 साल की युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार नेहा पिता स्वर्गीय रामपाल कैथल (21) नरेंद्र नगर, बरखेड़ा पठानी में रहती थी। उसके पिता का काफी समय पहले निधन हो चुका है। परिवार में मां और दो बड़े भाई है। मां खेत में काम करती है, जबकि दोनों भाई प्राइवेट काम करते हैं। गुरुवार दोपहर मां खेत में काम करने गई थी। दोनों भाई अपने अपने काम पर चले गए। शाम करीब चार बजे मां खेत से लौटी तो उसने नेहा का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलतः परिवार उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। नेहा उत्तर प्रदेश से प्राइवेट परीक्षा दे रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर नेहा ने फांसी क्यों लगाई। इसके साथ ही तकनीकी जांच भी की जा रही है, जिससे युवती के फांसी लागाने की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 334 | 04 | 130 |
| रात: | 790 | 62 | 147 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 136 | 06 | 169 |
| रात: | 469 | 9- | 000 |

एसपी देहात पंकज पांडेय ने पत्रकार वार्ता में में किया खुलासा, छह गिरफ्तार

# मंदिर में पूजा कर भगवान से मांगते थे माफी फिर चुराकर ले जाते थे मुकुट, थाली, छत्र

*निगरानी बदमाश सहित गिरोह के छह सदस्यों से 16 चांदी के मुकुट, चांदी की थाली, छत्र सहित चार लाख का माल बरामद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की देहात पुलिस ने मंदिरों से चोरी करने वाले निगरानी बदमाश के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। निगरानी बदमाश अब तक दर्जनभर मंदिरों को निशाना बनाकर लाखों का सामान चुरा चुका था। गिरोह चोरी से पहले मंदिर में पूजा कर भगवान से पहले माफी मांगता था। पूजा करने के बाद शीष नवाकर गिरोह चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता था।

गिरोह के पास 16 चांदी के मुकुट, चांदी की थाली, छत्र सहित चार लाख रुपए का माल बरामद किया है। एसपी देहात पंकज पांडेय ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मंदिरों से चोरी की शिकायतें मिल रही थी।

लगातार बढ़ रही चोरी और चोरों की गिरफ्तारी के लिए 19 हजार रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की। इसके बाद एसआईटी की टीम गठित की गई। घटनास्थल का तकनीकी और वैज्ञानिक विश्लेषण कर सबूत एकत्रित किए गए।



**»** *निगरानी बदमाशों ने दर्जनभर मंदिरों को बनाया निशाना, लाखों का सामान किया चोरी*

**»** *चोरों की गिरफ्तारी के लिए 19 हजार रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की*

### सीसीटीवी फुटेज व रिकॉर्ड खंगाले

सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ पुराने आपराधिक रिकॉर्ड वाले अपराधियों का चिट्ठा खंगालने के बाद पुलिस ने निगरानी बदमाश दीनदयाल शर्मा उर्फ दीना महाराज (45) गांव बम्होरी, जिला रायसेन, हाल पता अरहेड़ी, थाना अयोध्या नगर को बायपास चौराहा सूखीसेवनिया क्षेत्र से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने गिरोह बनाकर मंदिरों में चोरी की वारदात करना स्वीकार ली।




पत्रकारों को जानकारी देते एसपी देहात पंकज पांडेय व अन्य पुलिस कर्मचारी ।

### इस तरह करता था गिरोह वारदात

गिरोह से पूछताछ में पता चला कि दीनदयाल उर्फ दीना महाराज अपने साथियों के साथ पहले मंदिरों की रैकी करता था। पुलिस से बचने शातिर गिरोह अपने मोबाइल पांच छह घंटे पहले बंद कर देते थे, ताकि टॉवर लोकेशन घटनास्थल की न मिल सके। मंदिर बंद होने पर आरोपी मुख्य द्वार का ताला और खिड़की-ग्रिल तोड़कर अंदर प्रवेश करते थे। इसके बाद मंदिर में पूजा कर भगवान के समक्ष शीष नवाकर मुकुट, चांदी के छत्र सहित अन्य सामान चुराकर फरार हो जाते थे। वारदात करने के बाद अपना ठिकाना बदल लेते थे। वह भोपाल (ग्रामीण) क्षेत्र छोड़कर अशोकनगर जिले के करीला और अन्य स्थानों पर चले जाते थे। वहां से लौटकर दौबारा मंदिरों को निशाना बनाकर वारदात कर फिर फरार हो जाते थे।

**चोरी के बाद नर्मदापुरम में बेचा था चांदी का सामान:** दीनदयाल शर्मा निगरानी बदमाश है। उस पर हत्या, लूट, डकैती, चोरी सहित अन्य गंभीर अपराध पूर्व में दर्ज है। उसके खिलाफ न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंट भी लंबित है, जिस पर रायसेन पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकरणों में गिरफ्तारी के लिए 31 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

इंदौर के ऑर्बिट मॉल में कंसल्टेंसी चलाता था आरोपी

## नौकरी का झांसा देकर छात्रों से ठगी, 313 मूल अंकसूचियों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**»** *कंसल्टेंसी की आड़ में छात्रों के अंकसूची के 5 हजार रुपए मांगता था*

**»** *छात्रों को पार्ट-टाइम और फुल-टाइम नौकरी दिलाने का देता था लालच*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश पुलिस ने युवाओं और विद्यार्थियों के साथ रोजगार के नाम पर हो रही धोखाधड़ी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इंदौर के विजयनगर थाना पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो नौकरी दिलाने का झांसा देकर छात्रों की 10वीं और 12वीं की मूल अंकसूचियां अपने पास रख लेता था।

### 313 मूल अंकसूचियां बरामद

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 313 विद्यार्थियों की मूल अंकसूचियां बरामद की हैं। जांच में पता चला कि आरोपी इंदौर के ऑर्बिट मॉल में अपनी कंसल्टेंसी चलाता था। वह दूसरे शहरों से पढ़ाई के लिए आए छात्रों को पार्ट-टाइम और फुल-टाइम नौकरी दिलाने का लालच देता था। इसके बाद वह नौकरी की प्रक्रिया के नाम पर उनकी मूल अंकसूचियां जमा करवा लेता था।

■ नौकरी की प्रक्रिया के नाम पर मूल अंकसूचियां जमा करवा लेता था

जब छात्र अपने दस्तावेज वापस मांगते थे, तो आरोपी प्रति अंकसूची 5 हजार रुपए की मांग करता था। पैसे नहीं देने पर उन्हें परेशान किया जाता था और जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी।

### शिकायत के बाद पुलिस ने जांच की

कई छात्रों की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच की और आरोप सही पाए जाने पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अज्फा इंटरप्राइजेज नाम की फर्म के जरिए रोजगार उपलब्ध कराने का काम करता था और सुरक्षा के नाम पर छात्रों के दस्तावेज रखकर उनसे अवैध वसूली करता था।

पैसे के लेन-देन को लेकर हुई थी वारदात

## बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर मारपीट करने वाले को 10 साल कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौहरगंज

बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर एक व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट करने के मामले में गौहरगंज न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला न्यायाधीश राजेंद्र सिंह ने सुनाया। अभियोजन के अनुसार फरियादी जितेंद्र तोमर और आरोपी रितेश तोमर के बीच पुराने पैसों का लेन-देन था।

घटना वाले दिन आरोपी फरियादी के घर पहुंचा और पैसे नहीं देने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बाद में उसने जितेंद्र को फोन कर मंडीदीप स्थित रेलवे पटरी के पास एक पुल के नीचे बुलाया। वहां आरोपी ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए जितेंद्र के कंधे में कोई नुकीली वस्तु चुभो दी, जिससे वह बेहोश होने लगा। इसके बाद आरोपी ने डंडों और पत्थरों से उसकी जमकर पिटाई की और उसे मृत समझकर मौके से फरार हो गया।

अगली सुबह रेलवे पटरी पर पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारियों की नजर झाड़ियों में पड़े घायल व्यक्ति पर पड़ी। पूछताछ में पीड़ित ने पूरी घटना बताई, जिसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। घायल को पहले मंडीदीप थाने ले जाया गया और फिर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं।



### 'एक गुरु-एक वृक्ष' अभियान के तहत किया विद्यालय में पौधरोपण

**औबेदुल्लागंज।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय, औबेदुल्लागंज में शुक्रवार को 'एक गुरु–एक वृक्ष' अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष प्राचार्य चंद्रावती अतुलकर रहीं। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10वीं 'ए' द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिप्रा केशरवानी, सुरेंद्र भारती एवं सीमा सोनपुरे ने विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

अव्यवस्थित पार्किंग और बढ़ते वाहनों से बिगड़ी नगर की व्यवस्था

## औबेदुल्लागंज में जाम से लोग परेशान, गौहरगंज चौराहे से स्टेट बैंक तक दिनभर रेंगता है यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में गौहरगंज चौराहे से स्टेट बैंक के आगे तक आए दिन लगने वाले जाम से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मस्जिद चौराहे, बिजलीघर, मुख्य चौराहे, बैंक ऑफ इंडिया मार्ग, सीताराम चौराहा और आंबेडकर चौराहे पर दिनभर यातायात बाधित रहता है।

नागरिकों के अनुसार नगर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सड़क किनारे और मुख्य मार्गों पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है, जिससे यातायात प्रभावित होता है। बताया गया




गौहरगंज चौराहे से स्टेट बैंक के आगे लगा जाम।

कि रजिस्ट्री कार्यालय आने वाले लोगों के वाहन, वकीलों के कार्यालयों में आने वाले ग्राहकों की गाड़ियां तथा दुकानों और होटलों के सामने खड़े वाहन जाम की प्रमुख वजह बन रहे हैं। इसके चलते राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों परेशान होना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सामान्य दिनों में भी गौहरगंज चौराहे से बिजलीघर तक का छोटा सा सफर तय करने में 20 से 30 मिनट लग जाते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस और नगर परिषद की ओर से स्थायी समाधान की प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

### *अतिक्रमण हटाने और नियमित ट्रैफिक प्रबंधन की मांग*

*नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय शिकायतों के निस्तारण तक सीमित है। लोगों ने मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने और नियमित ट्रैफिक प्रबंधन की मांग की है। एकता क्लब के अध्यक्ष अकील ने कहा कि नगर में वाहनों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि कई स्थानों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।*

दिन भर के इंतजार के बाद भोपाल में शाम को हुई बारिश, कल से झमाझम के आसार

दो से तीन दिन में तेज होंगी बारिश की गतिविधियां

## मंडला में सबसे ज्यादा 7 मिमी और राजधानी में करीब 2 मिमी पानी गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पिछले तीन दिनों से हो रही रिमझिम बारिश के साथ शुक्रवार को बारिश धीमी पड़ गई, हालांकि शुक्रवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई। शाम साढ़े पांच बजे तक मंडला में सबसे ज्यादा 7 मिलीमीटर हुई। इसी तरह राजधानी में शुक्रवार शाम को मौसम बदला और करीब 2 मिलीमीटर पानी गिरा।

भोपाल के अलावा प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी बारिश दर्ज की गई है। आने वाले दो से तीन दिन में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। दक्षिण-पूर्व राजस्थान और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में बने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से एक साथ कई सिस्टम सक्रिय हैं। मानसूनी ट्रफ



मैहर में मासूम को बचाते हुए

गुना और सीधी से होती हुई सीधे बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। पश्चिमी विक्षोभ जम्मू क्षेत्र के ऊपर सक्रिय है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि एक अन्य ट्रफ राजस्थान, हरियाणा और पंजाब होते हुए उत्तर भारत की तरफ फैली है। इसका असर आने वाले दिनों में मानसूनी गतिविधियों में देखने मिलेगा, जिससे कई जिलों में तेज बारिश होने की उम्मीद है।

### मैहर में उफनते पानी में बहा मासूम, ग्रामीणों ने बचाई जान

**मैहर।** जिले में लगातार बारिश के बीच भदनपुर माध्यमिक शाला के पास एक बड़ा हादसा टल गया। स्कूल की छुट्टी के बाद पहली कक्षा का छात्र अपनी बहन और दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। सड़क पर तेज बहाव वाले पानी को पार करते समय बच्चे का संतुलन बिगड़ गया और वह पानी के साथ बहकर पुल के ढोले की ओर जाने लगा। मासूम को डूबता देख मौके पर मौजूद ग्रामीण तुरंत पानी में कूदकर बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### आज यहां गिरेगा पानी

भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, उज्जैन, देवास, आगर-मालवा, शाजापुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी सहित 50 से अधिक जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं।

**शुक्रवार को शाम तक कहां कितनी बारिश**

| शहर | बारिश मिमी में |
|---|---|
| मंडला | 7.0 |
| छिंदवाड़ा-रतलाम | 5.0 |
| धार | 4.0 |
| राजगढ़ | 3.0 |
| गुना व इंदौर | 1.0 |

## जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों सदस्यों ने ग्रहण की शपथ, संभाला कार्यभार



**भोपाल।** जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों ने शुक्रवार को समारोह में शपथ ग्रहण कर कार्यभार संभाला। वरिष्ठ अधिवक्ता साजिद अली ने जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर मुख्य चुनाव अधिकारी वासू वासवानी सहित अन्य चुनाव अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को पुष्पहार पहनाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सममानित किया गया। कार्यक्रम में स्टेट बार कौंसिल के पूर्व को- चेयरमैन विजय चौधरी, राजेश व्यास, जिला न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिवक्ता बीपी श्रीवास्तव सहित निर्वतमान अध्यक्ष और एडहाक कमेटी के सदस्यों सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री ने बड़ौनी, जिगना, निचरोली, चकरासागर और गोविंद नगर में जनसभाओं को संबोधित किया

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ने कहा- कांग्रेस कभी भी विकास की नहीं, बल्कि एक परिवार को आगे बढ़ाने की पक्षधर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### भाजपा प्रत्याशी तिवारी के समर्थन में की जनसभाएं



जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री सिंधिया।




केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में ग्रामीण क्षेत्रों बडौनी, जिगना, निचरोली, चकरासागर और गोविंद नगर में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में विकास और प्रगति की आंधी आई है।

कांग्रेस ने देश की सत्ता पर 70 वर्षों तक और प्रदेश में भी लंबे समय तक शासन किया, लेकिन उन्होंने विकास के कार्य कभी नहीं कराए। जो जनता का अधिकार था, उसे कांग्रेस के नेताओं ने छीनने का काम किया। कांग्रेस पार्टी ने देश-प्रदेश के विकास पर कभी भी ध्यान नहीं दिया, बल्कि उन्होंने तो हमेशा से केवल एक ही परिवार को बढ़ाने का काम किया है। कांग्रेस की सरकार जिन कामों को इतने वर्षों में नहीं कर सकी, उन विकास कार्यों को केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार एवं मप्र में डॉ. मोहन यादव की डबल इंजन सरकार ने करके दिखाया है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से परिवारवाद को बढ़ावा देती रही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं को उनका अधिकार मिलता है। भाजपा ने दतिया उपचुनाव में पार्टी और संगठन के लिए हमेशा समर्पित रहने वाले कार्यकर्ता आशुतोष तिवारी को अपना प्रत्याशी बनाया है।

## बसपा के सेवड़ा से पूर्व प्रत्याशी यादव समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

**दतिया चुनाव कार्यालय में आयोजन**

**मुंह मीठा कराकर बधाई दी**



खंडेलवाल की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते यादव।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के समक्ष शुक्रवार को दतिया चुनाव कार्यालय में बसपा के सेवड़ा से पूर्व प्रत्याशी लाखन सिंह यादव सहित कांग्रेस, बसपा के जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर सभी का भाजपा परिवार में स्वागत किया एवं मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दी।

## ऊर्जावान युवा ही सशक्त भारत की नींव रखते हैं : उपाध्याय



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते उपाध्याय।

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने शुक्रवार को दतिया स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में युवाओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उपाध्याय ने कहा कि दतिया का सुनहरा कल, हर घर खिलेगा कमल केवल एक चुनावी नारा नहीं, बल्कि दतिया के सर्वांगीण विकास, सुशासन, जनकल्याण और समृद्ध भविष्य का संकल्प है। भारत विश्व का सबसे युवा देश है, यही युवा देश की सबसे बडी पूंजी है। हमारे ऊर्जावान, शिक्षित और जागरूक युवा ही सशक्त और विकसित भारत की नींव हैं।

## आयोग की नजर से नहीं बच पाएंगे गड़बड़ी करने वाले चिकित्सा संस्थान

**भोपाल।** नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने और दोबारा परीक्षा आयोजित हुई तभी से सेंट्रल व राज्य स्तर पर चिकित्सा संस्थानों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना, संचालन, और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को नियंत्रित व रेग्युलर करने की दिशा में मप्र निजी विनियामक आयोग भी और ज्यादा सक्रिय हो गया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि आयोग ने समस्त निजी विश्वविद्यालय के कुलसचिवों से 2025-26 में चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों की प्रमाणिक सूची बुला ली है ताकि प्रवेश, प्रवेश फीस, शैक्षणिक मानक, शुल्क विनियमन, योग्य स्टॉफ, निरीक्षण जांच के साथ छात्रहित में प्रवेशित छात्रों के हित में निर्णय लिए जा सकें। क्योंकि वैधानिक तौर पर पारदर्शिता जरूरी है। आयोग ने जिन डिग्री कोर्स में प्रवेशित छात्रों की सूची बुलाई है उनमें एमबीबीएस, एमडी, एमएस, बीडीएस, एमडीएस, नर्सिंग, बीएएमएस, बीएचएमएस पाठ्यक्रम शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि चिकित्सा पाठ्यक्रमों में फर्जी प्रवेश न हों, छात्रों से जबरन ज्यादा फीस वसूली न की जावे तथा चिकित्सा अध्ययन-अध्यापन, रिसर्च में गुणात्मक सुधार हो यह आयोग के साथ-साथ संबंधित स्वास्थ्य व आयुष संचालनालय तथा मंत्रालय भी यही चाहता है।

### मुख्यमंत्री ने पन्ना में 184.83 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण किया

# भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और इंदौर में खोले जाएंगे फास्ट ट्रैक कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

◆ सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 35 लाख रुपए से अधिक हितग्राहियों को लगभग 210 करोड़ राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के हित में उनकी शिक्षा और रोजगार से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की है। मप्र के भोपाल, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर में इसी प्रकार के फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल पन्ना मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया जाएगा।

नीट के अभ्यर्थियों को डॉक्टर बनने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पन्ना में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 35 लाख से अधिक हितग्राहियों को लगभग 210 करोड़ रुपए की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। उन्होंने प्रतीक स्वरूप विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं के हितग्राहियों एवं आत्मनिर्भर ग्राम पंचायतों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री को कृषि कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में हल भेंट कर सम्मानित किया गया।

**मुख्यमंत्री ने पन्ना में पर्यटन बढ़ाने के लिए नदी पर बने अनोखे ग्लास फ्लोर और व्यू प्वाइंट का लोकार्पण किया**



पन्ना में समारोह में शामिल सीएम डॉ. यादव व सांसद शर्मा।

### पलायन रुका, अब बुंदेलखंड को समृद्ध बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुंदेलखंड की धरती सर्वश्रेष्ठ है। यहां पन्ना में धरती के नीचे हीरा निकलता है, लेकिन धीरे-धीरे पानी की कमी होती गई। लोगों ने पलायन शुरू कर दिया, जिसे हमारी सरकार ने रोका। अब सरकार ने बुंदेलखंड की समृद्धि के लिए अंतर्राज्यीय केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की शुरुआत की है।

### सरकार युवाओं की भविष्य, सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बताया कि गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सोनम वांगचुक से भेंट कर विद्यार्थियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार की पहल, दृष्टिकोण और आगामी योजनाओं की रूपरेखा साझा की। सकारात्मक एवं सार्थक संवाद के उपरांत वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रत्येक विद्यार्थी के हितों की रक्षा के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### मेडिकल कॉलेज तेज गति से प्रारंभ हो रहे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के हित में निरंतर कार्य कर ही है। विभिन्न पाठ्यक्रमों की व्यवस्था से युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर दिलवाने का प्रयास है। मेडिकल कॉलेज भी तेज गति से प्रारंभ हो रहे हैं। इससे आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेशवासियों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में प्रदेश में चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 34 है, जो दो वर्ष में बढ़कर 52 हो जाएगी। डॉ. यादव ने पन्ना में हेलीपेड पर मीडिया से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2002-03 में प्रदेश में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे। मेडिकल कॉलेज की सीट संख्या भी मात्र 500 थी, जो वर्तमान में साढ़े पांच हजार हो गई है।

## पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव सुखबीर को मिली स्वास्थ्य विभाग की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने पद संभालते ही पहला आदेश अपने ही विभाग को लेकर किया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह को स्वास्थ्य विभाग की कमान दी है।

उन्हें आगामी आदेश तक इस विभाग के प्रमुख सचिव अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) से जारी आदेश के अनुसार 1997 बैच के आईएएस सिंह को लोक निर्माण विभाग के वर्तमान कर्तव्यों के साथ अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा प्रमुख सचिव भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग तथा आयुक्त खाद्य सुरक्षा मप्र का प्रभार अतिरिक्त रूप से दिया गया है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक

## मंत्री परमार ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं



कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मंत्री परमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना। मंत्री इंदर सिंह परमार ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

### संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प

## युवाओं पर पुलिस बर्बरता के विरोध में 'छात्रों की गूंज' का तिरंगा मार्च

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं एवं छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और सरकार के रवैए के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत भोपाल में विशाल तिरंगा मार्च निकाला गया।

यह 10 नंबर मार्केट से प्रारंभ होकर 11 नंबर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पहुंचा, जहां संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया गया। मार्च में बड़ी संख्या में छात्र-युवा हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने युवाओं पर हो रहे अत्याचार, शिक्षा व्यवस्था में लगातार बढ़ती अव्यवस्थाओं, नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की गई।



तिरंगा यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता।

### लाठीचार्ज लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला

एआईसीसी कॉर्डिनेटर एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. अंशुल त्रिवेदी ने कहा कि देश का युवा आज अपने अधिकारों, शिक्षा और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि एनएसयूआई हर छात्र के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।

### किसानों हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं होने देगी कांग्रेस

## किसानों को बर्बादी की ओर ले जाएगा अमेरिका के साथ हुआ व्यापार समझौताः पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि अमेरिका के साथ हुआ व्यापार समझौता आने वाले समय में किसानों की आय, फसलों के दाम और खेती-किसानी पर गंभीर प्रभाव डालेगा। कांग्रेस किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने देगी तथा इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। पटवारी ने शुक्रवार को सिवनी मालवा में आयोजित ट्रैक्टर रैली में शामिल होकर प्रदेशभर के किसानों के हक़, सम्मान और उनकी फसलों के उचित मूल्य की लड़ाई को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया।



ट्रैक्टर रैली में शामिल पटवारी।

### पटवारी ने दिया मूंग खरीदी के लिए अल्टीमेटम

पटवारी ने हरदा, सिवनी मालवा, नर्मदापुरम और इटारसी की मंडियों का दौरा कर मूंग खरीदी न होने से परेशान किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 3 अगस्त तक मूंग खरीदी को लेकर किसानों के हित में उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो किसान सड़कों पर उतरेंगे और कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर मप्र में चक्का जाम आंदोलन करेगी।

### विलंबित परियोजनाओं पर सख्ती, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा

## पीडब्ल्यूडी में गुणवत्ता, समयबद्धता और जवाबदेही से पूर्ण हों सभी सेतु निर्माण परियोजनाएंः मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग का प्रत्येक निर्माण कार्य केवल सड़क, पुल अथवा फ्लायओवर का निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास, जनता की सुविधा और विश्वास की मजबूत नींव है। विभाग का मूल उद्देश्य लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना को साकार करना है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, समयबद्धता, पारदर्शिता और जवाबदेही ही विभाग की कार्य संस्कृति का आधार हैं। इन्हीं मानकों के अनुरूप प्रत्येक परियोजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्री सिंह शुक्रवार को वल्लभ भवन में सेतु निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक परियोजना निर्धारित समय-सीमा में उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ पूर्ण होना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



बैठक में निर्देश देते मंत्री सिंह।

### गुणवत्ता मानकों से विचलन स्वीकार्य नहीं

मंत्री सिंह ने उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और तकनीकी मानकों का पूर्ण अनुपालन प्रत्येक परियोजना की अनिवार्य शर्त है। परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, अनावश्यक विलंब अथवा निर्धारित गुणवत्ता मानकों से विचलन स्वीकार्य नहीं होगा।

## आज प्रदेश में गांधी-आंबेडकर प्रतिमाओं तक कैंडल मार्च निकालेगी कांग्रेस

नीट और सीबीएसई परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों और छात्र आंदोलन के समर्थन को लेकर कांग्रेस शनिवार को मध्य प्रदेश के सभी जिलों में बड़ा आंदोलन करेगी। पार्टी ने जिला स्तर पर कैंडल मार्च और सत्याग्रह करने का फैसला किया है। इसमें प्रदेश कांग्रेस से लेकर जिला, ब्लॉक और फ्रंट संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। कांग्रेस ने छात्रों, युवाओं, अभिभावकों और सिविल सोसाइटी के लोगों को भी आंदोलन से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को सभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों को इस संबंध में सर्कुलर जारी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निर्देश पर यह कार्यक्रम देशभर में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में भी विरोध प्रदर्शन होगा। महापुरुषों की प्रतिमाओं के सामने कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता सत्याग्रह करेंगे।

### मप्र में महिला सशक्तीकरण योजनाओं को मिलेगी नई रफ्तार, मंत्री निर्मला का बड़ा फैसला

# महिला व बाल विकास विभाग में अधिकारियों के सेटअप में फेरबदल के दिशा-निर्देश... अभी से बढ़ गई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला व बाल विकास विभाग में द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की मैदानी नियुक्तियां अब सीधे मंत्री के निर्देश पर व्यवस्थित तरीके से की जाएगी। इसकी तैयारी की जा रही है।



इसके लिए महिला सशक्तिकरण तथा पदों के पारदर्शी और सुचारू व्यवस्थापन करने को कहा गया है। विभागीय मंत्री के अनुसार विभाग को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए विभागीय भर्ती नियमों की समीक्षा करने तथा विभागीय सेटअप को सुव्यवस्थित करने के आदेश दिए हैं।

**उक्त नियम का अभी से होने लगा विरोध, आरोप लगना हुए शुरू**

महिला व बाल विकास विभाग के कई मैदानी अधिकारियों ने बताया कि इस तरह का निर्देश सीधे तौर पर मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों को परेशान करने के लिए दिए जा रहे हैं। चूंकि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभी से इसकी सूचना मैदानी क्षेत्रों में पहुंचाने के साथ ही साथ दिशानिर्देश प्राप्त करने के लिए भी कहा जाने लगा है। कुछ अधिकारियों ने बताया कि पदोन्नति के समय कई लोग दिशानिर्देश प्राप्त नहीं कर सके थे, उन्हें भी हिदायत दी गई है। इस वजह से विभाग में अंदर ही अंदर नाराजगी बढ़ गई है। कई तरह से आरोप लगाना शुरू हो गए हैं।

### मैदानी अमले की भूमिका महत्वपूर्ण

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि विभाग के लगातार बढ़ते कार्यक्षेत्र और नवीन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए मैदानी अमले की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। एकीकृत बाल विकास सेवा और महिला सशक्तिकरण संचालनालय के एकीकरण के बाद भी योजनाओं के दायरे में कोई कमी नहीं की गई है, बल्कि नई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। मैदानी अमले प्रभावी उपयोग राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**भर्ती नियमों की समीक्षा और दूरगामी प्रभाव**

प्रशासनिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से न केवल विभागीय तालमेल में सुधार होगा, बल्कि मैदानी स्तर पर निगरानी मजबूत होने से कुपोषण नियंत्रण, बाल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के सकारात्मक परिणाम और अधिक प्रभावी ढंग से सामने आएंगे। मंत्री सुश्री भूरिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पदों के प्रतिस्थापन, प्रतिनियुक्ति के लिए आरक्षण और सेटअप में शामिल करने की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी की जाए।

### कार्यक्रमों को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहल

विभाग ने दावा किया है कि मप्र सरकार ने महिलाओं और बच्चों के सशक्तीकरण तथा संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहल की है। इसके तहत विभाग में आने वाले द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारियों यानी विकासखंड महिला सशक्तिकरण अधिकारियों के पदों के पारदर्शी और सुचारू व्यवस्थापन के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रशासनिक पुनर्व्यवस्थापन की इस योजना के तहत विकासखंड महिला सशक्तिकरण अधिकारियों के पदों को संचालनालयों, महिला-बाल संरक्षण संस्थाओं, संभागीय व जिला कार्यालयों, क्षेत्रीय समन्वय कार्यालयों और प्रशिक्षण केंद्रों के सेटअप में शामिल किया जाएगा। विभिन्न आयोगों और निगमों में कतिपय पदों को प्रतिनियुक्ति के लिए आरक्षित रखने की व्यवस्था भी की जा रही है।

## पेज 1 का शेष

### पहले दिन डेढ़ लाख ...

29 जुलाई को एक दिवसीय गुरु दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। छह दिवसीय महोत्सव में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। प्रशासन और समिति ने यहां पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की है। करीब पांच एकड़ से अधिक भूमि पर भोजन प्रसादी के वितरण करने की व्यवस्था की है।

### देश भर से आए 5 हजार ...

किया गया। महोत्सव में सेवा का अनूठा उदाहरण भी देखने को मिला।

### केस वापसी- एक करोड़ ...

की हमारी मांग पर सरकार ने शनिवार दोपहर तक का समय मांगा है। उम्मीद है कि सरकार जल्द ही उन्हें पद से हटा देगी। **सीजेपी ने उठाए क्या-क्या मुद्दे ?:** सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि हमने सरकार के सामने एक और अहम मुद्दा उठाया कि दिल्ली पुलिस बीती रात से लेकर पूरे दिन और आज भी बड़ी संख्या में युवा लड़के-लड़कियों को हिरासत में ले रही है। हिरासत में लिए जा रहे लोगों में जंतर-मंतर से घर लौटाया जा रहा है। यहां तक कि प्रदर्शनकारियों के लिए खाना पहुंचाने वाले लोग भी शामिल हैं। पुलिस चुन-चुनकर युवाओं को हिरासत में ले रही है और वकीलों के साथ भी धक्का-मुक्की और बदसलूकी की जा रही है। हमने सरकार से कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे सरकार और युवाओं के बीच भरोसे की कमी और बढ़ेगी। सरकार ने आश्वासन दिया कि अगर इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, तो उन्हें जारी नहीं रहने दिया जाएगा और दिल्ली पुलिस को इस संबंध में उचित निर्देश दिए जाएंगे।

### 47 अधिकारी बर्खास्त ...

कार्रवाई भी की जाएगी। एक दिन पहले सरकार ने गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय के दो सचिवों को बदला था। पेपर लीक और परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों के आरोपों से घिरी एनटीए में जवाबदेही तय करने के लिए यह बड़ी कार्रवाई की गई है। मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम एजेंसी के संपूर्ण पुनर्गठन (ओवरहॉल) का हिस्सा है। आने वाले दिनों में परीक्षा प्रणाली को अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए एनटीए में और भी कई बड़े और कड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस पर सीजेपी के फाउंटर अभिजीत दीपके ने दिलचस्प अंदाज में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें एक छोटी मछली दिख रही है। एनटीए की ये कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में छात्रों का धरना जारी है।

### सीजेपी से मुलाकात ...

शनिवार दोपहर फिर उनसे मुलाकात करेंगे और सरकार के भीतर हुई चर्चा की जानकारी देंगे। कॉकरोच जनता पार्टी के डेलिगेशन से मिलने से पहले नड्डा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। किस मुद्दे पर दोनों मिले, इस संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### 10 साल की सजा ...

विधेयक को संसद में पेश करने की तैयारी में है। इस बिल में पेपर लीक माफिया के खिलाफ कड़े प्रावधान होंगे। बिल में पेपर लीक के मामलों में 10 की सजा और 10 करोड़ के जुर्माना का प्रावधान होगा। पेपर लीक विवाद और प्रदर्शन के बीच पीएम मोदी ने गुरुवार आधी रात 12 बजे छात्रों के लिए वीडियो संदेश जारी किया था।

**अभी पेपर लीक पर क्या है कानून?** : देश में पहले ही से लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 लागू है। इसे 12 फरवरी 2024 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली थी और 21 जून 2024 से पूरे देश में लागू है। सरकार नए संशोधन कर कानून को और सख्त और प्रभावशाली करने की तैयारी में है।

पहले के कानून में यह हैं प्रावधान

**पेपर लीक करने पर** : 3 से 5 साल जेल और 10 लाख तक जुर्माना

**गिरोह शामिल होने पर** : 5 से 10 साल जेल और 1 करोड़ तक जुर्माना

**एजेंसी दोषी होने पर**: 1 करोड़ जुर्माना, परीक्षा की पूरी लागत वसूली और अगले 4 साल परीक्षा कराने पर बैन

इस कानून के तहत अपराध गैर जमानती है और समझौता नहीं हो सकता। जांच डीएसपी रैंक या उससे सीनियर अफसर करेंगे।

### एजेंसियों की ..

फंडिंग या हिंसा फैलाने की पाकिस्तानी मंशा को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे प्रकरण पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। उल्लेखनीय है कि 20 जुलाई को सीजेपी के संसद चलो मार्च के दौरान विदेशी फंडिंग के आरोप लगे थे, जिसके बाद एनआईए जांच की मांग को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में जनहित याचिका भी दायर की गई है। हालांकि सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने इन आरोपों को खारिज किया है। दूसरी तरफ, सुरक्षा एजेंसियां भारत में भ्रम फैलाने वाले करीब 100 पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स को पहले ही बैन कर चुकी हैं। इस बीच, नीट पेपरलीक और सीजेपी प्रदर्शन के मुद्दे पर संसद की कार्यवाही लगातार पांचवें दिन भी बाधित रही, जहां विपक्ष शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़ा हुआ है।

### तिरंगा लेकर ...

प्रदर्शन के दौरान लगी गंभीर चोटों के कारण बुरी तरह प्रभावित हुई है। राहुल गांधी ने साहिल को मीडिया के सामने लाकर दावा किया कि 20 जुलाई को शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर सुरक्षा बलों ने पैलेट गन (छर्रों) का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि साहिल तिरंगा लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस की बर्बर कार्रवाई में उनकी एक आंख की रोशनी जाने की नौबत आ गई है। साहिल लोचाब दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं और दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र हैं। वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में हाथ बटाने के लिए पार्ट-टाइम कार भी चलाते हैं। साहिल एसएससी दिल्ली कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे थे और 2024-25 में हुए पेपर लीक से प्रभावित हुए थे। दिल्ली पुलिस ने आधिकारिक तौर पर बयान जारी कर यह दावा किया था कि प्रदर्शनकारियों पर किसी भी तरह की पैलेट गन या छर्रों का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

### गिरिबाला सिंह की ...

फरार होने या साक्ष्यों से छेड़छाड़ की कोई आशंका नहीं है। वकील ने पारिवारिक संपत्ति और पेंशन का हवाला देते हुए आर्थिक लाभ के लिए दहेज मांगने के आरोपों को निराधार बताया। साथ ही, मां के खराब स्वास्थ्य और सीबीआई जांच में पूरे सहयोग का तर्क देते हुए जमानत की मांग की। दूसरी ओर, सीबीआई के वकील ने स्पष्ट किया कि दहेज हत्या मामलों में केवल मजबूत आर्थिक स्थिति को आधार नहीं बनाया जा सकता। वहीं, ट्विशा पक्ष के वकील ने बयानों में विरोधाभास, लिगेचर सामग्री से छेड़छाड़ और सीसीटीवी फुटेज में टैंपरिंग की आशंका जताई। तमाम दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया, जिस पर शनिवार को आदेश आएगा।

### केंद्रीय मंत्री रवनीत ...

बिट्टू ने एक्स पोस्ट में लिखा कि मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे भारत सरकार में राज्य मंत्री के रूप में देश की सेवा करने का अवसर दिया। भारत की जनता, खासकर मेरे प्रिय पंजाब की सेवा करना मेरे लिए सम्मान और गर्व की बात रही है। बिट्टू पहले ही कह चुके हैं कि अब वह पंजाब की राजनीति पर पूरा ध्यान देना चाहते हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा उन्हें राज्य में बड़ा चेहरा बना सकती है। चर्चा है कि मोदी सरकार जल्द ही कैबिनेट में बड़ा फेरबदल कर सकती है।

### जिला पंचायत ...

बाद विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि विधायक के बेटे ने सोंधिया को मंच से जाने के लिए कहा, जिससे तीखी बहस के बाद दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। माहौल बिगड़ते ही पुलिस बीच-बचाव कर जिला पंचायत अध्यक्ष को सुरक्षा में नीचे लाने लगी। तभी भीड़ में से एक व्यक्ति ने सोंधिया को थप्पड़ जड़ दिया। पुलिस तुरंत उन्हें सुरक्षित नरसिंहगढ़ थाने ले गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर घेराव किया और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया।

### प्रशासन से मुस्लिम ...

दिन की कार्यवाही के अंत में इसका उल्लेख किया। अहमदी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आवंटित वैकल्पिक स्थल विवादित परिसर से काफी दूर है। उनके अनुसार दो शुक्रवार की नमाज छूट चुकी है और दिया गया स्थान करीब 1.3 किलोमीटर दूर है। इस पर राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि वैकल्पिक स्थल करीब 900 मीटर की दूरी पर है। अहमदी ने जवाब में कहा-हमारे पास हेलीकॉप्टर नहीं हैं... सड़क मार्ग से दूरी 1.3 किलोमीटर है। अदालत के आदेशों का पालन

#### त्रुटि सुधार

मैं गुरुवक्श, निवासी ग्राम पंचायत आमला, तहसील हुजूर जिला भोपाल का निवासी हूँ। मेरे बच्चों क्रमश पुत्र अमन सिसोदिया 10वी उत्तीर्ण, पुत्री स्वेता सिसोदिया, 9वी उत्तीर्ण और सोनम सिसोदिया 8वीं उत्तीर्ण हैं, की तीनों मार्कशीटों में मेरा (पिता) का नाम गुरुवक्श के स्थान पर कृपाल हो गया है जिसकें कारण बच्चों को स्कूल एवं संबंधित लाभ लेने में समस्या आ रही है। अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरे तीनों बच्चों की मार्कशीट में मेरा नाम गुरुवक्श करने का कष्ट करें।

नहीं करने की कोशिश की जा रही है।

### अदालती कार्यवाही ...

अदालत की कार्यवाही के वीडियो के गलत इस्तेमाल का मुद्दा उठाया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विकास सिंह की बात से सहमति जताई और कहा कि इस मामले में कुछ नियमों की जरूरत है।

### डॉ. खाड़े सीएम ...

अलावा, राज्य में पदोन्नति नियम-2025 और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का ड्राफ्ट तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के उप सचिव अजय कटेसरिया को रतलाम जिले का नया कलेक्टर बनाया गया है।

### इन्वेस्टर्स समिट ...

का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अधिकारी संदीप यादव को जल संसाधन विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। अब केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध नदी जोड़ो परियोजनाओं की जिम्मेदारी उन्हीं के पास रहेगी। कुमार पुरुषोत्तम सीएम कार्यालय में उप सचिव बनेः इसी तरह नर्मदा घाटी विकास विभाग (एनवीडी) का प्रभार प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार को सौंपा गया है, जो राजस्व विभाग के साथ इस जिम्मेदारी को भी संभालेंगे। वहीं, कृषि उपज मंडी के एमडी कुमार पुरुषोत्तम को सीएम कार्यालय में उप सचिव भी पदस्थ किया गया है।

### इन जिलों के ...

ओएसडी सह आयुक्त और आगर मालवा की निवर्तमान कलेक्टर प्रीति यादव को इंदौर में औद्योगिक विकास निगम का कार्यकारी संचालक बनाया गया है।

## निविदा

**नॅशनल पेस्टीसाइड्स एंड केमिकल्स**

निम्नलिखित जल में घुलनशील उर्वरकों के मिश्रण, विनिर्माण और आयात करके मध्य प्रदेश राज्य में बिक्री करने वाले हैं।

**- विवरण निम्न है -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| NPK-00:35:30 | NPK-10:20:30-8S | NPK-10:34:00 | 00:52:34 |
| NPK-00:48:47 | NPK-11:44:11-TE | NPK-13:05:21 | 13:00:45 |
| NPK-00:60:40-TE | NPK-12:32:16 | NPK-18:18:18 | NPK-20:20:20 |
| NPK-00:40:10 | NPK-13:05:21 | NPK-00:09:46-12SU | Calcium Nitrate |
| NPK-09:12:46-UG | NPK-13:40:13 | NPK-00:24:24 | $MgSO_4$-9.5% |
| NPK-15:30:15 | NPK-19:19:19 | NPK-00:26:26-30.8S | $CuSO_4$)-24% |
| NPK-17:44:00-TE | NPK-24:24:00 | NPK-00:37:37-3SU-22U | $FeSO_4$-19% |
| NPK-21:21:21 | NPK-06:12:36 | NPK-00:54:17 | $ZnSO_4$-21% |
| NPK-23:00:23 | NPK-00:42:37-3SU-Zn | NPK-00:42:47 | Borax-10.5% |
| NPK-11:11:08 | NPK-00:42:47-2.8Fe | NPK-09:46:15-TE | $MnSO_4$-30.5% |
| NPK-08:08:08 | NPK-05:10:48-TE | NPK-20:20:20 | Potassium Magnesium Sulphate |
| NPK-12:61:00 | NPK-05:55:15 | NPK-28:28:00-TE | |
| NPK-10:00:15 | NPK-10:20:30 | 00:00:50 | |

उपरोक्त विनिर्मित या आयात की गुणवत्ता The Fertilizer (Control) Order 1985 नोटिफिकेशन नं. S.O. 2900(E) Dt 24/10/2015 के अनुसार है।

**NATIONAL PESTICIDES & CHEMICALS - C-8, M.I.D.C INDUSTRIAL AREA , AMRAVATI TQ. AND DIST. AMRAVATI . MAHARASHTRA 444701**

## पश्चिम मध्य रेल

**ई– निविदा सूचना**

**विद्युत विभाग कर्षण–वितरण शाखा जबलपुर**

**एन.आई.टी नं. जबल टीआरडी–निविदा–2026–11 दिनांक 22.07.2026**

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/ कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए । **कार्य का नाम :** जबलपुर डिवीजन में मेन लाइन से लूप लाइन (अप/डाउन) को अलग करने और असलाना (एएनए), बांदकपुर (बीएनयू), घटेरा (जीईए), गोसलपुर (जीएसपीआर), निवार (एनडब्ल्यूआर), पटोहन (पीटीएचडी), बखलेटा (बीक्यूक्यू), रीठी (आरईआई), नरियावली (एनओआई), पथरिया (पीएचए), सगोनी (एसएओ), भरसेंडी (बीएसडीएल), जुकेही (जेकेई), जैतवारा (जेटीडब्लू), टिकरिया (टीकेवाईआर), बगरातावा (बीजीटीए), गुरमखेडी (जीएमडी) और घाटपिंडराई (जीपीसी) स्टेशनों या जबलपुर डिवीजन के किसी अन्य स्टेशन पर प्लेटफॉर्म को रेल लेवल लो लेवल से हाई लेवल तक ऊँचा करने से जुड़े टीआरडी/ओएचई के काम ।, **कार्य स्थल :** जबलपुर मण्डल।, **कार्य की अवधिः** 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** रुपये 8,43,38,717.82/– (रुपये आठ करोड़ तैंतालीस लाख अड़तीस हजार सात सौ सत्रह और बयासी पैसे मात्र), **बयाना राशि :** रूपये–16,86,800.00/–, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** 14.08.2026, 15:00 बजे/14.08.2026, 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट :** https/www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाएँ आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

(हस्ता)

वरि.मं.वि.इंजी./क.वि., पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## बैंक ऑफ़ इंडिया

आंचलिक कार्यालयः
भोपाल अंचल बैंक ऑफ इंडिया भवन,
जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2556770, 2555169
E-mail: bhopal.assetrecovery@bankofindia.bank.in

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

### अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **भौतिक /सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **25.08.2026** को **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है। नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के वेबपोर्टल **http://BAANKNET.com** पर संपन्न होगी।

| ऋणी /जमानतदार का नाम<br>मांग नोटिस राशि | बंधक रखी संपत्ति का विवरण<br>एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम | आरक्षित मूल्य<br>धरोहर राशि<br>बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| **गुलमोहर शाखा भोपाल, फोन : 8305819840**<br>**Account to deposit auction sale proceeds- 900990200000033, IFSC- BKID0009009** | | |
| ऋणीः 1. **श्री संकट मोचन मिश्रा** पुत्र श्री स्वामी शरण मिश्रा<br>2. **श्रीमती सुनीता मिश्रा** पत्नी श्री संकट मोचन मिश्रा<br>जमानतदारः **हरीश मालवीय** पुत्र श्री नाने लाल मालवीय<br>मांग सूचना राशिः ₹ 20,50,073.26/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 09.03.2026<br>कब्जा दिनांक : 03.06.2026 (सांकेतिक) | मकान नं. 405, बंगाली कालोनी, शिव मंदिर के पीछे, बीडीए कॉलोनी, पंचशील नगर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश। संपत्ति मालिक- 1. श्री संकट मोचन मिश्रा पुत्र श्री स्वामी शरण मिश्रा एवं श्रीमती सुनीता मिश्रा पत्नी श्री संकट मोचन मिश्रा चर्तुसीमाएँ: पूर्व- प्लॉट संख्या 406, पश्चिम- प्लॉट संख्या 404, उत्तर- सर्विस लेन, दक्षिण- खुला क्षेत्र। | ₹ 20,79,000/-<br>₹ 2,07,900/-<br>₹ 10,000/- |
| **बीएचईएल शाखा भोपाल, फोन : 9529812862**<br>**Account to deposit auction sale proceeds- 900490200000033, IFSC- BKID0009004** | | |
| ऋणीः **श्री मोहम्मद सलमान पुत्र मोहम्मद शफीक एवं श्रीमती गुलफिशा पत्नि श्री मोहम्मद सलमान**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 18,81,730.26/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 11.03.2026<br>कब्जा दिनांक : 16.05.2026(सांकेतिक) | संपत्ति का समस्त भू भाग मकान स्थित फ्लैट नं. 09, ब्लॉक 1, 48 एमआईजी, अंत्योदय नगर, बागदिलकुशा, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल क्षेत्रफल- 671.74 वर्गफिट भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति मालिक- श्री मोहम्मद सलमान पुत्र मोहम्मद शफीक एवं श्रीमती गुलफिशा चर्तुसीमाएं- पूर्व-फ्लैट नं. 10 एवं खुली जगह, पश्चिम- खुली जगह, उत्तर- खुली जगह, दक्षिण- फ्लैट नं. 12 सीढ़िया एवं रोड | ₹ 17,00,000/-<br>₹ 1,70,000/-<br>₹ 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 25.08.2026, को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक**

ई-नीलामी की शर्ते :-

(1) ई-नीलामी /बिडिंग ''ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग'' के माध्यम से ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर वेबसाइट **http://BAANKNET.com** पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करें।
(2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **21.08.2026** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी।
(5) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख (रुपये पचास लाख) या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
(6) सफल खरीददार को संपत्ति पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(7) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(8) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें: अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।
नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को 30 दिवसीय विक्रय सूचना भी है।

**स्थान : भोपाल, दिनांक : 25.07.2026** — प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED
ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश,
जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजन, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यो के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6297



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 6296 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | बी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | प्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6307

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6306 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## खबर संक्षेप

### हिंदुस्तान जिंक को स्ट्रांग ईएसजी रेटिंग प्राप्त

**मुंबई।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को क्रिसिल ईएसजी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल ईएसजी 62 की पर्यावरण, सामाजिक एवं सुशासन रेटिंग प्रदान की गई है, जिससे कंपनी को स्ट्रांग श्रेणी में स्थान मिला है। यह मूल्यांकन किसी कंपनी के पर्यावरण, सामाजिक और सुशासन संबंधी जोखिमों के प्रति उसके एक्सपोजर, पर्यावरण एवं समाज पर उसके प्रभाव, आंतरिक गवर्नेंस प्रक्रियाओं तथा ईएसजी से जुड़े जोखिमों और अवसरों के प्रभावी प्रबंधन की क्षमता का आकलन करता है।

### बिटडेल्टा ने लांच किया क्रिप्ट्यूशन

**नई दिल्ली।** एफआईयू-आईएनडी पंजीकृत वर्चुअल डिजिटल एसेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म बिटडेल्टा इंडिया ने 'क्रिप्ट्यूशन' नाम से भारत के पहले संस्थागत स्तर के क्रिप्टो एसेट्स लर्निंग एवं सर्टिफिकेशन इकोसिस्टम की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य लोगों को क्रिप्टो एसेट्स के बारे में संरचित शिक्षा, व्यावहारिक अनुभव और प्रमाणन उपलब्ध कराकर जिम्मेदार एवं जागरूक भागीदारी के लिए तैयार करना है।क्रिप्ट्यूशन को ऐसे समय में लांच किया गया है जब देश में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के प्रति रुचि तेजी से बढ़ रही है।

### नई गैलेक्सी अल्ट्रा2 और वॉच9 पर प्री-ऑर्डर ऑफर्स

**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने नई गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 और गैलेक्सी वॉच9 के लिए भारत में प्री-ऑर्डर शुरू करने की घोषणा की है। जिनमें मल्टी-बाय पर 9,500 रुपए तक की छूट, 1,500 रुपए के रिडीमेबल कूपन, 3,500 रुपए तक का अपग्रेड डिस्काउंट, 3,500 रुपए तक का बैंक कैशबैक और 24 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई शामिल हैं। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य एआई के माध्यम से निरंतर स्वास्थ्य निगरानी को बढ़ावा देना है।

### एसपीजेआईएमआर की ग्रेट लर्निंग से साझेदारी

**मुंबई ।** भारतीय विद्या भवन के एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (एसपीजेआईएमआर ) ने ग्रेट लर्निंग के साथ साझेदारी कर वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) आधारित एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम्स का नया पोर्टफोलियो लांच करने की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत तैयार किए गए प्रोग्राम्स एसपीजेआईएमआर की अकादमिक विशेषज्ञता और ग्रेट लर्निंग के एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्लेटफॉर्म को एक साथ लाते हैं। कार्यक्रमों को एसपीजेआईएमआर के फैकल्टी और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने मिलकर डिजाइन किया है।


अध्ययन में सामने आया कि 95 प्रतिशत लाभार्थियों के लिए पीएम स्वनिधि ऋण उनका पहला बैंक ऋण था

# पीएम-स्वनिधि योजना से रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं की आय में बढ़ोतरी, व्यापार लाभ 20 फीसदी तक बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नईदिल्ली

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम-स्वनिधि) योजना ने देशभर के रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योजना के तहत छोटे व्यापारियों को औपचारिक ऋण व्यवस्था से जोड़ने के साथ उनकी आय, डिजिटल लेनदेन और जीवन स्तर में भी सुधार दर्ज किया गया है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, पीएम-स्वनिधि योजना का विस्तार अब चरणबद्ध तरीके से शहरी क्षेत्रों से आगे बढ़ाकर जनगणना वाले कस्बों और शहरी बाहरी क्षेत्रों तक किया जा रहा है।

यह जानकारी आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस , हैदराबाद द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, पीएम-स्वनिधि योजना से लाभार्थियों के कारोबार में सकारात्मक बदलाव आया है। वर्ष 2023 में किए गए सर्वेक्षण में देश के 100 शहरी स्थानीय निकायों के 5,000 से अधिक लाभार्थियों को शामिल किया गया था। अध्ययन में सामने आया


एआई फोटो

कि 95 प्रतिशत लाभार्थियों के लिए पीएम-स्वनिधि ऋण उनका पहला बैंक ऋण था, जिसका उपयोग उन्होंने अपने व्यापार को बढ़ाने में किया। वहीं, वर्ष 2025 में किए गए अध्ययन में पाया गया कि 2023 से 2025 के बीच योजना के लाभार्थियों के औसत वार्षिक व्यापार लाभ में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

#### सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा लाभ, सभी पात्र रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को शामिल किया

योजना में मौसमी विक्रेता, घूम-घूमकर सामान बेचने वाले, महिला विक्रेता और पर्यटन आधारित विक्रेता सहित सभी पात्र रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को शामिल किया गया है। लाभार्थियों की पहचान स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर की जाती है। सरकार द्वारा योजना के प्रचार-प्रसार के लिए रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्रों और स्थानीय भाषाओं में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही लोक कल्याण मेले, स्वनिधि महोत्सव और विशेष अभियान के माध्यम से नए लाभार्थियों को जोड़ने और ऋण प्रक्रिया को तेज करने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम-स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें देश की औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

#### बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ रहे छोटे व्यापारियों का क्रेडिट इतिहास तैयार हो रहा

मंत्रालय के अनुसार, योजना ने रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है। अध्ययन में पाया गया कि लगभग 30 प्रतिशत लाभार्थियों ने बताया कि पीएम-स्वनिधि ऋण के अलावा उनके पास अन्य औपचारिक ऋण सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इससे छोटे व्यापारियों का क्रेडिट इतिहास तैयार हो रहा है और वे भविष्य में बड़ी वित्तीय सुविधाओं तक पहुंच बना पा रहे हैं। पीएम-स्वनिधि योजना के तहत डिजिटल भुगतान को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्ष 2023 से 2025 के बीच लाभार्थियों में डिजिटल लेनदेन अपनाने की प्रवृत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। शहरी स्थानीय निकायों द्वारा डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए लाभार्थियों को कैशबैक प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

चटक हुई हल्दी, महीनेभर में 16 फीसदी उछले दाम

# 20 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचने की उम्मीद, मांग मजबूत बनी हुई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मसालों के बाजार में हल्दी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। पिछले एक महीने में हल्दी के भाव करीब 16 फीसदी बढ़ चुके हैं। उत्पादन अनुमान से कम रहने, घरेलू मांग मजबूत होने और निर्यात में बढ़ोतरी के चलते आने वाले दिनों में हल्दी के दाम 20,000 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच सकते हैं।



बाजार जानकार और कारोबारियों के अनुसार मौजूदा तेजी केवल तकनीकी कारणों से नहीं, बल्कि मजबूत फंडामेंटल की वजह से है। वर्ष 2025-26 में हल्दी का वास्तविक उत्पादन शुरुआती अनुमान 11.4 लाख टन से कम रहने की संभावना है। वहीं, घरेलू खपत लगातार मजबूत बनी हुई है और किसानों की सीमित बिकवाली तथा कम स्टॉक ने भी कीमतों को सहारा दिया है। व्यापारी अनिल कुकरेजा कहना है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से भारतीय हल्दी की निर्यात मांग बढ़ी है। अप्रैल 2026 में भारत ने 15,039 टन हल्दी का निर्यात किया, जो पिछले वर्ष के समान महीने के 14,957 टन से अधिक रहा। इसके अलावा घरेलू बाजार में भी मांग मजबूत बनी हुई है। जानकारों के मुताबिक यदि मौजूदा रुझान जारी रहता है और बाजार में मुनाफावसूली नहीं होती, तो हल्दी का पहला लक्ष्य 19,000-19,100 रुपए प्रति क्विंटल हो सकता है। इसके बाद निर्यात मांग और सप्लाई की स्थिति अनुकूल रहने पर कीमतें 19,500 से 20,000 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच सकती हैं।

#### एक महीने में 2,500 रुपए की तेजी

नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) पर हल्दी के अगस्त वायदा अनुबंध का भाव 10 जून को 16,150 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 10 जुलाई को बढ़कर 18,740 रुपए प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। यानी एक महीने में कीमतों में करीब 2,590 रुपए या 16 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई, जबकि जुलाई के शुरुआती 10 दिनों में ही भाव करीब 7 प्रतिशत चढ़ चुके हैं।

### बीपीसीएल का नया प्लानः 15 अगस्त तक 100 शहरों में मिलेगा 10 किलो का एलपीजी

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एलपीजी ग्राहकों के लिए बड़ा अपडेट जारी किया है। कंपनी ने अपने 10 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता बढ़ाने की योजना बनाई है। इसके तहत 15 अगस्त तक देश के 24 राज्यों के 100 नए शहरों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी का कहना है कि छोटे परिवारों और कम गैस खपत करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए 10 किलो का सिलेंडर एक बेहतर विकल्प साबित होगा। इससे ग्राहकों को अपनी जरूरत के अनुसार एलपीजी सिलेंडर चुनने की सुविधा मिलेगी। एलपीजी ने यह जानकारी जून तिमाही के वित्तीय परिणामों के बाद आयोजित कॉन्फ्रेंस कॉल में दी।

7 नए मॉडल्स और 3 अपडेटेड बाइक्स

## होंडा ने एथेनॉल पेट्रोल से चलने वाली 10 नई गाड़ियां लांच की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टू-व्हीलर बाजार में इतिहास रचते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अब तक का सबसे बड़ा लांच किया है। कंपनी ने एक साथ 10 नए टू-व्हीलर्स को भारत में अनवील कर दिया है। इसमें 7 बिल्कुल नए मॉडल्स और 3 अपडेटेड बाइक्स शामिल हैं।

होंडा का यह नया पोर्टफोलियो हर तरह के राइडर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें एडवेंचर बाइक, क्रूजर, रोडस्टर, फैमिली इलेक्ट्रिक स्कूटर और एथेनॉल फ्यूल से चलने वाले वाहन शामिल हैं। होंडा के इस नए लाइनअप में एडीवी 160, सीबी 500, रीबेल 300, रीबेल 500, एक्सआर 300एल, एक्सआर 300



रैली, क्यूसी3 इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ-साथ अपडेटेड सीबी350 सीरीज की बाइक्स शामिल हैं। एचएमएसआई के प्रेसिडेंट एवं सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा कि भारत होंडा के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक बाजारों में से एक है। एचएमएसआई के निदेशक मुत्सुओ उसुई ने कहा कि आज के ग्राहक केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि अपनी जीवनशैली के अनुरूप वाहन चाहते हैं। नए पोर्टफोलियो के जरिए होंडा विभिन्न राइडिंग श्रेणियों में ग्राहकों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराएगी।

25 हजार से अधिक मेधावी छात्रों को मिलेगा लाभ

## एसबीआई ने लांच की 'प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप 2026'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा एसबीआई फाउंडेशन ने एसबीआई प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप 2026 की शुरुआत की है। 100 करोड़ रुपए के बजट वाली इस छात्रवृत्ति योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 25,707 मेधावी छात्रों को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

एसबीआई के अनुसार, यह देश की सबसे बड़ी कॉरपोरेट छात्रवृत्ति योजनाओं में से एक है। योजना के तहत पात्र छात्रों को उनकी श्रेणी के अनुसार प्रतिवर्ष 15,000 रुपए से लेकर 15 लाख रुपए तक की छात्रवृत्ति मिलेगी। चयनित पाठ्यक्रम की पूरी अवधि तक यह सहायता जारी रहेगी। इस योजना का लाभ विभिन्न शैक्षणिक स्तरों के छात्रों को मिलेगा। इनमें कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी, एनआईआरएफ की शीर्ष 300 रैंकिंग या एनएएसी 'ए' ग्रेड वाले संस्थानों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र, एमबीबीएस के विद्यार्थी, आईआईटी और आईआईएम में अध्ययनरत छात्र तथा क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में विदेश में मास्टर डिग्री कर रहे छात्र शामिल हैं। एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने कहा कि यह छात्रवृत्ति भारत की युवा प्रतिभाओं में निवेश के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के प्रति एसबीआई की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

#### एसबीआई लाइफ बना भारतीय पैरा दल का प्रिंसिपल पार्टनर



एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने भारतीय पैरालंपिक समिति के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार करते हुए 2026 पैरा स्पोर्ट्स सीजन के लिए भारतीय दल का प्रिंसिपल पार्टनर बनने की घोषणा की है। इसके तहत कंपनी आगामी ग्लासगो राष्ट्रमंडल पैरा खेल 2026 और आइची-नागोया एशियाई पैरा खेल 2026 में भाग लेने वाले भारतीय पैरा दल की आधिकारिक लाइफ इंश्योरेंस पार्टनर होगी। कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं सीएसआर रवींद्र शर्मा ने कहा कि कंपनी का मानना है कि आत्मविश्वास ही व्यक्ति को जीवन की अनिश्चितताओं का सामना करते हुए अपने सपनों को साकार करने की शक्ति देता है।

### एसजीआई ने बनाई वैश्विक पहचान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित एसजीआई बेडिंग ने ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट के जरिए वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। अमेजन ग्लोबल सेलिंग प्लेटफॉर्म की मदद से कंपनी आज अमेरिका और यूरोप सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेड लिनेन और होम फर्निशिंग उत्पादों का निर्यात कर रही है। कंपनी की इस सफलता को भारतीय एमएसएमई के वैश्विक विस्तार का एक उदाहरण माना जा रहा है। वर्ष 2025-26 में हैंडीक्राफ्ट सहित टेक्सटाइल निर्यात 2.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.16 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। मध्य प्रदेश ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में 70,256 करोड़ रुपए के निर्यात के साथ अब तक का सर्वाधिक एक्सपोर्ट दर्ज किया। साल 2008 में स्थापित एसजीआई बेडिंग ने गुणवत्ता, आराम और ग्राहक संतुष्टि को अपनी पहचान बनाया।

## नई निसान टेक्टन का अनावरण, शुरुआती कीमत 10.49 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निसान मोटर इंडिया की नई प्रीमियम सी-एसयूवी निसान टेक्टन के वर्ल्ड प्रीमियर के अवसर पर भोपाल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम.आर. गौरा अग्निहोत्री, एसबी-2 के सोमर राव, प्रबंध निदेशक कुलदीप समाधिया और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नई निसान टेक्टन की खूबियों और



आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। कंपनी के अनुसार इसमें टर्बो टी-160 और टर्बो टी-280 इंजन विकल्प उपलब्ध हैं। इसका टॉप वेरिएंट 163 पीएस की पावर और 280 न्यूटन मीटर का टॉर्क प्रदान करता है। एसयूवी में 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ड्यूल क्लच ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प दिया गया है। निसान के मुख्य प्रदर्शन अधिकारी गुइलॉम कार्टियर ने टेक्टन को भारत में कंपनी की विकास रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा कि टेक्टन की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 10.49 लाख रुपए रखी है, जबकि इसके टॉप वेरिएंट की कीमत 18.59 लाख रुपए तक जाती है। इसकी बुकिंग देशभर के अधिकृत निसान डीलरशिप और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शुरू कर दी गई है।

## बिजनेस न्यूज

### चार दिवसीय बीआरई समिट एंड एक्सपो 2 नवंबर से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने घोषणा की कि भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो (बीआरई समिट एंड एक्सपो) 2026 का आयोजन 2 से 5 नवंबर 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में होगा। पहली बार इस आयोजन के साथ इंटरनेशनल सोलर एलायंस असेंबली का 9वां सत्र और चौथा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ग्रीन हाइड्रोजन भी एक ही मंच पर आयोजित किए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने समिट का उद्घाटन करने की सहमति दी है। समिट में अक्षय ऊर्जा डेवलपर्स, टेक्नोलॉजी कंपनियां, विनिर्माता, बैटरी स्टोरेज कंपनियां, ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र के विशेषज्ञ, वित्तीय संस्थान, अंतरराष्ट्रीय संगठन और निवेशक भाग लेंगे। आरई समिट एंड एक्सपो के लिए 34 देशों को आमंत्रित किया गया है, जबकि आईएसए असेंबली में 128 देशों की भागीदारी प्रस्तावित है।

### शहर में खुला न्यूमी का पहला स्टोर

**भोपाल।** जेन-जेड के लोकप्रिय फैशन-टेक ब्रांड न्यूमी ने राजधानी भोपाल में अपना नया स्टोर खोल लिया है, जो युवाओं के लिए नया फैशन डेस्टिनेशन बन गया है। इस लांच के अवसर पर ब्रांड द्वारा खास ऑफर भी दिए जा रहे हैं। यह स्टोर मध्य प्रदेश में न्यूमी का दूसरा और देशभर में 31वां रिटेल स्टोर है। डीबी सिटी मॉल की दूसरी मंजिल पर स्थित यह स्टोर करीब 1,700 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है। कंपनी के अनुसार, ग्राहक यहां हर सप्ताह लांच होने वाले 500 से अधिक नए स्टाइल्स को एक्सप्लोर कर सकेंगे। न्यूमी के सह-संस्थापक और सीईओ सुमित जसोरिया ने कहा कि मध्य प्रदेश कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बनकर उभरा है।

### आरसीसीपीएल ने पौधरोपण अभियान किया आयोजित

**भोपाल।** आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में ग्राम खेरवाकला में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। यह पहल गांव के तालाब के गहरीकरण एवं बंड निर्माण के उपरांत 'हरित ग्राम अभियान' को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की उत्साही भागीदारी देखने को मिली। प्रमुख रूप से ग्राम खेरवाकला के सरपंच, भैसासुर के सरपंच, मैहर माता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के किसान, विलेज डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य तथा गांव के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रुपया 18 पैसे मजबूत 6.55 प्रति डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे मजबूत होकर 96.55 पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपए को समर्थन मिला। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, एफआईआई की बिकवाली और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर धारणा से रुपए पर दबाव बना रहा।

**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION, GWALIOR**
**WORKSHOP DEPARTMENT**

File No. 01/26x4/19/WS/2026-27 Date : 18/07/2026

जनसम्पर्क RO क्रमांक 517 **DETAILED NOTICE INVITING TENDER** दिनांक 24-07-2026

Online tenders are invited on behalf of Gwalior Municipal Corporation.

| Sr. no. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Tender ID no. | Date of release of Tender | Last date for purchase online tender dated |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of 05 Nos. 3DX (6 in 1) Excavator Cum Bockhoe Loader Vehicle as per attached Specifications and Tender Conditions to workshop Department GMC. | 2,07,50,000 (with GST) | 2026_UAD_498854_3 | 15-07-2026 | 31-07-2026 |

Further details can be seen at http://mptenders.gov.in
Nodal Officer, Workshop, Nagar Nigam Gwalior

**कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला-भोपाल (म.प्र.)**

:: निविदा विज्ञप्ति ::

आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पत्र क्रमांक/9-लेखा/बजट/2025-26/E-1163732/1/1159911 दिनांक 13/07/2026 के परिपालन में मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा जारी पत्र क्रमांक एफ बी-2(ए)/09/2010/2/V/I/1035416/2026, भोपाल, दिनांक 22.05.2026 एवं मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा जारी पत्र क्रमांक एफ 11-16/2012/नियम/चार, भोपाल, दिनांक 24.12.2013 में वर्णित मार्गदर्शी सिद्धांत का पालन करते हुये मध्यप्रदेश शासन के भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियमों के अंतर्गत ई-टेण्डर के माध्यम से वाहनों का अनुबंध करने हेतु सर्वसाधारण एवं टैक्सी परमिट धारी वाहन स्वामी/ट्रेवल्स एजेंसी स्वामी की विशेष जानकारी हेतु यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि, कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला भोपाल में आबकारी अपराधों पर नियंत्रण की दृष्टि से प्रवर्तन कार्य हेतु वर्ष 2026-27 की शेष अवधि (01/08/2026 से 31/03/2027) के लिये 11 (ग्यारह) वाहनों की आवश्यकता है। वाहन अनुबंध की कार्यवाही गठित समिति द्वारा एनआईसी के पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निम्नानुसार सम्पन्न की जावेगी।

निष्पादन स्थल :- कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला भोपाल

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-टेंडर हेतु ऑनलाईन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 27.07.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| 2 | समिति द्वारा ई-टेण्डर खोलने एवं निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय | दिनांक 27.07.2026 का अपरान्ह 03:05 बजे से कार्यवाही पूर्ण होने तक |

ई-टेण्डर के माध्यम से वाहन अनुबंध की प्रकिया, शर्तें एवं निर्बधन NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त जिला भोपाल में कार्यालयीन दिवस/समय में प्राप्त की जा सकती है। सेवाकर हेतु पंजीकृत कोई भी फर्म/ संस्था ई-टेण्डर की प्रक्रिया में भाग ले सकेगी। उक्त जानकारी पोर्टल (https://mptenders.gov.in) के होम पेज पर लाईव टेंडर के ऑप्शन के अंतर्गत आबकारी विभाग का चयन कर, एडवांस सर्च के माध्यम से जिले को सेलेक्ट कर प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु आवेदक का एमपी टेण्डर्स के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना एवं डिजिटल सिग्नेचर होना अनिवार्य है। ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु पोर्टल में पंजीयनकरने, भुगतान प्रक्रिया तथा ई-टेण्डर प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु टेंडरदाता NIC के पोर्टल के हेल्पडेस्क नम्बर 0120-4001 002, 0120-4001 005 अथवा 0120-4493395 पर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर उक्त जानकारी प्राप्त कर सकता है। साथ ही ई-मेल आई.डी. mptenders@mpsedc.com& support&eproc@nic.in पर सम्पर्क कर आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकता है।

सहायक आबकारी आयुक्त
जिला भोपाल (म.प्र.)

G-16107/26 स्वच्छता ही सेवा

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल, प्लाट
P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव,
हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot
P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

{ कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में }

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/776 दिनांकः 14/07/2026

// संदर्भ //

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (29) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

| S.no | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC4335852 | U47214MP2025PTC079164 | मारितोजी प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC4275174 | U10802MP2025PTC078356 | आरएसआरएल फीड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC4325931 | U72900MP2016PTC040927 | सिनर्जिस्टिक्स जोन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC4328769 | U43222MP2025PTC076438 | एएम ऊर्जा शक्ति प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC4329037 | U92490MP2019PTC047477 | एशियाटिक रोलर स्पोर्ट्स एक्सपर्ट्स कॉन्फेडरेसी प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC4267535 | U62099MP2025PTC075485 | नेविगेटिंग होलिस्टिक हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC4137924 | U58200MP2025PTC074820 | वीजोन सर्कल प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AC4136026 | U47219MP2025PTC075525 | माशोबा फूड प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AC4371880 | U27102MP2024PTC070058 | अधिप्रो इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AC4334512 | U42101MP2023PTC066810 | डीजेवाई इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC4202901 | U20129MP2023PTC066594 | बिंद्राविजन मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AC4019361 | U68100MP2023PTC065629 | आरोहणा इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AC4304404 | U15400MP2022PTC063818 | एसजेबीवी एग्रो प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AC4141531 | U47912MP2023PTC064837 | बांकेबिहारी डिलीवेरेबल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AC4173513 | U78300MP2023PTC064850 | आस्कअस रिक्रूटर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AC4388865 | U15400MP2022PTC063602 | आटिका फूड प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AC4354945 | U85320MP2022PTC063325 | ग्रेडिस हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AC4305652 | U85190MP2022PTC059232 | एसआरएच सनराइज हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AC4147901 | U36100MP2021PTC056317 | एक्सोम फर्निचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AC4288124 | U24100MP2014PTC033314 | फील्ड ट्रिप एक्सपेडिशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AC4318623 | U74999MP2020PTC053080 | 9टी 9 एडटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AC3919688 | U74999MP2019PTC050431 | सद्भावना सिक्योरिटी गार्ड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AC4216671 | U45201MP2019PTC049312 | ब्राजा इंजीनियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AC4083083 | U60200MP2016PTC041218 | इंदौर मदन लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AC4217958 | U72300MP2015PTC035075 | एपीसाइकिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AC4249558 | U72300MP2013PTC031982 | नेटमैग्नेटिक सॉफ्टवेयर इन्फोसॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AC4276439 | U01100MP2022PTC062665 | हॉलैंड एग्रीटेक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AC4290697 | U45400MP2014PTC032305 | तिरूमला इंफ्राहाइट प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AC4402566 | U45200MP2011PTC026487 | श्रीप्रभा एडुकॉन हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे है या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है. पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0357/2627

चिंतन

# पेपर लीक पर नकेल जरूरी

नीट-यूजी और जेईईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक को लेकर केंद्रीय कैबिनेट ने सख्त कानून को मंजूरी देकर पेपर लीक करने वालों पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ और कड़ी सजा का प्रावधान करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किया जा सकता है। प्रस्तावित कानून में पेपर लीक के दोषियों के लिए 10 साल तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान हो सकता है। यह निर्णय केवल एक कानून बनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि देश की पूरी परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार का अवसर भी बनना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में लगभग हर बड़ी भर्ती या प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों के विश्वास को झकझोर दिया है। हर बार लाखों मेहनती अभ्यर्थियों की वर्षों की तैयारी कुछ लोगों के लालच और संगठित अपराध के कारण प्रभावित हुई है। सुप्रीम कोर्ट भी स्पष्ट कर चुका है कि केवल तदर्थ उपायों से परीक्षा प्रणाली सुरक्षित नहीं बनाई जा सकती। आवश्यकता एक ऐसी स्थायी, तकनीक आधारित और पारदर्शी व्यवस्था की है, जिसमें प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर प्रिंटिंग, परिवहन, परीक्षा संचालन और मूल्यांकन तक हर चरण सुरक्षित हो। डिजिटल निगरानी, सीमित मानव हस्तक्षेप और जवाबदेही तय करने जैसी व्यवस्थाओं को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और अन्य परीक्षा संस्थाओं की कार्यप्रणाली का समय-समय पर स्वतंत्र ऑडिट भी होना चाहिए। पेपर लीक के खिलाफ लड़ाई में केवल सरकार की भूमिका पर्याप्त नहीं होगी। राज्यों, जांच एजेंसियों, परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं, स्कूल-कॉलेजों, अभिभावकों और समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सहमति बनानी चाहिए। संसद में आने वाले विधेयक पर गंभीर और सार्थक चर्चा हो, ताकि कानून में ऐसी कोई कमी न रह जाए, जिसका लाभ भविष्य में अपराधी उठा सकें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जांच और न्यायिक प्रक्रिया तेज हो। यदि पेपर लीक के मामलों में वर्षों तक फैसले लंबित रहेंगे तो कठोर कानून का उद्देश्य कमजोर पड़ जाएगा। विशेष अदालतों, समयबद्ध जांच और दोषियों की संपत्ति जब्त करने जैसे प्रावधान इस कानून को और प्रभावी बना सकते हैं। नीट को लेकर आंदोलन और विपक्ष के तेवरों को देखते हुए लगता है कि सरकार इस बिल को आसानी से पारित करवा लेगी। इसके बाद कानून बनने पर कोई भी व्यक्ति या पेपर लीक माफिया ऐसा करने से 100 बार सोचेगा। सभी पार्टियों से भी उम्मीद की जाती है कि वे इस बिल पर संसद में सार्थक चर्चा करे और इसकी बेहतरी के लिए सुझाव पेश करे। सरकार इसमें यह भी प्रावधान करे कि जो विद्यार्थी परीक्षा लीक में शामिल हों, उन पर भविष्य में प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगा देनी चाहिए। कुल मिलाकर आज का समय हमारे युवाओं का है। ऐसे में उन्हें परीक्षा माफियाओं के चंगुल से बचाना होगा। सरकार परीक्षा प्रणाली में सुधार की बात पहले ही कह चुकी है। नीट व जेईईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को परीक्षा माफियाओं से बचाने के लिए प्रश्न पत्र का प्रारूप भी ऐसा तैयार करना होगा, जिसमें औसत छात्र भी परीक्षा को बोझ न मानें और इसमें आसानी से भाग लेकर परीक्षा पास करने का मौका पा सकें। इससे छात्र हताश नहीं होंगे और कोचिंग माफिया से भी बचेंगे। छात्रों में आगे और बेहतर करने की लालसा पैदा होगी।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# अर्थव्यवस्था की नई ताकत जेन-जी

वर्ष 2019-20 में कुल निवेशकों में जेन-जी की हिस्सेदारी 23.5 प्रतिशत थी, जो 2025-26 में बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार 6 वर्षों में उसकी भागीदारी करीब डेढ़ गुना हो चुकी है। नए निवेशकों में भी जेन-जी का अनुपात 52.1 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में नए निवेशकों की औसत आयु 29 वर्ष से घटकर 27 वर्ष रह गई। इसका सीधा अर्थ है कि भारत में निवेश की शुरुआत अब पहले की तुलना में कम उम्र में हो रही है। भारत में जेन-जी की आबादी करीब 37.7 करोड़ है। एक समय शेयर बाजार को बड़े शहरों, ऊंची आय वाले परिवारों और अपेक्षाकृत अधिक उम्र के निवेशकों का क्षेत्र माना जाता था। जेन-जी ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है।

वर्ष 1997 से 2012 के बीच जन्मी जेनरेशन-जेड यानी जेन-जी का बड़ा हिस्सा अभी शिक्षा, रोजगार या करियर के शुरुआती पड़ाव पर है। इसके बावजूद शेयर बाजार में उसकी बढ़ती भागीदारी, उपभोग पर प्रभाव और ऋण चुकाने में दिख रहा अनुशासन संकेत देता है कि यह पीढ़ी भारतीय अर्थव्यवस्था की भावी दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वित्त वर्ष 2019-20 से 2025-26 के बीच शेयर बाजार से जुड़े प्रत्येक 10 नए निवेशकों में लगभग 6 की आयु तीस वर्ष से कम रही है।

वर्ष 2019-20 में कुल निवेशकों में जेन-जी की हिस्सेदारी 23.5 प्रतिशत थी, जो 2025-26 में बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार 6 वर्षों में उसकी भागीदारी करीब डेढ़ गुना हो चुकी है। नए निवेशकों में भी जेन-जी का अनुपात 52.1 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में नए निवेशकों की औसत आयु 29 वर्ष से घटकर 27 वर्ष रह गई। इसका सीधा अर्थ है कि भारत में निवेश की शुरुआत अब पहले की तुलना में कम उम्र में हो रही है। एक समय शेयर बाजार को बड़े शहरों, ऊंची आय वाले परिवारों और अपेक्षाकृत अधिक उम्र के निवेशकों का क्षेत्र माना जाता था। जेन-जी ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है। स्मार्टफोन, सस्ती इंटरनेट सेवा, आधार-आधारित सत्यापन, ऑनलाइन डीमैट खाते, डिजिटल भुगतान और निवेश मंचों ने छोटे शहरों तथा कस्बों के युवाओं के लिए भी बाजार के दरवाजे खोल दिए हैं। शेयर बाजार के कुल निवेशक आधार में जेन-जी की 38.3 प्रतिशत हिस्सेदारी उसकी बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। हर दस निवेशकों में करीब चार का इस पीढ़ी से होना भारतीय शेयर बाजार की सामाजिक और भौगोलिक संरचना में आ रहे व्यापक बदलाव को रेखांकित करता है। युवा निवेशकों की बढ़ती संख्या के कारण घरेलू बचत का एक हिस्सा पारंपरिक जमा साधनों से निकलकर वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहा है। नियमित और दीर्घकालीन निवेश में वृद्धि होने पर कंपनियों को बाजार से पूंजी जुटाने में सुविधा मिलती है। इस पूंजी का उपयोग उत्पादन क्षमता बढ़ाने, नई परियोजनाएं शुरू करने और रोजगार सृजित करने में किया जा सकता है। इसलिए युवा निवेशकों की भागीदारी का प्रभाव केवल शेयरों की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वास्तविक अर्थव्यवस्था तक भी पहुंचता है। सेबी के निवेशक सर्वेक्षण 2025 के अनुसार, प्रतिभूति बाजार के उत्पादों के प्रति जेन-जी में जागरूकता 66 प्रतिशत थी, जो अन्य कई आयु-वर्गों की तुलना में अधिक है। इससे स्पष्ट है कि युवा केवल निवेश मंचों तक नहीं पहुंच रहे, बल्कि शेयर, म्यूचुअल फंड, विनिमय कारोबार वाले कोष और अन्य वित्तीय साधनों को समझने का प्रयास भी कर रहे हैं। कम उम्र में निवेश शुरू करने से उन्हें चक्रवृद्धि प्रतिफल का लाभ उठाने के लिए लंबी अवधि मिलती है। जेन-जी को अक्सर आवेग में खर्च करने वाली और कर्ज पर निर्भर पीढ़ी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन ऋण संबंधी आंकड़े इस धारणा का दूसरा पक्ष सामने रखते हैं। फिनटेक कंपनियों और नई पीढ़ी की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का कुल ऋण पोर्टफोलियो करीब 1.43 लाख करोड़ रुपए है। इसमें असुरक्षित ऋण की हिस्सेदारी लगभग 1.01 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से करीब 50,000 करोड़ का ऋण



जेन-जी को दिया गया है। इस प्रकार इन संस्थानों के असुरक्षित ऋण में जेन-जी की हिस्सेदारी लगभग 49.5 प्रतिशत है। संबंधित ऋणों की डिफॉल्ट दर दिसंबर 2024 में 0.42 प्रतिशत से घटकर जून 2025 में 0.35 प्रतिशत रह गई। यानी इसमें 0.07 प्रतिशत-बिंदु की कमी आई है। यह गिरावट संकेत देती है कि जेन-जी के अधिकांश उधारकर्ता समय पर ऋण चुका रहे हैं और असुरक्षित ऋण लेने के बावजूद उनमें वित्तीय अनुशासन दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद असुरक्षित ऋणों को लेकर सावधानी जरूरी है, क्योंकि इनमें किसी संपत्ति की जमानत नहीं होती। आसान डिजिटल ऋण, तत्काल स्वीकृति और आकर्षक प्रस्ताव युवाओं को आय से अधिक उधारी के लिए प्रेरित कर सकते हैं। एक ऋण चुकाने के लिए दूसरा ऋण लेना आगे चलकर वित्तीय दबाव और चूक का कारण बन सकता है।

भारत में जेन-जी की आबादी करीब 37.7 करोड़ है। यह पीढ़ी प्रत्यक्ष रूप से अथवा पारिवारिक खरीद-निर्णयों के माध्यम से करीब 71 लाख करोड़ रुपये के वार्षिक उपभोग को प्रभावित करती है। यह देश के कुल उपभोग का लगभग 43 प्रतिशत है। वर्ष 2035 तक जेन-जी से जुड़ा उपभोग करीब 1.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इससे आने वाले वर्षों में उसकी आर्थिक शक्ति और अधिक व्यापक होने का संकेत मिलता है। जेन-जी द्वारा प्रभावित 43 प्रतिशत उपभोग अर्थव्यवस्था में उसकी मांग-सृजन क्षमता को दर्शाता है। युवा जिन उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता देते हैं, कंपनियां उसी के अनुरूप उत्पादन, विपणन और निवेश की रणनीति बनाती हैं। यह पीढ़ी केवल खरीदार भी नहीं है। वह ऐप-आधारित सेवाओं की उपयोगकर्ता, डिजिटल सामग्री की निर्माता, स्टार्टअप की संस्थापक, स्वतंत्र पेशेवर, ऑनलाइन विक्रेता और निवेशक है। युवा निवेशकों की बढ़ती संख्या बाजार के लिए शुभ संकेत है, लेकिन डिजिटल दक्षता अपने आप वित्तीय परिपक्वता की गारंटी नहीं होती। सोशल मीडिया पर मिलने वाली अधूरी सलाह, प्रभावशाली व्यक्तियों की अप्रमाणित सिफारिशें, वायदा एवं विकल्प कारोबार का आकर्षण, क्रिप्टो परिसंपत्तियों की अस्थिरता और बिना पर्याप्त समझ के लिया गया असुरक्षित ऋण गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। शेयर बाजार दीर्घकालीन संपत्ति निर्माण का माध्यम है, त्वरित कमाई की मशीन नहीं।

जेन-जी को निवेश और सट्टेबाजी के अंतर, जोखिम-विविधीकरण, आपातकालीन कोष, बीमा, चक्रवृद्धि प्रतिफल और जिम्मेदार ऋण-व्यवहार की समझ देना आवश्यक है। वित्तीय संस्थानों और नियामकों को भी युवाओं के लिए सरल भाषा में वित्तीय शिक्षा, पारदर्शी ऋण शर्तें और प्रभावी निवेशक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। जेन-जी की वास्तविक शक्ति केवल उसके युवा होने में नहीं, बल्कि तकनीक के साथ उसकी सहजता, सीखने की तत्परता और परंपरागत आर्थिक व्यवहार बदलने की क्षमता में है। यदि उसे रोजगार, गुणवत्तापूर्ण वित्तीय शिक्षा, जिम्मेदार ऋण और सुरक्षित निवेश के अवसर मिलते हैं, तो उसकी बचत उत्पादक पूंजी में बदल सकती है। इससे कंपनियों को दीर्घकालीन संसाधन, बाजार को व्यापक निवेशक आधार और अर्थव्यवस्था को टिकाऊ मांग मिलेगी। जेन-जी के हाथ में स्मार्टफोन है और उसी स्क्रीन पर बैंक खाता, डीमैट खाता, ऋण, कारोबार तथा निवेश के अवसर भी हैं। चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि उसकी उंगलियां केवल बाजार की तेजी का पीछा न करें, बल्कि जोखिम समझते हुए भविष्य की संपदा रचें। ऐसा होने पर जेन-जी शेयर बाजार की नई सहभागी भर नहीं रहेगी, बल्कि भारत की निवेश-संस्कृति और आर्थिक विकास की मजबूत धुरी बन सकती है।

(लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

स्मृति दिवस विशेष
सच्चिदानंद वर्मा



# स्वयं को ईश्वर के साथ एकाकार करने में सहायक है क्रिया योग


भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) के भक्तों और विश्व में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फेलोशिप (एसआरएफ़) के सदस्यों द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को महावतार बाबाजी का स्मृति दिवस मनाया जाता है। आधुनिक युग में जिस क्रिया योग की चारों तरफ चर्चा होती रही है, उसके उद्धारक महावतार बाबाजी ही हैं। भारत के ईश्वर प्राप्त संतों ने उन्हें श्रद्धा से महामुनि बाबाजी महाराज,महायोगी तथा शिव बाबा नाम दिए हैं। बाबाजी ने कहा था कि कई राष्ट्रों के लाखों लोग इस पद्धति से व्यक्तिगत इंद्रियातीत अनुभव प्राप्त करेंगे, जिससे विश्व में शांति स्थापित होंगी। सर्वप्रथम महावतार बाबाजी के बारे में जानकारी संपूर्ण विश्व को परमहंस योगानंद की पुस्तक योगी कथामृत द्वारा मिली। इस पुस्तक के अनुसार आज भी महावतार बाबाजी शारीरिक रूप में विद्यमान है। वे आज भी बद्रीनाथ के हिमालयी क्षेत्रों में आसानी से विचरण करते रहते हैं। ये साधारण संन्यासी नहीं, बल्कि अवतारी पुरुष है। उनका संपूर्ण जीवन मानव उत्थान के लिए है। उनके जन्मस्थान और परिवार के बारे में किसी को पता नहीं। वे देश व काल से परे हैं। वे साधारणतया हिन्दी बोलते हैं। लेकिन वे किसी भी भाषा में बातचीत कर सकते हैं। वे कभी-कभी ही प्रकट होते हैं। वे मानवीय आकलन से परे और अकल्पनीय हैं। आध्यात्मिक अवस्थाओं की कई श्रेणियां होती हैं। उनमें से एक



महावतार भी है। वे मनुष्य और ईश्वर के बीच सेतु की तरह हैं, इसीलिए उन्होंने देह धारण किया है। योगदा और एसआरएफ के संन्यासी व भक्त 25 जुलाई को बाबाजी की स्मृति दिवस के रूप में इसलिए मनाते हैं क्योंकि 25 जुलाई 1920 को ही बाबाजी ने परमहंस योगानंद को दर्शन दिए थे। जब योगानंद एक बंद कमरे में ध्यानमग्न अवस्था में बैठकर ईश्वर से कुछ आश्वासन चाह रहे थे, तभी किसी ने दरवाजा खटखटाया। जब परमहंस ने दरवाजा खोला तो उन्होंने पाया कि उनके सामने महावतार बाबाजी खड़े हैं। महावतार बाबाजी कहते हैं कि तुम्हारी प्रार्थना सुन ली गई है। डरो मत। अमेरिका जाओ। वहां तुम्हारा संरक्षण किया जाएगा। बहुत वर्ष पहले मैं तुम्हारे गुरु युक्तेश्वर से एक कुंभ मेले मे मिला था और तभी मैंने उनसे कह दिया था कि मैं तुम्हें उनके पास शिक्षा ग्रहण के लिए भेजूंगा। असल में योगानंद को अमेरिका में एक धर्म सम्मेलन को संबोधित करने के लिए न्योता मिला था और वे अमेरिका जाने के पहले पूर्ण रूप से ईश्वर से आश्वस्त हो जाना चाहते थे कि कहीं वे पश्चिम सभ्यता में अपने असली उद्देश्य से भटक न जाएं। योगदा के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानंद योगी कथामृत पुस्तक को उद्धृत करते हुए बताते हैं कि इस क्रिया योग विज्ञान की खोज सतयुग में हुई। इसकी चर्चा श्रीमद्भगवद्गीता में भी की गई है। लेकिन कालांतराल में यह विलुप्त हो गया। पुनः महावतार बाबाजी चाहते थे कि इस क्रिया योग का पुनरुद्धार किया जाए। इसके लिए उन्हें एक उन्नत आत्मा की तलाश थी। उन्हें लाहिड़ी महाशय मिले। लाहिड़ी महाशय गृहस्थ थे। महावतार बाबाजी ने एक गृहस्थ को इसके लिए चुनकर संदेश दे दिया कि क्रिया योग केवल संन्यासियों के लिए ही नहीं, बल्कि एक गृहस्थ भी इसके द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। 1861 में लाहिड़ी महाशय रानीखेत में एक दिन द्रोणगिरि पर्वत पर टहल रहे थे। तब उन्हें ऐसा अनुभव हुआ कि कोई उन्हें पुकार रहा है। जिस तरफ से आवाज आ रही थी, वे उस ओर चल पड़े। अचानक देखा कि एक व्यक्ति ने उन्हें बाहों में भर लिया। दरअसल वे और कोई नहीं, महावतार बाबाजी ही थे। महावतार बाबाजी उन्हें गुफा में ले गए। जब लाहिड़ी महाशय के सिर पर हाथ फेरा, तो लाहिड़ी को अपने पूर्व जन्मों की सारी बातें स्मरण होने लगी। वे जन्मानंतर से बाबाजी के शिष्य थे। लाहिड़ी महाशय को वहां से भौतिक संसार में क्रिया योग को पहुंचाने का काम दिया गया। उन्हें कहा गया कि लोगों को बताओ कि गृहस्थ में रहकर भी क्रियायोग के माध्यम से स्वयं को ईश्वर के साथ एकाकार किया जा सकता है। जन्म-मरण के भय से सदा के लिए मुक्त हुआ जा सकता है। स्वामी ईश्वरानन्द बताते है कि वहां से फिर लाहिड़ी महाशय दानापुर लौटते हैं और फिर वहां से वाराणसी में अपना निवास स्थान बनाते हैं। इस प्रकार लाहिड़ी महाशय को उन्होंने विनम्रता का पाठ पढ़ाया। आज सम्पूर्ण विश्व में ईश्वर प्राप्ति के इच्छुक साधक महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि और परमहंस योगानन्द द्वारा सुझाए गए क्रियायोग मार्ग पर चल कर लाभान्वित हो रहे हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है योग



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी ने गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई।

## सटाका




### आज की पाती

**समय रहते क्यों नहीं संभली केंद्र सरकार?**

पेपर लीक मामले में दोषियों को खोजकर सजा देना सरकार के लिए कोई बहुत बड़ा काम नहीं है। दूसरी मांग शिक्षा मंत्री द्वारा इस्तीफा देना है। तीसरी मांग, जिन छात्रों की दुखद मृत्यु हुई है, उनके परिजनों को मुआवजा देना है। ये मांगें इतनी बड़ी नहीं हैं जितना बड़ा आंदोलन हो गया। इन मांगों को सरकार वार्ता के जरिये सुलझा सकती थी, जिसके लिए अधिकांशतः छात्र आंदोलित थे। समय रहते बातचीत करके समाधान खोजा जा सकता था सरकार द्वारा। क्योंकि बीच-बीच में बातचीत करने के लिए काकरोच जनता पार्टी के नेता भी कह रहे थे कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।

– विजय तंवर, गुरुग्राम

## ट्रेंड

### खेल प्रतिभा का प्रदर्शन



कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आपका कौशल, समर्पण और अथक प्रयास निश्चित रूप से गेम्स में विश्व मंच पर भारत की शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री


### सरकार का स्पष्ट विज़न



केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की और छात्रों से जुड़े मुद्दों के समाधान के प्रति सरकार का स्पष्ट विज़न और प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके बाद, वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### पेपर लीक माफिया



पेपर लीक एक देशव्यापी समस्या है और राजस्थान भी इससे अछूता नहीं रहा है। सूबे में 2013 से 2018 के बीच बीजेपी सरकार के कार्यकाल में 12 पेपर लीक हुए, लेकिन कभी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। पेपर लीक माफिया और बेख़ौफ़ हो गया।

- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### देशव्यापी विरोध प्रदर्शन



मैं सोनम वांगचुक के अनशन खत्म करने के फैसले का स्वागत करता हूं। देश के लिए उनकी ज़िंदगी और सेहत बहुत ज़रूरी है। चूंकि सीजेपी ने आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है, इसलिए मैं सभी से इसमें शामिल होने की अपील करता हूं।


-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### वेस्ट बैंक की जगह व लेबनान के किले विश्व धरोहर सूची में

संयुक्त राष्ट्र की एक समिति ने इजराइल की आपत्तियों के बावजूद शुक्रवार को वेस्ट बैंक के एक प्रमुख पुरातात्विक स्थल और दक्षिणी लेबनान के कई किलों को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने के पक्ष में मतदान किया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कुछ दिन पहले एक अपील में समिति से वेस्ट बैंक के छोटे शहर सेबास्तिया और लेबनान के किलों को सूची में शामिल करने के प्रयासों को खारिज करने को कहा था। इजराइल ने इन नामांकनों को 'सांस्कृतिक विरासत के हथियार के रूप में इस्तेमाल' बताया था। बुसान में हुई बैठक में यूनेस्को समिति के सदस्यों ने आपात आधार पर नामांकनों की समीक्षा करने के बाद सेबास्तिया और लेबनान के माउंट अमेल क्षेत्र के पांच किलों को विश्व धरोहर सूची तथा संकटग्रस्त विश्व धरोहर स्थलों की सूची, दोनों में शामिल करने का फैसला किया। सेबास्तिया, इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में नेबलस से करीब 10 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में एक पहाड़ी शहर है। इस शहर को विद्वान प्राचीन समरिया के रूप में पहचानते हैं। समरिया, बाइबिल में वर्णित इजराइल साम्राज्य की राजधानी थी।



## ऑफ बीट

### मसूड़ों का नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक

मसूड़ों की बीमारी – जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है – एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।



भारी हंगामे के बीच फिर नहीं चल पाई संसद सोमवार तक के लिए स्थगित

# सरकार ने राज्यसभा में पेश किया वंदे मातरम बिल, अब किसी तरह की रुकावट या अपमान करना होगा दंडनीय अपराध, होगी 3 साल की सजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में सरकार ने राज्यसभा में राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। विपक्ष की नारेबाजी के बीच यह विधेयक पेश किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' में किसी भी तरह की रुकावट डालने या उसका अपमान करने को अपराध की श्रेणी में लाना है।

यह विधेयक राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 में बदलाव करेगा। इस कानून में देश के राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान या अनादर करना अपराध माना गया है। इन राष्ट्रीय प्रतीकों में राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान शामिल हैं। मौजूदा कानून के तहत ऐसे अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर तीन साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है।

*राष्ट्रीय महत्व की चीजों का निरादर नहीं कर सकते*

*विपक्ष अपनी मांगों पर अड़ा रहा, नहीं हो पाई कोई चर्चा*

## पेपर लीक संशोधन विधेयक को मिली कैबिनेट की मंजूरी



राज्यसभा में हंगामा करते विपक्ष के नेता, नारेबाजी भी की

### लोकसभा की कार्यवाही 27 जुलाई तक स्थगित

विपक्ष के नारेबाजी के बीच लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। अब लोकसभा की अगली बैठक 27 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे होगी।

**हम चर्चा नहीं करेंगे, तो नहीं जाएगा सही संदेश**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि मैंने फिर केसी वेणुगोपाल से अनुरोध किया है कि जब हम सभी इस बात से सहमत हैं कि नीट पर चर्चा होनी चाहिए, तो हमें चर्चा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने देश को भरोसा दिया है। सोनम वांगचुक ने अपना अनशन खत्म कर दिया है और चर्चा की मांग की है। अगर हम चर्चा नहीं करेंगे तो देश में सही संदेश नहीं जाएगा।

**खरगे का प्रधानमंत्री पर हमला**

## संसद में बयान दें, एकतरफा मन की बात न करें



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेपर लीक मामले को लेकर प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा जब संसद चल रही होती है तो प्रधानमंत्री को संसद के पटल पर बयान देना होता है, देर रात एक वीडियो बनाकर, संसद के बाहर एकतरफा मन की बात नहीं करनी होती। 'एक्स' पर खरगे ने कहा प्रधानमंत्री संसद आने से पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करें। सरकार पहले छात्रों से माफी मांगे और उन लोगों पर सख्त कार्रवाई करे जिन्होंने छात्रों की आवाज दबाने के लिए लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने का आदेश दिया था। इन कदमों के बाद ही विपक्ष शिक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा के लिए तैयार हैं।

### अहंकारी और जवाबदेही से बच रही सरकारः सोनिया



कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर शिक्षा व्यवस्था और छात्र आंदोलनों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि छात्र सरकार से जवाबदेही और शिक्षा सुधार की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने जवाब कायरता और बेवजह की क्रूरता से दिया। सरकार छात्रों के साथ ऐसा व्यवहार कर रही है, मानो वे राष्ट्र के दुश्मन हों। छात्रों के साथ खड़ा होना और उनके भविष्य की रक्षा करना नैतिक, राजनीतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। सरकार की अहंकारी तथा जवाबदेही से बचने वाली कार्यशैली ने छात्र आंदोलनों को जन्म दिया है।

### अय्यर की इंट्रीः छात्रों को निडर होना सिखा रहे



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने शुक्रवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन में अपनी पत्नी सुनीत अय्यर के साथ पहुंचकर हिस्सा लिया। मीडिया से बात करते हुए अय्यर ने कहा कि वे यहां सीखने आए हैं और प्रदर्शनकारी छात्र देश को निडर होना सिखा रहे हैं।

### डीयू के बाद जेएनयू ने जारी की एडवाइजरी-प्रदर्शनों में जाने से बचें



डीयू के बाद जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने सीजेपी के बैनर तले चल रहे छात्रों के प्रदर्शन के बीच एडवाइजरी जारी की है। जेएनयू ने अपने शिक्षकों और छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि वह अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को प्राथमिकता दें। विश्वविद्यालय ने उच्चतम न्यायालय के सार्वजनिक प्रदर्शनों संबंधी निर्देशों का हवाला दिया है। हितधारकों को जंतर मंतर, नई दिल्ली पर होने वाली सभाओं में शामिल होने से मना किया गया है।

### नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन भी बंद



दिल्ली मेट्रो ने मेट्रो स्टेशनों में से एक नई दिल्ली को भी बंद कर दिया है। अगले आदेश तक नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है। इस मेट्रो स्टेशन पर इंटर चेंज की सुविधा भी उपलब्ध नहीं होगी। नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन भारतीय रेलवे के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के ठीक बाहर है।

सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दिया भरोसा

## छात्रों के हितों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठा रहे

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह छात्रों के हितों की सुरक्षा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के कथित प्रश्नपत्र लीक मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। केंद्र ने यह दलील याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई के दौरान जस्टिस पीएस नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ के समक्ष दी। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि सब कुछ ठीक से व्यवस्थित हो जाए।



### सुप्रीम कोर्ट में 27 को होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने 27 जुलाई को उन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए मंजूरी दे दी है, जिनमें पेपर लीक के खिलाफ जंतर-मंतर और देश भर में प्रदर्शनों में शामिल छात्रों के खिलाफ पुलिस पर कार्रवाई का आरोप लगाया गया है। यह मामला मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की पीठ के समक्ष पेश किया गया था।

## दिल्ली में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

दिल्ली के जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। इस विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन की टीम पूरी तरह से मुस्तैद है। आंदोलन को देखते हुए दिल्ली में अगले आदेश तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

### गर्भपात का दावा फर्जी और भ्रामक

दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल गर्भवती महिला पुलिसकर्मी के गर्भपात का दावा फर्जी और भ्रामक है। दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया कि घायल महिला अधिकारी न तो विवाहित है और न ही गर्भवती।

**खबर संक्षेप**

### दिल्ली विस, सचिवालय को उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों को दिल्ली विधानसभा, सचिवालय और पुलिस मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां जांच कर रही हैं। शहर में हाई अलर्ट जारी किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### भाजपा में शामिल हो गए मृत्युंजय तिवारी




**पटना।** कुछ दिन पहले आरजेडी से इस्तीफा देने वाले मृत्युंजय तिवारी भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा दफ्तर में कार्यक्रम में मृत्युंजय तिवारी को बाजपाकी सदस्यता दिलाई गई। उन्होंने 16 जुलाई को आरजेडी के सभी पदों से इस्तीफा दिया था। उन्होंने कहा कि आरजेडी में सम्मान नहीं मिल रहा था।

### केंद्र ने जारी किए 25.89 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया कि सॉइल हेल्थ कार्ड स्कीम के तहत अब तक 25.89 करोड़ से अधिक सॉइल हेल्थ कार्ड जारी किए जा चुके हैं। प्राकृतिक खेती पर मिशन का दायरा बढ़कर 18,786 क्लस्टर्स तक पहुंच गया है, जो 8.80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हैं।

## केंद्र सरकार ने आंध्र-कर्नाटक आर्थिक गलियारे को दी हरी झंडी

# इससे औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में ज्यादा तेजी आएगी



इस महात्वाकांक्षी पहल के लिए 4,294 करोड़ के भारी-विश को मंजूरी मिली है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा इस फैसले से दोनों राज्यों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के बीच एक बेहद महत्वपूर्ण आर्थिक गलियारे के विकास को हरी झंडी दे दी है। इस महात्वाकांक्षी पहल के लिए कुल 4,294 करोड़ रुपए के भारी-भरकम निवेश को मंजूरी मिली है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट के इस फैसले से दोनों राज्यों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। वैष्णव ने जानकारी दी कि इस योजना के तहत दो प्रमुख परियोजनाओं पर काम किया जाएगा। पहली परियोजना बल्लारी-गुंटकल के बीच तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के निर्माण की है, जिसके लिए 1,264 करोड़ का बजट रखा गया है। यह रेलवे लाइन माल ढुलाई की क्षमता में बड़ा इजाफा करेगी। वहीं दूसरी प्रमुख परियोजना भव्य रसायन योजना है, जिसके लिए 3,030 करोड़ आवंटित किए गए हैं। यह पहल क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने में मदद करेगी।

**परियोजना से जुड़ी 5 बड़ी बातें**

- **कुल बजट आवंटनः** आंध्र-कर्नाटक कॉरिडोर के लिए केंद्र सरकार ने 4,294 करोड़ के कुल निवेश को मंजूरी दी।
- **रेलवे लाइन विस्तारः** बल्लारी-गुंटकल मार्ग पर तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,264 करोड़ खर्च होंगे।
- **भव्य रसायन योजनाः** औद्योगिक रफ्तार बढ़ाने वाली इस योजना के लिए 3,030 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है।
- **भारी रोजगार सृजनः** निर्माण और परिचालन के दौरान करीब 31 लाख मानव-दिवस का रोजगार उत्पन्न होगा।
- **अतिरिक्त माल ढुलाईः** इससे प्रति वर्ष 1.6 करोड़ टन अधिक माल की आवाजाही हो सकेगी।

### इसके लिए 4,294 करोड़ के भारी-भरकम निवेश को मंजूरी



**इससे बदलेगी तस्वीर**

#### उद्योगों को होगा बड़ा फायदा

यह आर्थिक गलियारा बल्लारी-होसपेट क्षेत्र के स्टील और सीमेंट क्लस्टरों के लिए बेहद मददगार साबित होगा। इससे भारी उद्योगों के कच्चे माल और तैयार उत्पादों का परिवहन काफी तेज और आसान हो जाएगा। यह प्रमुख समुद्री बंदरगाहों और प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक पहुंच को भी सुगम बनाएगा। हर साल 1.6 करोड़ टन अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।

**कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन घटेगा**

यह परियोजना न केवल आर्थिक दृष्टिकोण से बल्कि पर्यावरण के लिहाज से भी एक मिसाल कायम करेगी। इस गलियारे के शुरू होने से हर साल करीब 6.67 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा।

कैबिनेट ने 'भव्य रसायन' योजना को दी स्वीकृति

## देश में बनेंगे 3 केमिकल पार्क, बुनियादी सुविधाएं बढ़ेंगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में तीन समर्पित केमिकल पार्क स्थापित करने के लिए 'भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन (भव्य रसायन)' को मंजूरी दे दी है। इस योजना की घोषणा वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में की गई थी।

#### निर्यात बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम होगी

भव्य रसायन योजना से रसायन उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा मिलेगा। उद्योगों का विकास होगा, संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी। इससे आयात पर निर्भरता कम होगी।

#### इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे

यह योजना पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा देगी। पार्कों में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट , ट्रीटमेंट होंगे। रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

दिल्ली हाई कोर्ट का ईसी से सवाल

## आर्टिकल 324 की आड़ में आप मनमर्जी नहीं कर सकते



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) से संबंधित कार्य के लिए स्कूली शिक्षकों को तैनात करने के मामले में चुनाव आयोग पर सवाल उठाया है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की पीठ ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 का सहारा लेकर अपनी मनमर्जी कर सकता है। इसकी आड़ में आप जो चाहें वो करते हैं? कोर्ट ने कहा कि किसी को आपके मानदेय या मुआवजे में कोई दिलचस्पी नहीं है। क्या आपके निर्देशों को अनिवार्य कहा जा सकता है? क्या आप कह सकते हैं कि नहीं, हम मुआवजा दे रहे हैं। वह किस अधिकार के तहत स्कूल शिक्षकों को एसआईआर में काम करने का निर्देश दे रहा है।

### शक्ति का उदारतापूर्वक प्रयोग करना चाहिएः ईसी

चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता संजय वशिष्ठ पेश हुए। उन्होंने तर्क दिया कि दिल्ली में एसआईआर प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और केवल 10-14फीसदी स्कूली शिक्षकों को ही मतदाता सूची संशोधन कार्यों में लगाया जाता है। वशिष्ठ ने कहा कि कर्मचारियों को नियुक्त करने की आयोग की शक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 13बी (2) से प्राप्त होती है और किसी भी असुविधा से बचने के लिए इस शक्ति का उदारतापूर्वक प्रयोग किया जाता है।

### ओपेन एआई मॉडल को ट्रेन करने के लिए कॉपीराइट कंटेंट का इस्तेमाल उल्लंघन नहीं, आवेदन खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट ने चैटजीपीटी की संस्थापक ओपनएआई इंक के खिलाफ दायर कॉपीराइट उल्लंघन के मुकदमे में अंतरिम निषेधाज्ञा आवेदन को खारिज कर दिया। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र के मुद्दे पर एएनआई के पक्ष में फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि कॉपीराइट वाले कंटेंट को संजोकर रखने और उनकी ट्रेनिंग में कॉपीराइट को कोई उल्लंघन नहीं माना जा सकता। मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि चैटजीपीटी की ओर से दिए गए आउटपुट धारा 51 के तहत कॉपीराइट उल्लंघन नहीं है, क्योंकि ओपन एआई की ओर दिए गए आउटपुट एएनआई के आउटपुट से एकदम मिलते-जुलते नहीं थे।

मीडिया रिपोर्टिंग पर सीजेआई ने उठाए सवाल

गलत खबरें चलाई गईं नाराजगी जताई

## याचिका ही नहीं आई,तो सुनवाई से इनकार की खबर कैसे चला दी गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई से जुड़ी खबरों की रिपोर्टिंग को लेकर मीडिया पर सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा, कुछ मीडिया संस्थानों ने यह खबर चला दी कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई से इनकार कर दिया, जबकि सच्चाई यह है कि इस मामले की कोई याचिका दायर ही नहीं हुई थी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में मामलों की सुनवाई शुरू होने से पहले चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने इस मुद्दे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2 दिन से इस मामले में गलत खबरें चलाई जा रही हैं। शुक्रवार सुबह 10 बजे तक इस मामले में कोर्ट के पास एक भी याचिका नहीं आई थी। हमारे पास सिर्फ एक चिट्ठी आई थी। केवल चिट्ठी के आधार पर किसी मामले की सुनवाई नहीं हो सकती। जब याचिका ही नहीं है, तो यह कैसे कहा जा सकता है कि कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया?

### मामले की 5 बड़ी बातें

- सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की कोई याचिका दाखिल नहीं हुई थी।
- अदालत के पास सिर्फ एक चिट्ठी पहुंची थी।
- सीजेआई ने गलत खबरें चलाने पर मीडिया को फटकार लगाई।
- कोर्ट ने कहा कि बिना याचिका केवल वीडियो दिखाकर सुनवाई नहीं हो सकती।
- मामला 20 जुलाई को विरोध में हुए छात्र प्रदर्शन से जुड़ा है।

'जल प्रलय' ने कई राज्यों में लाई तबाही, असम ज्यादा प्रभावित

# पानी में बहीं गाड़ियां, सड़क-खेत डूबे, 50 की मौत

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

देश के कई हिस्सें में भारी बारिश हो रही है। कई जगह बारिश के पानी में गाड़ियां बह गई है। असम के कई हिस्से बाढ़ के कारण अभी भी जलमग्न हैं। अधिकारियों ने बताया कि 11 जिले बाढ़ की चपेट में आए हैं। इससे 7.21 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, मरने वालों की संख्या 50 हो गई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार बाढ़ से प्रभावित जिले गोलाघाट, होजई, कामरूप, चराइदेव, जोरहाट, डिब्रूगढ़, शिवसागर, नागांव, कामरूप (मेट्रो), कार्बी आंगलोंग और तिनसुकिया हैं। कुल 37 राजस्व सर्कल और 883 गांव प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ के कारण 25,375.44 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है।

## महाराष्ट्र और गुजरात भी जलमग्न, मचा हाहाकार



### शिवसागर में जनजीवन अस्त- व्यस्त

बाढ़ का सबसे गंभीर असर शिवसागर जिले में है, जहां 3,75,682 लोग प्रभावित हुए हैं। चराइदेव में 1,86,351 और जोरहाट में 1,15,764 लोग प्रभावित हुए हैं। यहां 4, चराइदेव में 2 बाढ़ की चपेट में आए।

**गुजरात में 38,653 लोगों को बचाया**



गुजरात में भारी बारिश और बाढ़ के कारण अब तक 38,653 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और 5,500 से अधिक लोगों का सफल रेस्क्यू किया गया है। बचाव कार्य में सेना ने मोर्चा संभाल रखा है।

### कई राज्यों में होगी मूसलाधार बारिश



दक्षिण पूर्वी राजस्थान में कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इस गुजरात , मध्य महाराष्ट्र में ,हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड में काफी बड़े इलाके में या लगभग सभी इलाकों में बारिश होने वाली है।

इस तकनीक का इस्तेमाल भविष्य की मिसाइलों, अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) हाई-स्पीड एयरक्राफ्ट और एडवांस्ड प्रोपल्शन सिस्टम के लिए हो सकता है। दुनिया के कुछ ही एडवांस देश इस टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं

भारतीय एयरोस्पेस स्टार्टअप डी-प्रोपल्स ने रचा इतिहास

# दुनिया के सबसे एडवांस सुपरसोनिक मिसाइल इंजन बुनियादी परीक्षण में पूरी तरह रहा सफल

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय एयरोस्पेस स्टार्टअप डी-प्रोपल्स ने इतिहास रचते हुए दुनिया के सबसे एडवांस मिसाइल इंजन का टेस्ट किया है। यह इंजन भारत के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह आईआईटी मद्रास (आईआईटी-मद्रास) की तरफ से इनक्यूबेटेड एक स्टार्टअप है जिसने अपने 5 किलोन्यूटन एयर-ब्रीदिंग रोटेटिंग डेटोनेशन इंजन (आरडीई) का एक सरकारी परीक्षण रिग डीआरडीओ फैसिलिटी में सफल परीक्षण पूरा किया है। एयरोस्पेस कंपनी के फाउंडर और सीईओ सौरव झा ने कहा कि इंजन ने अब टीआरएल-5 स्तर को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है।

एयर-ब्रीदिंग रोटेटिंग डेटोनेशन इंजन (आरडीई) का टेस्ट

इंजन बुनियादी परीक्षण पूरा कर प्रोटोटाइप रूप में प्रमाणित

### इसका थ्रस्ट क्रूज मिसाइल के बराबर

यह इंजन भविष्य का इंजन है। इसे सुपरसोनिक मिसाइलों से ज्यादा स्पीड वाली मिसाइलों में इस्तेमाल किया जाएगा। यानि ब्रह्मोस से ज्यादा रफ्तार वाली मिसाइलों में इसका इस्तेमाल हो सकता है। कम हवा के प्रवाह में भी इस इंजन ने स्थिरता के साथ 5 किलोन्यूटन दमदार थ्रस्ट पैदा किया है। यह थ्रस्ट एक छोटी क्रूज मिसाइल के इंजन के बराबर माना जाता है। तकनीक का इस्तेमाल भविष्य की मिसाइलों, अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी), हाई-स्पीड एयरक्राफ्ट और एडवांस्ड प्रोपल्शन सिस्टम के लिए हो सकता है।

### आरडीई तकनीक पर आधारित है यह इंजन

सौरव झा ने बताया कि पारंपरिक जेट इंजन ईंधन को धीरे-धीरे जलाते हैं लेकिन आरडीई तकनीक में ईंधन को लगातार होने वाले सुपरसोनिक धमाकों के जरिए जलाया जाता है। इससे इंजन की ऊर्जा क्षमता 25% या उससे ज्यादा बढ़ जाती है और इंजन में चलने वाले पुर्जे बहुत कम हो जाते हैं जिससे मैकेनिकल जटिलता खत्म होती है। आम रॉकेट या मिसाइल इंजन के नोजल घंटी के आकार के होते हैं जो सिर्फ एक निश्चित ऊंचाई पर ही बेस्ट परफॉर्मेंस देते हैं।

### सैन्य पत्रकार रह चुके हैं सीईओ

इस एयरोस्पेस स्टार्टअप की स्थापना जुलाई 2025 में हुई थी और इसके पीछे भारत के दिग्गज रक्षा विशेषज्ञ और वैज्ञानिक शामिल हैं। सौरभ झा इसके को-फाउंडर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं जो पहले एक जाने-माने सैन्य पत्रकार और थिंक-टैंक 'दिल्ली डिफेंस रिव्यू' के संस्थापक रह चुके हैं। डॉ. वी. रामानुजाचारी कंपनी के मुख्य टेक्नॉलाजी ऑफिसर हैं जो डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक रह चुके हैं और उन्होंने भारत के स्क्रैमजेट इंजन प्रोग्राम और आकाश मिसाइल के प्रणोदन सिस्टम पर काम किया है। डॉ. वी.के. सारस्वत भी इस कंपनी के साथ हैं जो पूर्व डीआरडीओ प्रमुख और नीति आयोग के सदस्य रह चुके हैं और इस कंपनी के मुख्य मेंटर हैं।


सीटीओ डॉ. वी. रामानुजाचारी (बाएं) और सीईओ सौरभ झा

### भविष्य में यहां होगा उपयोगी

*हाइपरसोनिक और क्रूज मिसाइलें: यह इंजन क्रूज मिसाइलों की स्पीड, रेंज और मारक क्षमता को काफी बढ़ा सकता है। हाई-स्पीड लड़ाकू ड्रोन: भविष्य के तेज गति से उड़ने वाले ऑटोनॉमस मिलिट्री ड्रोन्स को यह आसानी से पावर दे सकता है। अंतरिक्ष यान और स्पेसक्राफ्ट: कम ईंधन खपत के कारण इसे पुनः उपयोग किए जाने वाले स्पेस लॉन्च व्हीकल्स में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।*

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति शहाबुद्दीन का इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने इस्तीफा दे दिया है। उनका कार्यकाल अभी



लगभग दो साल बाकी था। 76 वर्षीय नेता ने बताया कि वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। शहाबुद्दीन के प्रतिनिधि ने संसदीय अध्यक्ष हाफिजुद्दीन अहमद को सौंपा है, जो बांग्लादेश के संविधान के अनुसार नए राष्ट्रपति के चुने जाने तक कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कैबिनेट सचिव नसीमुल गनी का नाम शीर्ष पद के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में सामने आ रहा है।

### बीएसएफ जवान ने की फायरिंग, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** प. बंगाल के मालदा जिले के बैष्णवनगर में बीएसएफ कैंप में शिवम मिश्रा नामक एक



जवान ने घुसकर फायरिंग की, जिसमें दो साथी जवानों की मौत हो गई और एक जवान घायल हो गया। मृतक बिहार के छपरा जिले के मांझी इलाके के रहने वाले 51 वर्षीय अजय कुमार सिंह और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के रहने वाले 37 वर्षीय अंबादर सुरेश डारगु हैं। घायल जवान पश्चिम बंगाल के मोहंदा गांव का 44 वर्षीय विकास ब्रह्म है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये तीनों बीएसएफ की 71वीं बटालियन से हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

भारत-रोमानिया प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर हुए सहमत

# शिक्षा, संस्कृति और आपसी संपर्क से जुड़े क्षेत्रों में तीन समझौतों पर किए हस्ताक्षर

*तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमत*

आर्थिक, व्यापार, निवेश प्राथमिकता वाले क्षेत्र चिह्नित

2028 में दोनों देशों के बीच संबंधों के 80 वर्ष पूरे होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रोमानिया के दौरे पर हैं। यह लगभग तीन दशकों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की रोमानिया की पहली राजकीय यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने रोमानिया के राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास और कार्यालय, कोटरोसेनी पैलेस का दौरा किया।

रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनका औपचारिक स्वागत किया गया एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-रोमानिया द्विपक्षीय साझेदारी के सभी प्रमुख आयामों पर चर्चा की। वे दोनों देशों के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमत हुए।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत और रोमानिया के बीच सात दशकों से भी अधिक समय से गर्मजोशी भरी और चिरस्थायी मित्रता रही है। यह मित्रता आपसी विश्वास, सम्मान और दोनों देशों के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर आधारित है।

समय बीतने के साथ-साथ हमारी साझेदारी निरंतर सुदृढ़ हुई है और अब यह अधिक बड़े लक्ष्यों, व्यापक सहयोग तथा भविष्य के लिए साझा दृष्टि के साथ एक नए चरण में प्रवेश कर रही है।


रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन के साथ द्विपक्षीय बैठक करती राष्ट्रपति मुर्मू

रोमानिया के पीएम से मुर्मू ने की मुलाकात

### व्यापार-निवेश और स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग पर की चर्चा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में रोमानिया के पीएम इली



बोलोजान से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, कनेक्टिविटी और नई तकनीक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर दिया गया। राष्ट्रपति मुर्मू के साथ विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज भी मौजूद थे।

### बिजनेस फोरम को संबोधित किया

राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत-रोमानिया बिजनेस फोरम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रोमानिया यूरोप का एक महत्वपूर्ण संपर्क बिंदु है और अपनी रणनीतिक स्थिति, कुशल मानव संसाधन तथा यूरोपीय संघ के साथ मजबूत संबंधों के कारण भारत के लिए एक स्वाभाविक साझेदार है।




### भारत का महत्वपूर्ण साझेदार है रोमानिया

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत-रोमानिया साझेदारी का एक महत्वपूर्ण आधार आर्थिक सहयोग है। दोनों नेता व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, सशक्त एवं विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने, और दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों के बीच निकट सहयोग को प्रोत्साहित करने पर सहमत हुए। वे अगले तीन वर्षों में हमारे द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने की दिशा में काम करने पर भी सहमत हुए। उन्होंने कहा कि रोमानिया, यूरोपीय संघ में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हमारे उद्योगों और कौशल-प्राप्त पेशेवरों के लिए अभूतपूर्व अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संपर्क भारत-रोमानिया संबंधों की मजबूत नींव हैं। आज इन क्षेत्रों से जुड़े तीन महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

### भारतीय पीठ की स्थापना का ऐलान

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और रोमानिया, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाएंगे। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के सहयोग से बुखारेस्ट विश्वविद्यालय में भारतीय अध्ययन पीठ की स्थापना की जा रही है। भारत सरकार ने भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के अंतर्गत रोमानिया के लिए प्रशिक्षण के अवसरों की संख्या दोगुनी करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 में भारत और रोमानिया के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 80 वर्ष पूरे होंगे। इस अवसर को दोनों देशों ने 'भारत-रोमानिया नवाचार वर्ष' के रूप में मनाने पर सहमति व्यक्त की है।

किर्गिस्तान के विदेश मंत्री से मुलाकात

# द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा, बढ़ाएंगे आपसी सहयोग


कीर्ति वर्धन सिंह और जीनबेक कुलुबायेव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने किर्गिस्तान के चोलपोन अता में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के दौरान किर्गिस्तान के विदेश मंत्री जीनबेक कुलुबायेव से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-किर्गिस्तान संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। मुलाकात के बाद कीर्ति वर्धन सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की और प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की। उन्होंने भारत-किर्गिस्तान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता भी दोहराई।

### शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर फोकस

विदेश मंत्रालय के अनुसार, एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक 31 अगस्त से 1 सितंबर, 2026 तक बिश्केक में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत आयोजित की जा रही है। बैठक में सदस्य देशों के विदेश मंत्री एससीओ सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे तथा उन दस्तावेजों और निर्णयों को अंतिम रूप देंगे, जिन्हें शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्षों की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक के दौरान कीर्ति वर्धन सिंह एससीओ सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। वर्तमान में किर्गिस्तान वर्ष 2025-26 के लिए एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है। राष्ट्रपति सदर जापारोव ने किर्गिस्तान की अध्यक्षता का विषय 'एससीओ के 25 वर्ष: स्थायी शांति, विकास और समृद्धि की ओर साथ मिलकर' रखा है।

### बेलारूस के विदेश मंत्री से की मुलाकात



एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के दौरान कीर्ति वर्धन सिंह ने बेलारूस गणराज्य के विदेश मंत्री मैक्सिम रिजेंकोव से मुलाकात की। उन्होंनें एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रिजेंकोव से मिलकर खुशी हुई। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत-बेलारूस साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## बहुड़ा यात्रा में उमड़ा लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब



### 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से भक्तिमय हुआ पुरी

*पुरी। भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा का अंतिम और अत्यंत महत्वपूर्ण चरण बहुड़ा यात्रा शुक्रवार को आषाढ़ शुक्ल दशमी के अवसर पर हुई। नौ दिनों तक श्री गुंडिचा मंदिर, जिसे भगवान की मौसी का घर माना जाता है, में विराजमान रहने के बाद भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई भगवान बलभद्र, बहन देवी सुभद्रा और सुदर्शन चक्र भव्य रथों पर सवार होकर अपने मूल धाम श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचे।*

न्यूयॉर्क में इस्लामिक कट्टरता का मामला

# 'अल्लाह हू अकबर' चिल्लाते शख्स ने 2 को चाकू से गोदा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका से इस्लामिक कट्टरता का मामला प्रकाश में आया है, जहां न्यूयॉर्क में एक कट्टरपंथी ने 'अल्लाह हू अकबर' के मजहबी नारे लगाते हुए दो व्यक्तियों पर चाकू से हमला कर दिया। न्यूयॉर्क पुलिस ने हमलावर राउल मोरालेस (51 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस हमले को घृणा अपराध मानकर जांच कर रही है। ये वारदात न्यूयॉर्क के अपर वेस्ट साइड इलाके में गुरुवार को हुई।



### मेयर ममदानी दोषी

इजराइल के विदेश मंत्री गिडोन सार ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे एक भयानक यहूदी-विरोधी हमला बताया और न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी पर ऐसे माहौल में योगदान देने का आरोप लगाया, जिसमें यहूदियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बातों के नतीजे होते हैं।

कांगो में भारत का शांति मिशन

# 651 भारतीय सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र पदक दुनिया ने माना अदम्य साहस और समर्पण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफ्रीकी देश लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में भारत की शांति स्थापना के प्रति प्रतिबद्धता और भारतीय सेना के अदम्य साहस को वैश्विक सम्मान मिला है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत तैनात भारतीय सेना के 651 शांति सैनिकों को उनकी उत्कृष्ट सेवा, पेशेवर क्षमता और समर्पण के लिए संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया है। डीआरसी के साके स्थित परमानेंट ऑपरेटिंग बेस में आयोजित एक विशेष समारोह में भारतीय शांति सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र पदक प्रदान किए गए। समारोह में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन (मोनुस्को) के वरिष्ठ अधिकारी, फोर्स मुख्यालय के प्रतिनिधि, सैन्य नेतृत्व और अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।


कांगो में मौजूद भारतीय सेना

### पेशेवर क्षमता की विशेष प्रशंसा की गई

*समारोह के दौरान भारतीय दल की पेशेवर क्षमता, अभियान संबंधी उत्कृष्टता और संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की विशेष प्रशंसा की गई। भारतीय सैनिकों ने लगातार सशस्त्र हिंसा और जटिल मानवीय संकट के बीच नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने, मानवीय सहायता पहुंचाने और संयुक्त राष्ट्र के मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कांगो में भारतीय शांति सैनिकों की जिम्मेदारी केवल सैन्य अभियानों तक सीमित नहीं है।*

कारगिल के शहीदों की पवित्र, अमर स्मृतियों में रखा गया दो मिनट का मौन

# कारगिल के शहीदों को संसद में दी गई श्रद्धांजलि राजनाथ 26 को करेंगे समारोह की अध्यक्षता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद में शुक्रवार को कारगिल युद्ध के शहीदों को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल के दुर्गम ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाके में लड़े गए इस युद्ध की रविवार (26 जुलाई) को 27वीं वर्षगांठ है। जिसके पूर्व में लोकसभा और राज्यसभा में दोनों अध्यक्षों सहित सभी सांसदों ने पूरी एकजुटता के साथ देश के अमर शहीदों की पवित्र स्मृतियों के साथ दो मिनट का मौन भी रखा। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 26 जुलाई को युद्ध की



वर्षगांठ के अवसर पर कारगिल में बनाए गए युद्ध स्मारक पर आयोजित किए जाने वाले मुख्य समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान सबसे पहले वह शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और फिर उनका संबोधन होगा।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस बाबत राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की यात्रा का कार्यक्रम भी रहेगा। जिसकी शुरुआत शनिवार (25 जुलाई) से होकर समापन रविवार (26 जुलाई) को होगा।

### शहीदों का हमेशा ऋणी रहेगा राष्ट्र: बिरला

*लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही की शुरुआत के साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कारगिल युद्ध की 27वीं वर्षगांठ का सदन में उल्लेख किया। उन्होंने युद्ध के अमर शहीदों को समूचे सदन की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। हमारा देश उनके इस बलिदान को कभी नहीं भूलेगा और सदा उनका ऋणी रहेगा।*

### देश मनाएगा विजय का जश्न: राधाकृष्णन

*राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि कारगिल विजय का दिन हमारे लिए 1999 के युद्ध में भारत को मिली ऐतिहासिक विजय को याद करने का अवसर है।*

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने ओआईसी संगठन को लगाई फटकार

ओआईसी का अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा से कोई सीधा संबंध नहीं

# कश्मीर मुद्दा उठाने पर की आलोचना कहा- हस्तक्षेप बिलकुल बर्दाश्त नहीं

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने कश्मीर मुद्दा उठाने के लिए ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) की आलोचना की है और


पी. हरीश फाइल फोटो

इस मामले में उसके अधिकार पर सवाल उठाया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि ऐसे अंतर-क्षेत्रीय (क्रॉस-रीजनल) समूह, जो न तो भौगोलिक आधार पर जुड़े हैं और न ही साझा मुद्दों पर आधारित हैं तथा जिनका अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा से कोई सीधा संबंध नहीं है, उन्हें विवादों और संघर्षों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। हालांकि हरीश ने इस्लामिक सहयोग संगठन का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा स्पष्ट रूप से उसी संगठन की ओर था।

### अंतर क्षेत्रीय समूह के पास जानकारी का अभाव

पी. हरीश ने कहा कि स्थापित क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय संगठन विवादों और संघर्षों के समाधान में रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं और संयुक्त राष्ट्र के कार्यों के पूरक बन सकते हैं, लेकिन अंतर-क्षेत्रीय समूह इस भूमिका के लिए उपयुक्त नहीं हैं। ऐसे समूहों के पास विवादों के समाधान के लिए जरूरी क्षेत्रीय जानकारी और विषयगत विशेषज्ञता का अभाव होता है। हरीश ने यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 'विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के तंत्र को मजबूत करने' विषय पर आयोजित खुली बहस के दौरान की, जहां पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दा उठाया था।

### ओआईसी के 57 देश सदस्य

*57 सदस्य देशों वाला इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) चार महाद्वीपों में फैला हुआ है और उसका मुख्य उद्देश्य धार्मिक एकजुटता को बढ़ावा देना है। उसका अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा से सीधा संबंध नहीं है, इसलिए कश्मीर जैसे क्षेत्रीय विवादों में उसकी भूमिका उपयुक्त नहीं मानी जा सकती। बता दें, ओआईसी अपने विभिन्न मंचों पर कई बार जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठा चुका है। उस समय पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने दावा किया था कि कश्मीर विवाद दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के रास्ते की सबसे बड़ी बाधा है।*

### पाक ने ओआईसी की मांग खारिज की

पिछले साल अक्टूबर में जारी अपने बयान में ओआईसी महासचिवालय ने इस्लामिक शिखर सम्मेलन और विदेश मंत्रियों की बैठक में कश्मीर पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने की मांग की थी, लेकिन 1948 में कश्मीर पर अपनाए गए मुख्य प्रस्ताव में मांग की गई थी कि पाकिस्तान कश्मीर के उन इलाकों से अपने सैनिकों और नागरिकों को हटा ले जिन पर उसका कब्जा है और वहां लड़ने वालों का समर्थन करना बंद कर दे। पाकिस्तान ने इनमें से किसी का भी पालन नहीं किया और आतंकवाद का समर्थन करता रहा।

# राष्ट्रमंडल खेल : 50 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीहरि नटराज

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो



भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में संयुक्त 14वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दो बार के ओलंपियन और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके नटराज ने 25.52 सेकंड का समय निकाला।

उन्होंने बरमूडा के जैक हार्वे के साथ संयुक्त 14वां स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल के लिए हीट से शीर्ष-16 तैराकों का चयन किया गया। नटराज अपनी आठ खिलाड़ियों वाली हीट में पांचवें स्थान पर रहे। पैरा तैराकी में भारत के आरवीवीबीके बुडिगिना और इमाम अली ने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 वर्ग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

हीट में हिस्सा लेने वाले सभी आठ तैराक फाइनल में पहुंचे। बुडिगिना ने 57.10 सेकंड के समय के साथ हीट में तीसरा स्थान हासिल किया जबकि इमाम अली 1:05.32 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहे। एस13 वर्ग दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए निर्धारित पैरा तैराकी श्रेणी है।

# जूडो टीम में उथल-पुथल, अरुण के बाद तूलिका मान बाहर

## ठिकाने की जानकारी देने में नाकाम रहने के बाद तूलिका निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता जूडोका तूलिका मान को पिछले 12 महीनों में तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, जिससे उन्हें ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों से भारतीय टीम से हटा दिया गया है। तूलिका (27 वर्ष) ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 78 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में रजत पदक जीता था और इस बार भी वह पदक की प्रबल दावेदार थीं। अब उन पर दो साल के प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है।



### देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक तूलिका

तूलिका देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उनका अभियान राउंड ऑफ 32 में समाप्त हो गया था। उन्होंने 2022 और 2024 विश्व जूडो चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया था। भारतीय जूडो टीम अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना नहीं हुई है क्योंकि उनकी प्रतियोगिताएं 31 जुलाई से शुरू होंगी। टीम के जूडो खिलाड़ियों को 27 जुलाई को रवाना होना है।

### राष्ट्रमंडल खेलों से हटाई जाने वाली दूसरी जूडो खिलाड़ी

एक जूडो कोच ने कहा, 'वह 12 महीनों के भीतर तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं और नाडा ने उन्हें नोटिस भेजा है। इसलिए उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा।' इस तरह दिल्ली की यह खिलाड़ी ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हटाई जाने वाली दूसरी जूडोका बन गईं। गुरुवार को एक अन्य भारतीय जूडोका अरुण कुमार (73 किग्रा से कम वजन वर्ग में) को भी हटा दिया गया क्योंकि वह प्रतियोगिता से बाहर की गई डोप जांच में विफल पाए गए। नाडा ने उनके शरीर में एनाबॉलिक स्टेरॉयड पाए जाने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### फिडे के अंतरिम अध्यक्ष बने आनंद

**नई दिल्ली।** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है, क्योंकि इसके प्रमुख अर्कादी ड्वोरकोविच को यूरोपीय संघ ने प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने प्रतिबंध हटने तक अपना पद छोड़ दिया है। यूरोपीय संघ ने यह प्रतिबंध रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के संदर्भ में लगाया है। आनंद 2022 से फिडे के उपाध्यक्ष हैं। फिडे ने कहा, 'अर्कादी ड्वोरकोविच के फिडे अध्यक्ष के रूप में अपने अधिकारों, कर्तव्यों और विशेषाधिकारों से हटने के फैसले को फिडे परिषद स्वीकार करती है।' बयान में कहा गया है, 'फिडे चार्टर के अनुच्छेद 19.2 के अनुसार जब तक ड्वोरकोविच पर प्रतिबंध लगा रहता है तब तक फिडे के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।' इस बीच ड्वोरकोविच ने कहा कि यूरोपीय संघ का फैसला अनुचित है।

### ऑस्ट्रेलिया कर रहा भारत में एशेज टेस्ट कराने की तैयारी

**मेलबर्न।** इस साल के आखिर में चेन्नई में बिग बैश लीग कराने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया भविष्य में भारत में एशेज टेस्ट भी कराने की सोच रहा है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने फिलहाल किसी योजना से इनकार किया। आस्ट्रेलिया दिसंबर में चेन्नई में बिग बैश लीग के पहले मैच की मेजबानी करेगा। ग्रीनबर्ग ने कहा,' इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई से हमारे रिश्ते मजबूत हैं। साफ तौर पर भारत में कुछ और क्षेत्रों में और कंटेंट लाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा,' फिलहाल तो कोई योजना नहीं है लेकिन इस पर विचार किया जा सकता है। भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट अभी भी काफी मजबूत है। हम इसे और मजबूत बनाने की कोशिश करते रहेंगे।'

### एफएमएससीआई को मिला राष्ट्रीय खेल महासंघ का दर्जा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) को राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में अस्थायी रूप से मान्यता दे दी है और भारत में फॉर्मूला वन रेस वापिस लाने के लिए सरकार के साथ काम कर रही संस्था के लिए यह बड़ा कदम है। सरकार भारत में फॉर्मूला वन की वापसी के लिए प्रयासरत है और इसे देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे दोनों निकायों के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। एफएमएससीआई ने इस साल 11 जून को मान्यता के लिए आवेदन किया था।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ आज शाम 4.30 बजे से मुकाबला

# दूसरे टी20 में अजेय बढ़त पर भारत की नजर

एजेंसी ▶▶| हरारे

कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में अपनी पहली जीत से वापसी की राह पर अग्रसर भारत शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) से हारने के बाद तीन बार के टी20 विश्व कप विजेता भारत ने गुरुवार को 3 मैच की श्रृंखला के पहले मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जिम्बाब्वे ने हाल में अपने घरेलू मैदानों पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

भारत ने सूर्यवंशी के अर्धशतक, इशान किशन के 35 रन और कप्तान अय्यर की 28 रन की नाबाद पारी की बदौलत 6 ओवर और 7 विकेट शेष रहते हुए 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर दिया।



### सीरीज के कोच लक्ष्मण ने बिठाया तालमेल

वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला में मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। भारत ने परिस्थितियों से अच्छी तरह से तालमेल बिठाया। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और 29 रन देकर 2 विकेट लिए। अशोक शर्मा ने भी अपनी गति से प्रभावित किया लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मयंक की शीर्ष स्तरीय क्रिकेट में सफल वापसी थी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद चोटिल के कारण लगभग दो साल मैदान से बाहर रहे। पहले मैच में मयंक की गति और नियंत्रण दोनों ही बेहतरीन थे, जिसमें जिम्बाब्वे के प्रमुख बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को बाहर की तरफ स्विंग लेने वाली गेंद पर आउट करना महत्वपूर्ण था।

### पहले मैच में नहीं चल पाए अभिषेक

दो साल पहले हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करते हुए अपने दूसरे ही मैच में ही शतक बनाने वाले अभिषेक शर्मा पहले मैच में नहीं चल पाए थे और वह उसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। सूर्यवंशी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड बनाया। इस युवा बल्लेबाज को इससे काफी राहत मिली होगी, क्योंकि इंग्लैंड दौरे पर उन्हें विशेष रूप से शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जा रहा था। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से ज्यादा युवा तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामूहिक प्रयास से खुश होगा।

### जिम्बाब्वे के बल्लेबाज रहे नाकाम

जिम्बाब्वे को पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा विकेट गंवाने का अफसोस रहेगा। उसके बल्लेबाज भारतीय तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे और भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य नहीं रख पाए। इस श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। मैच का समयः शाम 4:30 बजे

## विश्व जूनियर स्क्वाश

# अनाहत की लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| ओंटारियो

उभरती खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए 4 गेम तक चले मैच में जीत दर्ज करके विश्व जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला रैंकिंग में विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की हबीबा रिज्क को 11-7, 11-5, 6-11, 11-9 से हराया।

इस प्रतियोगिता में पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत इस तरह से विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लगातार दो बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। दिल्ली की रहने वाली यह खिलाड़ी खिताब जीतने की प्रबल दावेदार बनी हुई है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की बार्ब समेह से होगा।

**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनीरत्न कम्पनी)
CIN NO. U74899DL1963GOI003913, (An ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified Company)
क्षेत्रीय कार्यालय : मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, फोन : 0755-2580271,2580319
ई-मेल: nscengbpl@gmail.com, rm.bhopal@indiaseeds.com वेबसाइट: www.indiaseeds.com
क्रमांक-4(1)/बाहयश्रोत/एनएससी-भोपाल/आरओ/2026-27/ दिनांक-24-07-2026
**निविदा सूचना (ऑनलाइन)**
राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा Kharif 2026-27 हेतु प्रमाणित धनिया (मसाला प्रयोजन) बीज एवं प्रमाणित सब्जी बीजों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए F.O.R. (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) आधार पर प्रतिष्ठित/विश्वसनीय फर्मो/कंपनियों/उत्पादकों/एफ.पी.ओ. से ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 25.07.2026 से आमंत्रित की जाएंगी। इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा दिनांक 27.07.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे खोली जाएंगी।
अधिक जानकारी हेतु राष्ट्रीय बीज निगम की वेबसाइट www.indiaseeds.com तथा केंद्रीय लोक खरीद पोर्टल www.eprocure.gov.in का अवलोकन करें। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन/परिशिष्ट, यदि जारी किया जाता है, तो वह केवल राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड की वेबसाइट पर ही उपलब्ध रहेगा।
क्षेत्रीय प्रबंधक

## स्थानीय खेल समाचार

### प्रतिस्पर्धा में विभिन्न महाविद्यालयों की 50 टीमों ने लिया था

# एसआईआरटी -सेज समूह में थ्री -ऑन थ्री बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सेज समूह के एसआईआरटी कॉलेज के खेल परिसर में सेज खेल अकादमी द्वारा आयोजित आयोजित दो दिवसीय थ्री -ऑन -थ्री बास्केटबॉल प्रतियोगिता के मुकाबले सफलतापूर्वक संपन्न हो गए।

प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की कुल 50 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य मुकाबलों के बाद विभिन्न वर्गों के विजेता एवं उपविजेता रहे अंडर -18 बालक वर्ग में डीपीएस कोलर एवं बाल भारती विद्यालय निशातपुरा, अंडर-18 बालिका विभाग में विजेता सेंट थॉमस स्कूल, उपविजेता बाल भारती विद्यालय निशातपुरा, अंडर -23 बालक वर्ग में विजेता हूपेंर्स टीम, उपविजेता सेज विश्वविद्यालय, भोपाल, तथा अंडर-23 बालिका विभाग में छिंदवाड़ा गर्ल्स टीम विजेता एवं आर.सी.सी भोपाल टीम उपविजेता रही।



प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन का परिचय दिया। सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

### इंदौर के फरदीन खेलेंगे द्वितीय आईबीएफएफ ब्लाइंड फुटबॉल लीग

**भोपाल।** अहमदाबाद के बीआरए ग्राउंड में चल रही द्वितीय आईबीएफएफ ब्लाइंड फुटबॉल लीग के लिए मध्य प्रदेश ब्लाइंड फुटबॉल टीम के कप्तान फरदीन खान दिल्ली डेंजरस टीम से खेलेंगे। 26 जुलाई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की पांच टीमें और महिला वर्ग की चार टीमें भाग ले रही हैं। फरदीन खान मध्य प्रदेश के मात्र एक खिलाड़ी हैं जो दूसरी बार ब्लाइंड फुटबॉल लीग में भाग लेंगे। फरदीन खान की इस उपलब्धि पर ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष संदीप देशमुख, सचिव मोहम्मद शाहिद, तकनीकी निदेशक कपिल यादव, कोच संदीप मंडल, सहायक कोच कंचन पटेल आदि ने बधाई दी और शुभकमनाएं दी हैं।



### खिलाड़ियों ने ली नशा न करने की शपथ

# ऐशबाग और आरिफ नगर हॉकी फीडर सेंटर के बीच हॉकी मैच




### ऐशबाग हॉकी स्टेडियम में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

ऐशबाग हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को नशे से दूरी है जरूरी की शपथ एवं संवाद के तहत ऑरिफ नगर हॉकी फीडर सेंटर एवं ऐशबाग हॉकी फीडर सेंटर के खिलाड़ियों के बीच प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी व एसीपी बिट्टू शर्मा, ऐशबाग थाना प्रभारी संदीप पवार एवं संभागीय खेल अधिकारी शामिल रहे। कार्यालय के कर्मचारी एवं खिलाड़ियों के अभिभावक अभियान में शामिल हुए। अभियान के अंतर्गत शामिल खिलाड़ियों, कर्मचारियों एवं सदस्यों द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त कराने के लिये स्वयं, परिवार, समुदाय एवं मित्रों को नशा मुक्त करने हेतु शपथ ग्रहण की गई।

# दक्षिण एशियाई कराटे चैंपियनशिप में दीपक रौथान ने जीते दो रजत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारत के अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी दीपक रौथान ने 16 से 19 जुलाई तक ढाका, बांग्लादेश में आयोजित दक्षिण एशियाई कराटे चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दो रजत (सिल्वर) पदक जीतकर देश और मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया। दीपक ने पहला रजत पदक व्यक्तिगत कुमिते (-67 किलोग्राम) वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने टीम कुमिते स्पर्धा में भी शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा रजत पदक जीतकर भारतीय टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। चैंपियनशिप के बाद दीपक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, टीम के साथियों और कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन को दिया तथा कहा कि उनका लक्ष्य भविष्य में भारत के लिए और अधिक अंतरराष्ट्रीय पदक जीतना है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन,
होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल - 462023
NIT No.- 07/HFA/BMC/2026 Date : 24-07-2026
निविदा क्रमांक 2026_UAD_368384_10
प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आलम नगर परियोजना (रेरा पंजीयन नं. P-BPL-24-4939) स्थल के शेष 01 एल.आई.जी. 2 बी.एच.के. आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर दिये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 28.07.2026 से 27.08.2026 समय शाम 05:30 PM बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 31.08.2026 को सुबह 10:30 AM बजे खोली जावेंगी। निविदा प्रपत्र, अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होंगी।
यदि निविदा में किसी प्रकार का कोई संशोधन इत्यादि होता है तो वह पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।
नोटः- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर मोबाइल नंबर 9424499880, पर संपर्क करें अथवा ईमेल-bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें।
जोनल अधिकारी (HFA)
नगर पालिक निगम भोपाल
नि.क्र. 498/026/027

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
वीर सावरकर, जोन क्रं 04 ( मंगलवारा )
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र.04 के वार्ड क्र.-17 में स्थित वगीर्कृत बाजार न्यु कबाडखाना के भूखण्ड क्र., 567, 568 एवं 569 का नामान्तरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | जोन क्रं. | वार्ड क्रं. | आवंटी का नाम | स्थान एवं भूखण्ड | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 17 | श्री विपेनद्र रघुवंशी आत्मज श्री रघुवीर सिंह रघुवंशी | भूखण्ड क्र.-567 वर्गीकृत बाजार | 20x40= 800 वर्गफुट | श्री अनिल अग्रवाल आत्मज श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल | आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज |
| 2 | 4 | 17 | श्री विपेनद्र रघुवंशी आत्मज श्री रघुवीर सिंह रघुवंशी | भूखण्ड क्र.-568 वर्गीकृत बाजार | 20x40= 800 वर्गफुट | श्री अनिल अग्रवाल आत्मज श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल | आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज |
| 3 | 4 | 17 | श्री विपेनद्र रघुवंशी आत्मज श्री रघुवीर सिंह रघुवंशी | भूखण्ड क्र.-569 वर्गीकृत बाजार | 20x40= 800 वर्गफुट | श्री अनिल अग्रवाल आत्मज श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल | आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज |

उपरोक्त भूखण्ड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र. 04 वार्ड क्र.-17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।
सू.क्र. 501/026/027
जोनल अधिकारी, जोन क्रं. 04
नगर पालिका निगम, भोपाल

# मेघ-मल्हार की गूंज और कजरी की मिठास से सराबोर हुआ अंतरंग सभागार

## भारत भवन में शुरू हुआ तीन दिवसीय कजरी झूला गायन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन की भीगी फिजाओं, रिमझिम वर्षा और लोक-संगीत की परंपरा के बीच भारत भवन के संगीत केंद्र अनहद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कजरी-झूला गायन महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। वर्षा ऋतु की सांगीतिक अनुभूतियों को समर्पित इस महोत्सव के प्रथम दिवस पर प्रख्यात शास्त्रीय गायिका डॉ. नीना श्रीवास्तव और सुनंदा शर्मा ने अपने सधे हुए स्वर, रागों की गरिमा और लोकधुनों की मधुरता से ऐसा वातावरण रचा कि सभागार मानो सावन के रंगों और संगीत की रसधारा में भीग उठा।



भारत भवन में प्रस्तुति देतीं प्रख्यात शास्त्रीय गायिका डॉ. नीना श्रीवास्तव।

### तीन ताल में निबद्ध बंदिश गरज घुमड़ घन छायो बदरवा...

कार्यक्रम का आरंभ राग मेघ मल्हार से हुआ। डॉ. श्रीवास्तव ने तीनताल में निबद्ध बंदिश गरज घुमड़ घन छायो बदरवा... को पूर्ण शास्त्रीय गरिमा और भावाभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत किया। उनके स्वरों में मेघों की गूंज, वर्षा की आहट और प्रकृति के उल्लास का ऐसा जीवंत चित्र उभरा कि श्रोता आरंभ से ही संगीत की गहन अनुभूति में डूब गए।

### कदंब पर झूलना डराइ दे पियवा हो... ने बांधा समां

इसके बाद उन्होंने सिया संग झूले बगिया में राम ललना... शीर्षक झूला गीत प्रस्तुत कर राम-सीता के पावन दांपत्य और सावन के उल्लास का चित्र उपस्थित किया। वहीं बनारसी झूला रचना कदम्ब पर झूलना डराइ दे पियवा हो... को प्रस्तुत किया।



### सुनंदा शर्मा के स्वरों में झलका सावन का लोक-रस

प्रस्तुति के अगले क्रम में लोकगायिका सुनंदा शर्मा ने अपने सहज, मधुर और भावपूर्ण गायन से सावन की सांस्कृतिक परंपराओं को सजीव कर दिया। उनकी प्रस्तुति में लोकधुनों की आत्मीयता, विरह की कोमल अनुभूति और झूला गीतों का उल्लास एक साथ मुखर हुआ। उन्होंने प्रस्तुति की शुरुआत मेघों को आह्वान करते हुए राग सूरदास मल्हार में मध्य लय की बंदिश बादरवा बरसन को आये... की प्रस्तुति से किया।

सावन की सांस्कृतिक परंपराएं हुईं सजीव

---

## खबर संक्षेप

### राज सदन में प्रणाम पावस गीत गोष्ठी का आयोजन आज

**भोपाल।** दुष्यंत कुमार संग्रहालय के राज सदन में 25 जुलाई कोप्रणाम पावस गीत गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी करेंगी वहीं मुख्य अतिथि सृजन पीठ की निदेशक डॉ साधना बलवटे होंगी,संचालन डॉ. अनीता तिवारी करेंगी। आयोजन में ऋषि श्रंगारी, हरि वल्लभ शर्मा, सीमा शर्मा,ममता वाजपेई ,मधु शुक्ला, डॉ.प्रतिभा द्विवेदी, सीमा मिश्रा, नीतेश नैस , महेश अग्रवाल, मनीष बादल जैसे महत्वपूर्ण रचनाकार पाठ करेंगे।

### मानसून, मौसिकी और मोहब्बत की थीम पर म्यूजिकल नाइट आज

**भोपाल।** गंधर्व–कल्चर एंड इवेंट्स द्वारा अक्षदा सोशल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से मासिक संगीत श्रृंखला में 25 जुलाई को शाम 7 बजे लिंक रोड 2 स्थित अध्ययन भवन में मानसून, मौसिकी, मोहब्बत थीम पर कराओके म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया जाएगा। यह संगीत संध्या महान पार्श्वगायक किशोर कुमार को समर्पित रहेगी।

### हिंदी भवन में महिला शक्ति प्रकोष्ठ का विमर्श का आयोजन आज

**भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के महिला शक्ति प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को दोपहर दो बजे से हिंदी भवन में विमर्श का आयोजन किया जा रहा है। विमर्श में 'हमारी भाषा किस दिशा में जा रही है' विषय पर विचार-विनिमय होगा। प्रकोष्ठ की संयोजक अनीता सक्सेना ने बताया कि आयोजन पूरी तरह से अनौपचारिक होता है, जिसमें कोई भी शामिल हो सकता है। प्रत्येक वक्ता को तीन से चार मिनट का समय दिया जाएगा।

### एमसीयू में तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का सफल समापन

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय (एमसीयू) में रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम 'द जॉयफुल एजुकेटरः एक्सपीरिएंशियल वेल-बीइंग एंड एप्लाइड पॉजिटिव साइकोलॉजी' का शुक्रवार को समापन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में सकारात्मक दृष्टिकोण, मानसिक संतुलन, भावनात्मक सुदृढ़ता एवं उद्देश्यपूर्ण शिक्षण के मूल्यों का विकास करना था।

---

भक्ति की लय पर थिरके कदम, भरतनाट्यम में साकार हुई सनातन संस्कृति की दिव्यता

# 'नृत्य संकीर्तनम' ने करुणाधाम में कराया आध्यात्मिक अनुभूति का साक्षात्कार



### 'गरुड़ गमन' में दिखा ओज और वीर रस का अद्भुत संगम

भगवान विष्णु की महिमा का गुणगान करती 'गरुड़ गमन' की प्रस्तुति ने वीर रस और ओज से सभागार को ऊर्जा से भर दिया। वहीं अभंग की प्रस्तुति में संत परंपरा की सहज भक्ति, लोकजीवन और आध्यात्मिक चेतना का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

श्री महालक्ष्मी देवालय स्थापना महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करुणाधाम आश्रम में आयोजित त्रिदिवसीय श्री महालक्ष्मी देवालय स्थापना महोत्सव के अंतर्गत प्रस्तुत सांस्कृतिक संध्या 'नृत्य संकीर्तनम' ने भक्ति, संगीत और भरतनाट्यम की अनुपम त्रिवेणी से दर्शकों को आध्यात्मिक भावलोक में पहुंचा दिया। भारतीय शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से सनातन संस्कृति, भक्ति-साहित्य और आध्यात्मिक परंपराओं की विविध भावधाराओं को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंच पर साकार किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 'गणेश पंचरत्नम' से हुआ। भगवान श्रीगणेश की मंगलमयी वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद 'देवी तिरुपुगझ', 'या देवी सर्वभूतेषु' और 'श्रीचक्रराज सिंहासनेश्वरी' की मनोहारी प्रस्तुतियों में आदिशक्ति के विविध स्वरूपों का सजीव और भावपूर्ण चित्रण किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


श्री महालक्ष्मी देवालय स्थापना महोत्सव में प्रस्तुति देतीं नृत्यांगनाएं।

### निर्वाण षट्कम और नर्मदाष्टकम ने कराया आत्मचिंतन का अनुभव


कार्यक्रम में सुदेश शांडिल्य महाराज सपरिवार मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रस्तुत निर्वाण षट्कम, नर्मदाष्टकम और गुरु अष्टकम ने अद्वैत दर्शन, गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय आध्यात्मिक चिंतन की गहन अनुभूति कराई। प्रत्येक प्रस्तुति में नृत्य केवल कला नहीं, बल्कि साधना और समर्पण का माध्यम बनकर उभरा। कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय, सटीक लयबद्धता, शास्त्रीय अनुशासन और उत्कृष्ट नृत्य-शैली ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक उत्सव का स्वरूप प्रदान किया। संगीत, साहित्य और नृत्य का संतुलित समन्वय दर्शकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया। कार्यक्रम का निर्देशन प्रख्यात नृत्यांगना डॉ. मंजु मणि हतवलने ने किया।

---

मैनिट में पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

# 'बौद्धिक संपदा अधिकार एवं शोध पद्धति' के लिए 600 से ज्यादा ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के ऊर्जा विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से 'बौद्धिक संपदा अधिकार एवं शोध पद्धति' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय हाइब्रिड कार्यशाला का आयोजन मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) द्वारा की जा रही है। जिसमें मार्गदर्शन मैनिट के निदेशक डॉ. के. के. शुक्ला का रहा। इस कार्यशाला के लिए विभिन्न संस्थानों के 600 से अधिक शोधार्थियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है, जो बौद्धिक संपदा अधिकार एवं शोध पद्धति जैसे विषयों के प्रति शैक्षणिक जगत की बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

पांच दिनों की इस कार्यशाला के तहत कुल 10 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिन्हें देश भर के शोध संस्थानों के विशेषज्ञ संबोधित करेंगे।




---

## सिद्धार्थ के गायन, निवेदिता कथक समूह की प्रस्तुति से सजेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल सहित प्रदेश के 14 केंद्रों पर एक साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालयों में प्रदर्शन, व्याख्यान और संगीत-नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा का उत्सव मनाया जाएगा। संस्कृति संचालक एन.पी. नामदेव ने बताया कि गुरु पूर्णिमा भारतीय ज्ञान परंपरा और गुरु-शिष्य संबंधों का प्रतीक पर्व है। विभाग गुरुकुल परंपरा, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण शिविरों और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से इस परंपरा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### जनजातीय संग्रहालय में होगा समूह नृत्य

भोपाल में मुख्य कार्यक्रम 29 जुलाई को शाम 7 बजे मप्र जनजातीय संग्रहालय में होगा, जिसमें कर्नाटक के प्रख्यात गायक सिद्धार्थ बेलमण्णु शास्त्रीय गायन तथा निवेदिता पंडा (इंदौर) कथक समूह नृत्य प्रस्तुत करेंगी। इसके अलावा उज्जैन, ग्वालियर, इंदौर, मैहर, धार, खंडवा, मंदसौर, नरसिंहगढ़ सहित प्रदेश के अन्य शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालयों में भी देश के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा शास्त्रीय संगीत, नृत्य, वादन तथा कला प्रदर्शन एवं व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

---

# सात दिन की रेकी हीलिंग से मां हुईं पूरी तरह स्वस्थ, डॉक्टर भी रह गए हैरान..

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब लोग एस्ट्रोलॉजी पर विश्वास करते हैं, स्पिरिचुअल थिंग पर विश्वास करते हैं तो रेकी हीलिंग भी एक ऐसा चीज है जो इंसान के जीवन और उसके स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है और यह मेरा स्वयं का अनुभव है कि जब मेरी मां गले में इंफेक्शन था, जिसे डॉक्टर्स ने लाइलाज बीमारी कहा तक मेरे द्वारा 7 दिन की रेकी हीलिंग से मां की बीमारी ठीक हो गई और इसने डॉक्टर्स को भी हैरानी में डाल दिया... यह कहना है प्रसिद्ध रेकी हीलर आयुष गुप्ता का, हरिभूमि से बातचीत में आयुष ने अपने जीवन और रेकी हीलिंग से जुड़े सवालों के जवाब दिए।

### रेकी हीलर आयुष गुप्ता से हरिभूमि की खास बातचीत




### 'सार्वभौमिक जीवन शक्ति' ही है रेकी हीलिंग

उन्होंने कहा कि रेकी एक जापानी ऊर्जा चिकित्सा पद्धति है, जिसका अर्थ 'सार्वभौमिक जीवन शक्ति', इसमें प्रैक्टिशनर अपने हाथों से शरीर के ऊर्जा केंद्रों पर स्पर्श करके ब्रह्मांडीय ऊर्जा प्रवाहित करते हैं, जिससे तनाव कम होता है, दर्द में राहत मिलती है और शरीर की प्राकृतिक उपचार क्षमता बढ़ती है।

### संजय दत्त, रेमो डिसूजा राकेश रोशन की भी कर चुके हैं रेकी हीलिंग

संजय दत्त, रेमो डिसूजा, राकेश रोशन जैसी बड़ी हस्तियों की रेकी हीलिंग करने वाले आयुष ने कहा कि सात साल की उम्र में मेरे पिताजी भजन व ईश्वर अराधना में लीन रहते थे, तब वह बोलते थे कि आंखें बंद करके सुनो, महसूस करो कि आपके भीतर भी एक दिव्य शक्ति छिपी है, एक ऊर्जा है जो सम्पूर्ण ब्रह्मांड पर नियंत्रण पा सकती है। और ऐसा मैंने महसूस भी किया क्योंकि मैंने साल 2022 में भविष्यवाणी की थी कि तीन से चार सालों में सोने का भाव डेढ़ लाख तक पहुंच जाएगा और ऐसा हुआ भी। इसके साथ ही अब मुझे लगता है कि इस साल के अंत में भी सोने के दाम और बढ़ेंगे।

---

'गुरु स्मरण नादोत्सव-2026' में सात राज्यों और अमेरिका से जुड़े कलाकार, गुरु-शिष्य परंपरा को मिला भव्य सम्मान

# तबले की गूंज ने रचा इतिहास, एक मंच पर 100 शिष्यों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तबले की थाप, सुरों की मधुर लहरियां और गुरु के प्रति समर्पण... रवींद्र भवन सभागार को कुछ ऐसे ही अलौकिक संगीत वातावरण का साक्षी बना, जब ताल अकादमी ऑफ तबला एवं ताल साधना सामाजिक सांस्कृतिक समिति द्वारा 'गुरु स्मरण नादोत्सव-2026' का आयोजन हुआ। भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित इस आयोजन में मप्र सहित महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड, बिहार, तमिलनाडु और अमेरिका से जुड़े कलाकारों और विद्यार्थियों ने सहभागिता कर इसे राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्वरूप भी प्रदान किया।




### ताल अंकुर, ताल सुरभि और ताल प्रभा शीर्षक से दी प्रस्तुति

इस आयोजन का सबसे यादगार क्षण वह रहा, जब गुरु मनोज पाटीदार के 100 शिष्यों ने पहली बार भोपाल में एक ही मंच पर सामूहिक तबला वादन प्रस्तुत कर इतिहास रच दिया। कार्यक्रम में ताल अंकुर, ताल सुरभि और ताल प्रभा शीर्षक से सामूहिक तबला प्रस्तुतियां दी गईं।

### संगीत ने मिटाईं दूरियां, अमेरिका से भी जुड़े शिष्य

नादोत्सव की विशेषता यह रही कि विभिन्न राज्यों के साथ अमेरिका से भी विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। कलाकारों ने उठान, पेशकार, कायदे, रेले, टुकड़े, परन और चक्करदार तिहाइयों की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन पुणे के शास्त्रीय गायक विशाल मोघे की प्रस्तुति से हुआ। उनके साथ सारंग फगरे ने तानपुरा एवं सहगायन, मुनि मालवीय ने हारमोनियम तथा मनोज पाटीदार ने तबला संगत कर ऐसी शाम रची, जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930